

भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक
''कलम, बलिदान और स्वाभिमान की परिभाषा''
संस्थापक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

# पंजाब केसरी

युवा भारत युवा अखबार
PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom LD ****
सोमवार 16 सितम्बर, 2024 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 1 आश्विन 2081





Punjab Kesari, Delhi
वर्ष : 41 / अंक : 259
मूल्य ₹ 4.50
16 नेपाली रुपए/हवाई जहाज से ₹ 10.00
पृष्ठ संख्या 12
Ph. : 011-30712200, 45212200

# केजरीवाल के इस्तीफे का ऐलान

## खेल दिया मास्टर स्ट्रोक, जनता के फैसले के बाद ही कुर्सी पर बैठूंगा, दिल्ली के चुनाव जल्द कराने की मांग

**पंजाब केसरी/नई दिल्ली**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि वो दो दिन में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देंगे। इसी के साथ उन्होंने दिल्ली में नवम्बर में चुनाव कराने की भी मांग की है। उन्होंने रविवार को कहा कि मैंने देश के संविधान और गणतंत्र को बचाने के लिए इस्तीफा नहीं दिया था, लेकिन अब दो दिन में इस्तीफा दे दूंगा। मैं तब तक सीएम की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा, जब तक जनता अपना फैसला नहीं सुना देती। अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए इस्तीफे का ऐलान किया। सूत्रों का मानना है कि केजरीवाल ने तिहाड़ में रहते हुए ही इस्तीफा देने का मन बना लिया था।

उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से बीजेपी के सारे षड्यंत्र का मुकाबला करने की ताकत रखते हैं। बीजेपी के आगे हम ना झुकेंगे ना रुकेंगे और ना बिकेंगे। आज दिल्ली के लिए कितना कुछ कर पाए क्योंकि हम ईमानदार हैं। आज ये हमारी इमानदारी से डरते हैं क्योंकि ये ईमानदार नहीं है। मैं 'पैसे से सत्ता और सत्ता से पैसा' इस खेल का हिस्सा बन नहीं आया था। दो दिन बाद मैं सीएम पद से इस्तीफा दूंगा। कानून की अदालत से मुझे इंसाफ मिला, अब जनता की अदालत मुझे इंसाफ देगी। सीएम केजरीवाल ने कहा कि मैं तब तक सीएम की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा, जब तक जनता अपना फैसला नहीं सुना देती। आज से कुछ महीने बाद दिल्ली के चुनाव है, अगर आपको लगता है कि केजरीवाल ईमानदार है, तो आने वाले चुनाव में मेरे पक्ष में वोट दे देना। आपका एक एक वोट मेरी ईमानदारी का सर्टिफिकेट होगा। इन्होंने आरोप लगाया है कि केजरीवाल चोर है, मैं सत्ता का खेल खेलने के लिए नहीं आया था, देश के लिए कुछ करने आया था। जब 14 साल बाद भगवान राम वनवास से लौटे, सीता मैया को अग्निपरीक्षा देनी पड़ी थी। आज मैं जेल से आया हूं और अग्निपरीक्षा देने के लिए तैयार हूं। ये कुछ लोग बोल रहे हैं कि सुप्रीम कोर्ट ने कुछ कंडीशंस लगाई हैं, काम नहीं कर पाएंगे। पिछले 10 साल में इन्होंने कंडीशन लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। हमने बीजेपी के फॉर्मूला को कर दिया फेल' केजरीवाल ने कहा, 'मैं देश के सारे नॉन बीजेपी मुख्यमंत्रियों से हाथ जोड़कर अपील करता हूं, अगर प्रधानमंत्री आप पर फर्जी केस करके आपको जेल में डाले, तो किसी भी हालत में इस्तीफा मत देना। (पढ़ें पृष्ठ 4 पर)




### केजरीवाल के इस्तीफे के मायने

**सीएम लेकिन पावर नहीं:** दिल्ली शराब नीति केस में अरविंद केजरीवाल 177 दिन बाद जेल से जमानत पर बाहर आए। सुप्रीम कोर्ट ने शर्त रखी कि वो CM ऑफिस नहीं जाएंगे और ना ही किसी फाइल पर साइन करेंगे। यानी जेल से बाहर आने और मुख्यमंत्री रहते हुए भी उनके पास पावर नहीं रहा। सरकार कैबिनेट भरोसे चलेगी।

**5 महीने का कार्यकाल बचा:** दिल्ली विधानसभा का कार्यकाल फरवरी 2025 में खत्म हो रहा है। यानी सरकार के पास चुनाव में सिर्फ 5 महीने ही बचे हैं। इस दौरान सरकारें लोकलुभावन चुनावी फैसले लेती हैं। केजरीवाल कोर्ट की शर्तों में बंधे। जेल से छूटने के बाद केजरीवाल के साथ सिंपथी है। दो-तीन महीने पहले दिल्ली में चुनाव की मांग कर केजरीवाल इस सिंपथी को भुनाना चाहेंगे।

**भाजपा का भी जवाब दे सकेंगे:** दिल्ली शराब नीति केस में नाम आने और गिरफ्तारी के बाद से ही भाजपा के नेता अरविंद केजरीवाल से मुख्यमंत्री पद छोड़ने की मांग कर रहे हैं। केजरीवाल ने अब इस्तीफे का ऐलान कर दिया है। अब वे भाजपा नेताओं के हर हमले का जवाब सकेंगे कि मैंने तो इस्तीफा दे दिया।

### कौन होगा नया मुख्यमंत्री?

सीएम केजरीवाल के इस बड़े सियासी दांव के बाद यह भी क्लियर हो गया है कि पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी इस लिस्ट से बाहर हो गए हैं। केजरीवाल ने मंच से पहले ही साफ कर दिया है कि उनकी जगह मनीष सिसोदिया को इस पद पर नहीं बैठाया जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि मेरे इस्तीफा देने के बाद आम आदमी पार्टी का कोई नेता सीएम बनेगा। अगले दो-तीन दिन के अंदर विधायक दल की बैठक होगी। उसमें सीएम के नाम का ऐलान किया जाएगा। मनीष सिसोदिया का भी कहना है वो दिल्ली के डिप्टी सीएम और शिक्षा मंत्री का पद तभी संभालेंगे, जब दिल्ली की जनता कहेगी, सिसोदिया ईमानदार हैं। मेरा और मनीष सिसोदिया का फैसला आपके हाथ में है। हम जनता की अदालत में जा रहे हैं।इसके बाद कयासों का बाजार गर्म हो गया है कि आखिर पार्टी से वो कौन नेता होगा जो इस पद को संभालेगा। संभावितों की लिस्ट में मंत्री आतिशी, सौरभ भारद्वाज और पत्नी सुनीता केजरीवाल का नाम सबसे ऊपर आ रहा है। दिल्ली के मंत्री कैलाश गहलोत भी छुपे हुए रुस्तम साबित हो सकते हैं। अभी कुछ भी कहना इसलिए भी जल्दबाजी होगा क्योंकि दो दिन बाद विधायक दल की बैठक है और सीएम फेस पर मुहर उसी दिन लगेगी।



### इस्तीफे का ऐलान जुर्म का इकबालिया बयान



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे के ऐलान को लेकर बीजेपी ने निशाना साधा है। बीजेपी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि जेल से बाहर आकर ही केजरीवाल ने इस्तीफे की बात क्यों की? उनके इस्तीफे का ऐलान जुर्म का इकबालिया बयान है। ये पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं जो दो मंत्रियों के साथ अपनी ही जेल में रहे हैं। इसके बाद भी उन्होंने पद नहीं छोड़ा।

उन्होंने नैतिकता का ध्यान नहीं रखा। इसके साथ ही बीजेपी ने पूछा आखिर केजरीवाल को इस्तीफे के लिए 48 घंटे का समय क्यों चाहिए? आखिर इसके पीछे का क्या राज है? बीजेपी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा, 'भारत की राजनीति की नई नवेली पार्टी के स्वघोषित कट्टर ईमानदार जेल से बाहर आकर स्वागत करा रहे हैं। ये पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं जो दो मंत्रियों के साथ अपनी ही जेल में रहे हैं। इसके बाद भी उन्होंने पद नहीं छोड़ा। उन्होंने नैतिकता का ध्यान नहीं रखा। अपनी जेल से बाहर आकर आतिशबाजी हुई। उनकी ही सरकार ने आतिशबाजी पर प्रतिबंध लगाया है और उनके ही मुख्यमंत्री ने नियमों का उल्लघंन किया।'

"सबसे अच्छी चीज पाने की जिसकी आकांक्षा होती है, उसे बहुत सी अच्छी चीजें छोड़ देनी पड़ती हैं। -रविन्द्रनाथ टैगोर





आदित्य नारायण चोपड़ा
adityachopra@punjabkesari.com

## केजरीवाल का इस्तीफा!

**दिल्ली** के मुख्यमन्त्री श्री अरविन्द केजरीवाल ने दो दिन के भीतर अपने पद से इस्तीफा देने का ऐलान करके राजधानी की राजनीति में भूचाल लाने का जरूर प्रयास किया है मगर इसे वर्तमान परिस्थितियों के बीच एक ऐसा कदम भी माना जा रहा है जो भविष्य के संभावित राजनैतिक अचम्भे की काट में चला गया है। राजधानी की राजनीति में केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा व केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (आप) के बीच आंख- मिचौली का खेल 2013 से तब से ही चल रहा है जब पहली बार केजरीवाल केवल 49 दिनों के लिए कांग्रेस के समर्थन से मुख्यमन्त्री बने थे। राजनैतिक क्षेत्र में यह चर्चा बहुत गर्म थी कि अरविन्द केजरीवाल को जिन सख्त शर्तों पर सर्वोच्च न्यायालय ने जेल से जमानत पर रिहा किया है उनके मद्देनजर मुख्यमन्त्री के औहदे का रुतबा बहुत नीचे आ गया है अत: भाजपा दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने की सोच रही थी। इसकी वजह यह थी कि जमानत की शर्तों के मुताबिक मुख्यमन्त्री अपनी कुर्सी पर नहीं बैठ सकते थे, किसी फाइल पर दस्तखत नहीं कर सकते थे, सचिवालय नहीं जा सकते थे जिसे भाजपा ने यह संज्ञा दी थी कि 'अदालत से केजरीवाल व्यक्ति के रूप में छूटे हैं एक मुख्यमन्त्री के रूप में नहीं' अत: उसका राष्ट्रपति शासन लगाना दिल्ली के लोगों को वाजिब लगता। कहा जा रहा है कि श्री अरविन्द केजरीवाल ने भाजपा की मंशा भांप कर ही नहले पर दहला मारते हुए अपने पद से 48 घंटे के भीतर इस्तीफा देने की घोषणा कर दी और सबको भौचक्का कर दिया। केजरीवाल ने इसके साथ ही यह भी घोषणा कर दी कि अगला मुख्यमन्त्री पूर्व उपमुख्यमन्त्री मनीष सिसोदिया को भी नहीं चुना जायेगा और इस पद पर किसी अन्य व्यक्ति को बैठाया जाएगा। अत: आप पार्टी में अब अगले मुख्यमन्त्री की खोज भी शुरू हो गई है। बेशक श्री केजरीवाल एक बुद्धिमान राजनीतिज्ञ माने जाते हैं और दिल्ली की जनता में उनकी लोकप्रियता भी सन्देह से परे मानी जाती है। मगर इसके साथ यह भी स्वीकार करना होगा कि दिल्ली के मतदाता भी बुद्धिमत्ता में किसी से कम नहीं हैं। पिछले दिनों हुए लोकसभा चुनावों के दौरान भी सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव प्रचार के लिए श्री केजरीवाल को जमानत पर रिहा किया था। इसमें केजरीवाल ने दिल्ली वालों से अपील की थी कि वे 'जेल के बदले वोट' से चुनावों में उत्तर दें मगर राजधानी की सभी सातों सीटों पर मतदाताओं ने भारतीय जनता पार्टी को जिताया जबकि आप पार्टी का कांग्रेस से गठबन्धन था। अब केजरीवाल ने इस्तीफे का ऐलान करते हुए कहा कि दिल्ली विधानसभा के चुनाव महाराष्ट्र व झारखंड विधानसभाओं के चुनावों के साथ नवम्बर महीने तक कराये जाये और वह अपने पद पर तभी लौटेंगे जब दिल्ली की जनता चुनावों में यह बता देगी कि वह भ्रष्टाचारी हैं या ईमानदार। हालांकि दिल्ली विधानसभा का कार्यकाल 23 फरवरी 2025 तक का है। बेशक केजरीवाल ताल ठोक कर अपने काम पर जनता से वोट मांगने वाले राजनीतिज्ञ हैं और इसमें वह 2013 से लगातार सफलता प्राप्त कर रहे हैं। 2015 के चुनावों में राज्य की 70 सदस्यीय विधानसभा में उनकी पार्टी को 67 सीटें मिली थीं और 2020 के चुनावों में 62 सीटें मिली थी। इससे यह आसानी से अन्दाजा लगाया जा सकता है कि क्षेत्रीय चुनावों में वह दिल्ली वालों की पहली पसन्द है मगर लोकसभा चुनावों में उनकी पार्टी हारती रही है। अत: राष्ट्रीय चुनावों में वह भाजपा से पिछड़ जाते हैं जिसके अपने अलग राजनैतिक कारण हो सकते हैं। अब सवाल यह खड़ा हो रहा है कि केजरीवाल के मुताबिक वह पद छोड़ने के बाद अपने साथी सिसोदिया के साथ दिल्ली की जनता के पास जाएंगे और उससे कहेंगे कि वह बताये कि 'मैं भ्रष्टाचारी हूं या ईमानदार। यदि जनता ईमानदार मानती है तो मुझे वोट दे वरना हरा दे'। यह तो सर्वज्ञात है कि श्री केजीवाल को कथित दिल्ली शराब घोटाले के तहत विभिन्न आरोपों में प्रवर्तन निदेशालय व सीबीआई ने जेल में डाला हुआ था। आप पार्टी का कहना है कि ये सभी आरोप फर्जी हैं और अभी तक एक रुपये की भी बरामदगी किसी भी आप नेता के पास से नहीं हुई है। खैर यह मामला अब सर्वोच्च न्यायालय में है और वही इस बारे में अन्तिम फैसला करेगा परन्तु इतना निश्चित है कि राजनीति में जन अवधारणा की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जिस प्रकार आप पार्टी के विभिन्न नेताओं को शराब नीति मामले में जेल में डाला गया उससे स्वाभाविक है कि जन अवधारणा जरूर प्रभावित हो सकती है अत: केजरीवाल ने जनता का विश्वास जीतने के लिए ही अपने इस्तीफे की घोषणा कर दी है। मगर इसके जवाब में भाजपा का कहना है कि जब मुख्यमन्त्री को लगभग छह महीने पहले जेल भेजा गया था तो उन्हें इस्तीफा तभी देना चाहिए था और सार्वजनिक जीवन में शुचिता कायम करनी चाहिए थी मगर वह जेल में बैठकर भी मुख्यमन्त्री बने रहे और उनकी सरकार चलती रही। दरअसल राजनीति में कभी वह नहीं होता जो ऊपर से दिखाई पड़ता है। इसके अन्तर्निष्ठ 'कारक' हमेशा कुछ और ही होते हैं। मगर यह सत्य है कि लोकतन्त्र में जनता की अदालत ही सबसे बड़ी अदालत होती है अत: केजरीवाल ने अपना मुकदमा जनता की अदालत में ले जाने का फैसला करके एक तीर से कई शिकार मारने की चाल चल दी है।

# देश में लागू होगा 'एक देश, एक चुनाव'

**पंजाब केसरी/नई दिल्ली**

● सरकार को सभी राजनीतिक दलों से समर्थन की उम्मीद

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत मौजूदा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार अपने मौजूदा कार्यकाल में ही 'एक देश, एक चुनाव' को लागू करेगी और उसे भरोसा है कि इस सुधार को सभी दलों का समर्थन मिलेगा। सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर सूत्रों ने बताया कि सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर एकजुटता शेष कार्यकाल में भी बनी रहेगी।एक सूत्र ने बताया, ''निश्चित रूप से, इसे इसी कार्यकाल में क्रियान्वित किया जाएगा। यह एक वास्तविकता होगी।''प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले महीने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से किए गए अपने संबोधन में 'एक देश, एक चुनाव' की जोरदार वकालत की थी और कहा था कि बार-बार चुनाव होने से देश की प्रगति में बाधा उत्पन्न हो रही है। मोदी ने कहा था, ''राष्ट्र को 'एक देश, एक चुनाव' के लिए आगे आना होगा।'' प्रधानमंत्री ने राजनीतिक दलों से ''लाल किले से और राष्ट्रीय तिरंगे को साक्षी मानकर राष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित करने'' का आग्रह किया था। हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा द्वारा जारी चुनाव घोषणापत्र में उसने 'एक देश, एक चुनाव' को प्रमुख वादों के रूप में शामिल किया था।पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित एक उच्च स्तरीय समिति ने इस साल मार्च में पहले कदम के रूप में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की। समिति ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव के 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव कराए जाने की भी सिफारिश की। इसके अलावा, विधि आयोग सरकार के सभी तीन स्तरों लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों जैसे नगर पालिकाओं और पंचायतों के लिए 2029 से एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश कर सकता है। वह सदन में अविश्वास प्रस्ताव या अनिश्चितकाल तक बहुमत नहीं होने की स्थिति में एकता सरकार का प्रावधान करने की सिफारिश कर सकता है।

यात्रा कठिन लेकिन हौंसले बुलंद

## समुद्री मार्ग से दुनिया घूमेंगी नौसेना की दो महिला अफसर

**पंजाब केसरी/नई दिल्ली**



● दोनों कर रही हैं कठिन ट्रेनिंग, अत्यधिक कौशल और सतर्कता की पड़ेगी जरूरत

भारतीय नौसेना की दो महिला अधिकारी, लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए. और लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के. जल्द समुद्री मार्ग से दुनिया का चक्कर लगाएंगी।नौसेना प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने रविवार को बताया कि रूपा और दिलना भारतीय नौसेना के नौकायन जहाज 'आईएनएसवी तारिणी' पर सवार होकर दुनिया का चक्कर लगाने के अभियान पर रवाना होंगी। उन्होंने बताया कि दोनों महिला अधिकारी पिछले तीन साल से 'सागर परिक्रमा' अभियान की तैयारी कर रही हैं।

मधवाल ने कहा, "सागर परिक्रमा एक कठिन यात्रा होगी, जिसके लिए अत्यधिक कौशल, फिटनेस और मानसिक सतर्कता की जरूरत पड़ेगी। दोनों महिला अधिकारी बेहद कठोर प्रशिक्षण ले रही हैं। उनके पास हजारों मील की समुद्री यात्रा का अनुभव है।" मधवाल के मुताबिक, रूपा और दिलना विश्व भ्रमणकर्ता और 'गोल्डन ग्लोब रेस' के नायक कमांडर (सेवानिवृत्त) अभिलाष टॉमी की देखरेख में प्रशिक्षण हासिल कर रही हैं।

उन्होंने बताया कि छह-सदस्यीय चालक दल की सदस्य के रूप में दोनों महिला अधिकारियों ने पिछले साल एक अंतर-महासागरीय अभियान में हिस्सा लिया था, जो गोवा से केप टाउन होते हुए रियो डि जिनेरियो गया था और वापस आया था।

## जादू-टोना के शक में 5 की हत्या

**पंजाब केसरी**/सुकमा

छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल सुकमा जिले के एक गांव में रविवार को जादू-टोना करने के संदेह में दो दंपतियों और एक महिला की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हत्या में कथित संलिप्तता के लिये एक ही गांव के पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है तथा और लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है। सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने यहां बताया कि यह घटना कोंटा थाना क्षेत्र के इतकल गांव में हुई और पीड़ितों की पहचान मौसम कन्ना (34), उसकी पत्नी मौसम बिरी, मौसम बुच्चा (34), उसकी पत्नी मौसम आरजू (32) और एक अन्य महिला करका लच्छी (43) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपियों में सवलम राजेश (21), सवलम हिड़मा, करम सत्यम (35), कुंजम मुकेश (28) और पोडियाम एंका शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने पीड़ितों पर लाठी-डंडों से हमला किया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

## रवनीत बिट्टू ने राहुल को देश का नंबर वन आतंकी बताया

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : बीजेपी नेता और केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर विवादित बयान दिया है। रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को देश के नंबर 1 आतंकी बताया है। बिट्टू ने कहा कि कांग्रेस नेता ने सिखों को बांटने की कोशिश की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सिख किसी दल से जुड़े नहीं हैं। यह चिंगारी लगाने की कोशिश है और राहुल गांधी नंबर एक टेररिस्ट हैं,उन पर तो ईनाम होना चाहिए। केंद्रीय मंत्री यहीं नहीं रुके, उन्होंने कहा कि राहुल गांधी हिंदुस्तानी नहीं हैं। उन्होंने अपना अधिक समय देश के बाहर बिताया है। उनके दोस्त और परिवार वहां हैं। इसलिए उन्हें अपने देश से अधिक प्यार नहीं हैं। राहुल गांधी बाहर जाकर हर चीज को उल्टा-पुल्टा बोलते हैं।

### दिल्ली में डेंगू से पहली मौत, अब तक 650 से अधिक मामले

◆ पढ़ें पृष्ठ 7 पर ◆

### राष्ट्रीय सर्राफा

| | सोना | चांदी |
|---|---|---|
| ● दिल्ली | 24K : 75040 | चांदी तैयार : 92000 |
| ● कोलकाता | 24K : 74890 | चांदी तैयार : 92000 |
| ● मुम्बई | 24K : 74890 | चांदी तैयार : 92000 |
| ● चेन्नई | 24K : 74890 | चांदी तैयार : 97000 |

### विदेशी मुद्रा बनाम रुपया

| करंसी | खरीद | बिक्री |
|---|---|---|
| अमरीकी डालर | 82.05 | 85.73 |
| पौंड स्टर्लिंग | 107.67 | 112.59 |




पीएम की रैली | झामुमो,राजद और कांग्रेस राज्य के सबसे बड़े दुश्मन, ये सभी सत्ता के भूखे हैं

# झामुमो नेतृत्व बंगलादेशियों-रोहिंग्याओं के साथ

**पंजाब केसरी/जमशेदपुर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को झारखंड में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाले गठबंधन पर वोट बैंक की राजनीति के लिए बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं की घुसपैठ को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश से आने वाले घुसपैठिए झारखंड के लिए बड़ा खतरा हैं क्योंकि उनकी वजह से राज्य के संथाल परगना और कोल्हान क्षेत्रों की जनसांख्यिकी बदल रही है।

प्रधानमंत्री ने यहां गोपाल मैदान में भाजपा की 'परिवर्तन महारैली' को संबोधित करते हुए कहा, बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठिए संथाल परगना और कोल्हान क्षेत्रों के लिए बड़ा खतरा बन गए हैं। इन क्षेत्रों की जनसांख्यिकी तेजी से बदल रही है। आदिवासी आबादी घट रही है। घुसपैठिए पंचायत प्रणाली पर नियंत्रण स्थापित कर रहे हैं, जमीन हड़प रहे हैं, राज्य की बेटियों पर अत्याचार कर रहे हैं...हर झारखंडवासी असुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि झामुमो घुसपैठियों का समर्थन कर रही है और तथ्य यह है कि पड़ोसी देश से आए अवैध अप्रवासी राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी पर प्रभाव स्थापित करने में कामयाब हो गए हैं।मोदी ने झामुमो, राजद और कांग्रेस को ''झारखंड का सबसे बड़ा दुश्मन'' करार देते हुए कहा कि ये पार्टियां ''सत्ता की भूखी'' हैं और ''वोट बैंक की राजनीति में लिप्त'' हैं। मोदी को हेलीकॉप्टर से जमशेदपुर पहुंचना था, लेकिन खराब मौसम के कारण उनका हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका जिसके कारण उन्हें सड़क मार्ग से जमशेदपुर पहुंचना पड़ा। उन्होंने कहा, भारी बारिश समेत कोई भी बाधा मुझे आप तक पहुंचने से नहीं रोक सकी, मैं आपके स्नेह से अभिभूत हूं। उन्होंने यह भी कहा कि इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा राज्य में सत्ता में आने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, 'अगर भाजपा सत्ता में आती है तो वह आबकारी कांस्टेबल भर्ती अभियान के दौरान अभ्यर्थियों की मौतों के मामले की जांच कराएगी।



### गरीबों का विकास प्राथमिकता

(पढ़ें पृष्ठ 3 पर)

### चंपाई सोरेन पर भी बोले पीएम मोदी

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा, 'आज झारखंड का गरीब आदिवासी पूछ रहा है... क्या चंपाई सोरेन जी आदिवासी नहीं थे? क्या वह एक गरीब परिवार से नहीं आते थे? लेकिन जिस तरह उन्हें अपमानित किया गया, जिस तरह मुख्यमंत्री की कुर्सी कब्जाने के लिए उन्हें अपमानित करके हटाया गया, उससे हर गरीब आदिवासी के दिल को गहरी चोट पहुंची है।' प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि झामुमो ने पेट्रोल-डीजल देने की योजना का वादा किया था। आप में से किसी को पेट्रोल डीजल मिल रहा है क्या? नहीं मिल रहा ना? क्योंकि यह योजना भी झूठा दिलासा था। उसे भी दो महीने में बंद कर दिया गया। अभी ये महिलाओं को पैसे देने के नाम पर गरीबों को फंसाने के लिए नए-नए तिकड़म लग रहे हैं।

# जनगणना की तैयारी शुरू, जाति जनगणना पर अभी निर्णय नहीं



● भारत में 1881 से हर 10 वर्ष में जनगणना की जाती है

● नये आंकड़े नहीं होने के कारण 2011 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर नीतियां बन रही हैं

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): सरकार ने दशकीय जनगणना कराने की तैयारी शुरू कर दी है, लेकिन इस प्रक्रिया में जाति संबंधी 'कॉलम' शामिल करने पर अभी निर्णय नहीं लिया गया है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।एक सूत्र ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर बताया कि दशकीय जनगणना जल्द ही कराई जाएगी। भारत में 1881 से हर 10 वर्ष में जनगणना की जाती है।

इस दशक की जनगणना का पहला चरण 1 अप्रैल, 2020 को शुरू होने की उम्मीद थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे स्थगित करना पड़ा।पिछले वर्ष संसद द्वारा पारित महिला आरक्षण अधिनियम का कार्यान्वयन भी दशकीय जनगणना से जुड़ा हुआ है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित करने संबंधी कानून इस अधिनियम के लागू होने के बाद होने वाली पहली जनगणना के प्रासंगिक आंकड़ों के आधार पर परिसीमन की प्रक्रिया शुरू होने के बाद लागू होगा। दशकीय जनगणना में जाति संबंधी कॉलम शामिल करने के बारे में पूछे जाने पर सूत्र ने कहा, इस पर निर्णय होना अभी बाकी है। राजनीतिक दल जाति जनगणना कराने की पुरजोर तरीके से मांग कर रहे हैं।

नये आंकड़े नहीं होने के कारण सरकारी एजेंसियां अब भी 2011 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर नीतियां बना रही हैं और सब्सिडी आवंटित कर रही हैं। जनगणना के तहत घरों को सूचीबद्ध करने का चरण और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) को अद्यतन करने का कार्य 1 अप्रैल से 30 सितंबर, 2020 तक पूरे देश में किया जाना था, लेकिन कोविड-19 के प्रकोप के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि पूरी जनगणना और एनपीआर प्रक्रिया पर सरकार के 12,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने की संभावना है। यह पहली डिजिटल जनगणना होगी, जिसके जरिए नागरिकों को स्वयं गणना करने का अवसर मिलेगा। इसके लिए जनगणना प्राधिकरण ने एक स्व-गणना पोर्टल तैयार किया है, जिसे अभी लॉन्च नहीं किया गया है।स्व-गणना के दौरान आधार या मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से एकत्र किया जाएगा।

## जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करना केंद्र की प्राथमिकता

**नई दिल्ली,**(पंजाब केसरी): जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की एक 'प्रमुख प्राथमिकता' है और यह जल्द ही किया जाएगा। विश्वसनीय सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि साथ ही भारत के पड़ोस में होने वाली घटनाओं को भी ध्यान में रखना जाएगा। सूत्र ने कहा, सरकार जल्द से जल्द जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह मोदी सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। उम्मीद है कि यह काम जल्द से जल्द हो जाएगा।हालांकि, सूत्र ने कहा कि सरकार को जम्मू-कश्मीर पर निर्णय लेते समय पड़ोस में क्या हो रहा है, इसे ध्यान में रखना होगा।तीन चरणों में होने वाले जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में दिलचस्प चुनावी मुकाबला होने के आसार है। भाजपा, कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, कई छोटे दल और दो दर्जन से अधिक स्वतंत्र उम्मीदवार मैदान में हैं। सूत्र ने इस संभावना से इनकार किया कि भाजपा बारामुला के सांसद इंजीनियर राशिद की अवामी इत्तेहाद पार्टी के साथ गठबंधन करेगी, जिन्हें हाल ही में जमानत पर रिहा किया गया है। सूत्र ने कहा, जम्मू-कश्मीर में नतीजे आने के बाद इंजीनियर राशिद की पार्टी के साथ भाजपा का गठबंधन करने का कोई सवाल ही नहीं है। इंजीनियर यूएपीए के तहत आरोपी हैं। भाजपा राशिद की पार्टी के साथ गठबंधन नहीं कर सकती।

● भारत के पड़ोस में होने वाली घटनाओं को भी ध्यान में रखा जाएगा

## भारत से 'गलतफहमियां' दूर हुईं : मालदीव के विदेश मंत्री

● जमीर ने कहा-हमारे भारत और चीन से अच्छे रिश्ते हैं तथा दोनों देशों ने मालदीव का समर्थन करना जारी रखा है

**माले,** (भाषा): मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने स्वीकार किया है कि राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के नेतृत्व वाली सरकार के शुरुआती दिनों में भारत-मालदीव संबंध कठिन दौर से गुजरे, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि दोनों देशों ने 'गलतफहमियां' दूर कर ली हैं। जमीर ने शुक्रवार को श्रीलंका की यात्रा के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने चीन और भारत सहित अन्य प्रमुख सहयोगियों के साथ अच्छे रिश्ते कायम करने के महत्व पर जोर दिया।

जमीर ने कहा कि भारत के साथ संबंधों में चुनौतियों का सामना करना पड़ा, खास तौर पर मालदीव से भारतीय सैनिकों की एक छोटी टुकड़ी हटाने के राष्ट्रपति मुइज्जू के अभियान के बाद से। उन्होंने कहा कि मालदीव से भारतीय सैनिकों की वापसी के बाद दोनों देशों के बीच 'गलतफहमियां' दूर हो गई हैं। 'द एडिशन' समाचार पत्र ने जमीर के हवाले से लिखा, ''आप जानते ही हैं, हमारी सरकार के शुरुआती दिनों में (भारत के साथ) कुछ तल्खी थी। हमारे भारत और चीन से अच्छे रिश्ते हैं तथा दोनों देशों ने मालदीव का समर्थन करना जारी रखा है।'' मुइज्जू को चीन के प्रति झुकाव रखने के लिए जाना जाता है। उनके राष्ट्रपति पद पर काबिज होने के बाद भारत-मालदीव संबंध में खटास पैदा होने लगी। शपथ लेने के कुछ ही घंटों के भीतर मुइज्जू ने भारत से मालदीव को उपहार में दिए गए तीन सैन्य प्लेटफॉर्म पर तैनात भारतीय सैनिकों को वापस बुलाने की मांग की थी। दोनों पक्षों के बीच बातचीत के बाद भारतीय सैनिकों की जगह वहां तकनीकी कर्मियों की तैनाती की गई थी। मालदीव के तीन उप मंत्रियों द्वारा सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी किये जाने के बाद दोनों देशों के रिश्तों में तनाव और बढ़ गया। मालदीव के विदेश मंत्रालय ने खुद को इन टिप्पणियों से अलग कर लिया। बाद में, ये तीनों मंत्री भी निलंबित कर दिए गए।

## भारतीय वैज्ञानिकों ने बनाया सौर विमान

● 90 दिन तक हवा में रहकर कर सकता है दुश्मन की निगरानी

**बंगलूरू,** (पंजाब केसरी): भारत के वैज्ञानिकों ने युद्ध के दौरान दुश्मन की निगरानी और टोह लेने के लिए सौर विमान बनाया है। यह विमान लगातार 90 दिन तक हवा में रह सकता है। इसकी खासियत है कि यह दुश्मन पर नजर रखने के साथ ही पेलोड ले जाने में सक्षम है। नेशनल एयरोस्पेस लेबोरेटरीज (एनएएल) बंगलूरू के वैज्ञानिक इसका परीक्षण कर रहे हैं। वैज्ञानिकों ने इसे 10 घंटे तक सफलतापूर्वक उड़ाकर परीक्षण कर भी लिया है। एनएएल द्वारा विकसित यह सौर विमान पूरी तरह से मानव रहित है। यह 17-20 किमी तक की ऊंचाई तक उड़ान भरने के साथ ही आसमान में दिन रात संचालन करने में सक्षम है। एनएएल के मुताबिक सौर विमान युद्ध के समय सतत निगरानी के साथ ही वायु रक्षा हथियार के रूप में काम कर सकता है। इस साल की शुरुआत में औद्योगिक अनुसंधान परिषद और राष्ट्रीय एयरोस्पेस प्रयोगशाला ने कर्नाटक के चल्लकेरे में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की वैमानिकी परीक्षण रेंज में हाई एल्टीट्यूड स्यूडो सैटेलाइट यानि सौर विमान का परीक्षण किया था। इस दौरान विमान में पेलोड और सभी उड़ान उपकरण लगाए गए थे। एनएएल के एचएपीएस कार्यक्रम प्रमुख डॉ. एल वेंकटकृष्णन ने बताया कि सौर विमान आकाश में रहकर निगरानी करने में सक्षम है।

## मेरठ मकान हादसे में मृतक संख्या 10 हुई



**लखनऊ,मेरठ,** (पंजाब केसरी): उत्तर प्रदेश में मेरठ की जाकिर कॉलोनी में तीन मंजिला मकान गिरने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।मेरठ जिला प्रशासन की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, जाकिर कॉलोनी में तीन मंजिला मकान गिरने से 10 लोगों की मौत हो गई और अभी एक व्यक्ति के मलबे में दबे होने की आशंका है। घटनास्थल पर बचाव कार्य जारी है।बयान के अनुसार, मृतकों की पहचान साजिद (40), पुत्री सानिया (15), पुत्र साकिब (11), सिमरा (डेढ़ वर्ष), रीजा (सात), नफ्फो (63), फरहाना (20), अलीशा (18), आलिया (छह) और रिम्सा (पांच माह) के रूप में की गई है।

दुर्घटना में घायल हुए नईम (22), नदीम (26), साकिब (20) और साइना (38) का लाला लाजपत राय मेमोरियल मेडिकल कॉलेज में इलाज जारी है। प्रशासन ने बयान में कहा कि घायल सोफियान (छह) की हालत स्थिर है। इस बीच मेरठ के जिलाधिकारी (डीएम) दीपक मीणा ने संवाददाताओं को बताया कि, '' जब (घटना के बाद) बचाव अभियान शुरू हुआ था, तो रिश्तेदारों ने 15 लोगों के बारे में जानकारी दी थी। अब तक मरने वालों की संख्या 10 हो गयी है। पांच लोगों का उपचार जारी है।' उन्होंने कहा कि ''जब तक पूरा मलबा हटा नहीं लिया जाता तब तक बचाव अभियान जारी रहेगा।'' डीएम ने कहा कि, ''शवों का मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम किया जा रहा है।'' इससे पहले, राज्य के राहत आयुक्त कार्यालय की ओर से सुबह जारी एक बयान में कहा गया था, ''मकान के अचानक ढहने से मलबे में 15 लोग दब गए। अब तक कुल 13 लोगों को मलबे से निकाला जा चुका है जिनमें से आठ की मौत हो गई, पांच घायलों को लाला लाजपत राय मेमोरियल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

## संदीप घोष और एसएचओ अभिजीत मंडल 17 तक सीबीआई की हिरासत में

**कोलकाता,** (पंजाब केसरी): आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और ताला थाना प्रभारी अभिजीत मंडल को कोलकाता की एक अदालत ने रविवार को 17 सितंबर तक केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की हिरासत में भेज दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

घोष और मंडल दोनों को इस सरकारी अस्पताल में एक महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या के सिलसिले में केंद्रीय एजेंसी ने यहां एक अदालत में पेश किया।अधिकारी ने कहा, ''हमें 17 सितंबर तक तीन दिन के लिए उनकी हिरासत मिली है। अब दोनों से एक साथ पूछताछ की जाएगी। दोनों ने आरजी कर मामले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।'' मामले की जांच कर रही सीबीआई ने शनिवार शाम मंडल को गिरफ्तार किया था और घोष के खिलाफ सबूतों से छेड़छाड़ का आरोप भी जोड़ा था।

## महिला चिकित्सक हत्याकांड के खिलाफ कोलकाता में रैलियां



**कोलकाता,** (पंजाब केसरी): स्थानीय आरजी कर अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला चिकित्सक से बलात्कार के बाद उसकी हत्या की घटना के खिलाफ रविवार को यहां प्रदर्शन किया गया और रैलियां निकाली गईं।

सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों ने बारिश के बीच हाथों में तख्तियां लेकर जादवपुर 8बी बस स्टैंड से दक्षिण कोलकाता के गोलपार्क तक मार्च निकाला। ये सभी पूर्व सैन्य अधिकारी पुरुलिया सैनिक स्कूल के पूर्व छात्र (एलुमनी) थे। शहर के मध्य भाग में स्थित वेलिंगटन में कलकत्ता गर्ल्स हाई स्कूल की पूर्व छात्राओं ने भी एक रैली निकाली और मृतका के लिए न्याय की गुहार लगाई। कार्यस्थल पर सुरक्षा की मांग को लेकर सैकड़ों नर्स ने साल्ट लेक के करुणामयी में रैली निकाली तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा की मांग की। पिछले महीने आरजी कर अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला चिकित्सक से कथित तौर पर बलात्कार के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी।

## केजरीवाल का फैसला 'क्रांतिकारी': मान



**चंडीगढ़,** (पंजाब केसरी): पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे के फैसले को क्रांतिकारी करार दिया और इसे उनकी ईमानदारी और जनता के प्रति प्रतिबद्धता बताया। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दो दिन बाद इस्तीफा देने की घोषणा करते हुए राष्ट्रीय राजधानी में समय पूर्व चुनाव कराने की मांग की। उन्होंने कहा,''जब तक लोग उन्हें 'ईमानदारी का प्रमाणपत्र' नहीं दे देते, तब तक वह मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे।''आबकारी नीति से जुड़े मामले में शुक्रवार को तिहाड़ जेल से जमानत पर रिहा हुए केजरीवाल ने कहा कि अगले कुछ दिन में आम आदमी पार्टी के विधायकों की बैठक होगी और पार्टी के एक नेता को मुख्यमंत्री पद के लिए चुना जाएगा। मान ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल जी ने दो दिन बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने का ऐलान किया है।

### राजनीति में आने से मना किया था : अन्ना हजारे



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने रविवार को बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि वह दो दिन बाद अपने पद से इस्तीफा दे देंगे। केजरीवाल के इस बड़े ऐलान पर सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे की प्रतिक्रिया सामने आई है। अन्ना ने कहा कि केजरीवाल ने कभी उनकी बात नहीं सुनी। आज जो होना था वह हो गया। हमने कई वर्षों तक साथ काम किया है। मैंने उनसे शुरू में कहा था कि आपको राजनीति में नहीं आना चाहिए। आपको लोगों की सेवा करनी चाहिए। अरविंद केजरीवाल के इस्तीफा देने की घोषणा पर संवाददाताओं ने जब अन्ना हजारे से सवाल किया तो उन्होंने कहा- 'मैंने उनसे पहले ही कहा था कि राजनीति में नहीं जाना, समाज की सेवा करो, बहुत बड़ा आदमी बन जाओगे। हम लोग कई साल साथ रहे। मैं बार-बार कह रहा था कि राजनीति में नहीं जाना। समाज सेवा जीवन में आनंद देती है।

## चंडीगढ़ विस्फोट मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**चंडीगढ़,** (पंजाब केसरी): चंडीगढ़ के सेक्टर-10 स्थित एक मकान में विस्फोट की घटना में एक और संदिग्ध को रविवार को गिरफ्तार किया गया। पंजाब पुलिस ने यह जानकारी दी।पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि आरोपी विशाल मसीह को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। वह गुरदासपुर के बटाला के रायमल गांव का निवासी है। ऑटो रिक्शा से आए दो संदिग्धों ने 11 सितंबर को सेक्टर 10 स्थित एक घर पर ग्रेनेड से विस्फोट किया था।पुलिस ने विस्फोट की घटना में शामिल मुख्य अपराधी रोहन मसीह को 13 सितंबर को गिरफ्तार किया था। यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''पंजाब पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर चंडीगढ़ ग्रेनेड विस्फोट घटना के 72 घंटे के अंदर दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।''

## गडकरी ने विपक्ष के जरिए पीएम बनने की इच्छा जताई थी



● विपक्षी गठबंधन में कई ऐसे नेता हैं जोकि देश का नेतृत्व करने में सक्षम हैं

**मुंबई,** (पंजाब केसरी): केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने दावा किया है कि विपक्ष के नेता की ओर से उन्हें प्रधानमंत्री पद के लिए समर्थन का प्रस्ताव मिला था। जिसके जवाब में शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने पलटवार करते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन में कई ऐसे नेता हैं जोकि देश का नेतृत्व करने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि गडकरी विपक्ष के जरिए अपनी पीएम बनने की इच्छा को जाहिर कर रहे थे। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि नितिन गडकरी जी ने प्रधानमंत्री बनने की अपने दिल की इच्छा को विपक्ष के नेता के नाम का बहाना लेकर जाहिर किया है। वह मोदीजी को संदेश भेज रहे हैं। इंडिया गठबंधन में कई सक्षम नेता हैं जो देश का नेतृत्व कर सकते हैं। हमें भाजपा से नेता उधार लेने की जरूरत नहीं है। नितिन जी आपने अच्छा खेला है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने हाल ही में दावा किया कि एक विपक्षी नेता ने उन्हें 2024 के आम चुनावों से पहले प्रधानमंत्री पद की पेशकश की थी। हालांकि उन्होंने कहा कि उन्होंने इस प्रस्ताव को मैंने अस्वीकार कर दिया। गडकरी ने उस व्यक्ति की पहचान का खुलासा नहीं किया, लेकिन संकेत दिया कि वह एक वरिष्ठ नेता था।

### गडकरी को पीएम पद का ऑफर देना गलत नहीं



लोकसभा चुनाव 2024 के कई महीने बाद केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के एक नेता ने उन्हें पीएम पद का ऑफर दिया था। उनके इस बयान के बाद राजनीति गरमा गई है। शिवसेना नेता संजय राउत ने रविवार को इस पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, नितिन गडकरी भाजपा के सबसे सर्वमान्य नेता हैं और मुझे नहीं लगता कि किसी ने उनसे प्रधानमंत्री पद के लिए पैरवी करने को कहा होगा। जिस तरह से इस देश में तानाशाही चल रही है और जिस तरह से दस साल पहले आपातकाल की शुरुआत हुई थी। उन्हें अगर यह सलाह किसी ने दी है, विपक्ष के किसी नेता ने दी है तो मुझे इसमें कुछ भी गलत नहीं लगता। संजय राउत ने कहा, मुझे लगता है कि अगर कोई मौजूदा सरकार में रहते हुए भी इस देश के मूल्यों, लोकतंत्र, न्यायपालिका और स्वतंत्रता से नहीं जुड़ता है, तो यह राष्ट्रीय अपराध है।

### मुख्यमंत्री बनने की आकांक्षा कभी नहीं रखी: उद्धव

**अहमदनगर,** (पंजाब केसरी): शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे ने रविवार को कहा कि उन्होंने महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने की आकांक्षा कभी नहीं रखी। आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री पद के चेहरे के साथ उतरने के प्रति महा विकास आघाडी (एमवीए) सहयोगियों की अनिच्छा की पृष्ठभूमि में उनका यह बयान सामने आया है। अहमदनगर में प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए ठाकरे ने कहा कि उनकी (नवंबर) 2019 में भी मुख्यमंत्री बनने की इच्छा नहीं थी। ठाकरे ने कहा, ''चाहे मैं सत्ता में रहूं या नहीं, मैं लोगों के समर्थन से सशक्त महसूस करता हूं।






## कठुआ में आतंकियों से मुठभेड़, आतंकी घायल



**जम्मू,** (पंजाब केसरी): जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के एक वन क्षेत्र में रविवार को आतंकियों और पुलिस के बीच ताजा मुठभेड़ शुरू हो गई, जबकि पुंछ जिले में गत रात से चल रही मुठभेड़ समाप्त हो गई, जिसमें एक आतंकवादी के घायल होने की आशंका है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।अधिकारियों ने बताया कि आज दोपहर कठुआ जिले के बानी इलाके के नुकनाली नाला में पुलिस के तलाशी दल पर आतंकवादियों ने गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि पुलिस दल ने जवाबी गोलीबारी की और अंतिम खबर मिलने तक वहां मुठभेड़ जारी थी। आतंकियों की घेराबंदी करने तथा उन्हें निष्क्रिय करने में मदद के लिए अतिरिक्त बल भेजा गया है। पुंछ में अधिकारियों ने बताया कि मेंढर उपमंडल के गुरसाई टॉप के निकट पठानतीर इलाके में रातभर चली मुठभेड़ दोपहर के आसपास समाप्त हो गई। उन्होंने बताया कि मुठभेड़स्थल के पास खून के धब्बे मिले हैं जिससे पता चलता है कि एक आतंकवादी घायल हो गया है। उन्होंने बताया कि इलाके की घेराबंदी अब भी जारी है और आतंकवादियों की तलाश के लिए तलाशी अभियान शुरू किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि दो से तीन आतंकियों की मौजूदगी की गोपनीय सूचना मिलने के बाद पुलिस और सेना ने शनिवार शाम को इलाके में संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षा कर्मियों पर गोलीबारी की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।

# गरीबों का विकास प्राथमिकता : मोदी

**रांची,** (पंजाब केसरी): प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि आदिवासियों, गरीबों, दलितों, महिलाओं और युवाओं का विकास करना केंद्र की प्राथमिकता है और उनके लाभ के लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं।मोदी ने कहा कि विकास के मामले में पीछे रहा झारखंड इन परियोजनाओं के शुरू होने से तेजी से प्रगति करेगा।मोदी ने छह वंदे भारत ट्रेन और कई परियोजनाओं की शुरुआत के लिए टाटानगर में एकत्र लोगों को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा, ''झारखंड विकास में पिछड़ रहा था, लेकिन अब कई परियोजनाएं इसे प्रगति की ओर अग्रसर करेंगी। अब केंद्र की प्राथमिकता आदिवासियों, गरीबों, युवाओं, महिलाओं और दलितों का विकास करना है।''प्रधानमंत्री ने टाटानगर न पहुंच पाने के लिए लोगों से माफी मांगते हुए कहा, ''मेरा हेलीकॉप्टर खराब मौसम के कारण रांची से उड़ान नहीं भर सका।''

उन्होंने कहा कि रेल और अन्य परियोजनाओं के जरिए पूर्वी क्षेत्र में उद्योग, पर्यटन, आर्थिक वृद्धि और विकास को बढ़ावा मिलेगा।मोदी ने कहा, ''केंद्र ने झारखंड के विकास के लिए निवेश बढ़ाया है। झारखंड को रेलवे के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए इस साल 7,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। अगर हम पिछले 10 वर्ष के बजट की तुलना करें तो यह 16 गुना अधिक है।''

## पीएम ने रांची में छह वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रांची में रविवार को डिजिटल माध्मय से झारखंड, ओडिशा, बिहार और उत्तर प्रदेश के लिए छह वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री का टाटानगर से इन ट्रेन को हरी झंडी दिखाने का कार्यक्रम था लेकिन कम दृश्यता और खराब मौसम की वजह से उनका हेलीकॉप्टर उड़ान नही भर सका। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार टाटानगर स्टेशन पर उपस्थित थे। ये नयी ट्रेन टाटानगर-पटना, ब्रह्मपुर-टाटानगर, राउरकेला-हावड़ा, देवघर-वाराणसी, भागलपुर-हावड़ा और गया-हावड़ा मार्गों पर चलेंगी। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि ये ट्रेन आवागमन के समय को कम करने में मदद करेंगी। इन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन से नियमित यात्रियों, पेशेवरों, व्यापारियों और छात्र समुदायों को लाभ होगा। ये रेलगाड़ियां देवघर (झारखंड) में बैद्यनाथ धाम, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में काशी विश्वनाथ मंदिर, कालीघाट, कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में बेलूर मठ जैसे तीर्थ स्थलों तक आवागमन का समय कम करके क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद करेंगी।

## 32,000 पीएमएवाई-जी लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र जारी किए

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत 32,000 लाभार्थियों को रविवार को डिजिटल माध्यम से स्वीकृति पत्र वितरित किए और मकानों के निर्माण के लिए 32 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की। उन्होंने देशभर में पीएमएवाई-जी के 46,000 लाभार्थियों को डिजिटल माध्यम से चाबियां भी सौंपीं। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि सभी के लिए आवास मुहैया कराने की प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रधानमंत्री ने झारखंड के 32,000 प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए। उन्होंने लाभार्थियों को सहायता की पहली किस्त जारी की। प्रधानमंत्री ने 46,000 लाभार्थियों के 'गृह प्रवेश'' समारोह में भी भाग लिया। केंद्र ने पीएमएवाई-जी योजना के तहत झारखंड में गरीबों के लिए 1,13,400 मकानों को मंजूरी दी है। मोदी ने रांची से लाभार्थियों को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि पीएमएवाई-जी की पहली किस्त जारी कर दी गई है और योजना के तहत हजारों मकान भी सौंपे गए हैं। बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) की पहली किस्त आज जारी की जा रही है, जिसके तहत हजारों लाभार्थियों को पक्के घर मिलेंगे।

# आरक्षण संबंधी बयान पर उपराष्ट्रपति ने राहुल गांधी पर निशाना साधा





**मुंबई,** (पंजाब केसरी): उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरक्षण से संबंधित बयान को लेकर उन पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति की ऐसी टिप्पणी ''संविधान विरोधी मानसिकता'' को दर्शाती है। धनखड़ ने मुंबई में एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि भारत के संविधान के बारे में जागरूकता की अत्यधिक आवश्यकता है, क्योंकि कुछ लोग इसकी मूल भावना को भूल गए हैं।

**संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति संविधान विरोधी मानसिकता का पता चलता है**

उन्होंने कहा कि संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति का विदेशी धरती पर यह कहना कि आरक्षण समाप्त कर दिया जाना चाहिए, संविधान विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। यह वही पुरानी संविधान विरोधी मानसिकता है, बस इसकी जिम्मेदारी किसी और ने ले ली है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आरक्षण योग्यता के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह देश और संविधान की आत्मा है। यह सकारात्मक है, नकारात्मक नहीं। यह किसी को अवसर से वंचित नहीं करता, बल्कि समाज को ताकत देने वाले स्तंभों को सहारा देता है। हाल ही में अमेरिका की यात्रा के दौरान, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने कहा था कि कांग्रेस आरक्षण खत्म करने के बारे में तभी सोचेगी, जब देश में सभी को समान अवसर मिलने लगेंगे और फिलहाल भारत में ऐसी स्थिति नहीं है।

## क्या धनखड़ आरक्षण पर राहुल की मांग का समर्थन करते हैं? : कांग्रेस

कांग्रेस ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से रविवार को सवाल किया कि क्या वह अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण पर लागू 50 फीसदी की सीमा हटाने की पार्टी नेता राहुल गांधी की मांग का समर्थन करते हैं? पार्टी ने आरक्षण पर राहुल की टिप्पणी को लेकर उन पर निशाना साधने वाले धनखड़ पर पलटवार करते हुए यह सवाल पूछा। धनखड़ ने कहा था कि एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति का विदेशी धरती पर यह कहना कि आरक्षण खत्म किया जाना चाहिए, संविधान विरोधी मानसिकता को रेखांकित करता है।आरक्षण के खिलाफ पूर्वाग्रहों की कमान आगे बढ़ा दी गई है। यह वही पुरानी संविधान विरोधी मानसिकता है। मुंबई में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा था कि आरक्षण योग्यतातंत्र के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह देश और संविधान की आत्मा है। यह एक सकारात्मक पहल है, न कि नकारात्मक। यह किसी को अवसर से वंचित करना नहीं है, बल्कि उन लोगों का हाथ थामना है, जो समाज के शक्ति स्तंभ हैं।

# 4 घंटे इंडिगो के विमान में इंतजार करते रहे यात्री

- मुंबई-दोहा उड़ान तकनीकी समस्या के कारण आखिरकार रद्द करनी पड़ी

**मुंबई,** (पंजाब केसरी) : मुंबई से दोहा जाने वाली 'इंडिगो' की एक उड़ान के यात्रियों को रविवार को विमान के अंदर चार घंटे से अधिक समय तक इंतजार करना पड़ा क्योंकि तकनीकी समस्या के कारण उड़ान में देरी हुई। कुछ यात्रियों ने सोशल मीडिया पर शिकायत की कि उन्हें उड़ान में देरी के कारण काफी देर तक विमान में ही इंतजार करना पड़ा। इस विमान को रविवार तड़के उड़ान भरनी थी। सूत्रों ने बताया कि अब इस विमान के शाम सात बजकर 45 मिनट पर मुंबई हवाई अड्डे से उड़ान भरने की उम्मीद है। एयरलाइन कंपनी 'इंडिगो' ने कहा कि मुंबई से दोहा के लिए उड़ान भरने वाली इसकी उड़ान संख्या- 6ई 1303 में तकनीकी कारणों से देरी हुई। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि विमान ने कई बार अपने गंतव्य के लिए उड़ान भरने की कोशिश की, लेकिन विभिन्न प्रक्रियाओं के चलते बार-बार होने वाली देरी के कारण अंततः इसे रद्द करना पड़ा।'' असुविधा के लिए खेद जताते हुए 'इंडिगो' ने कहा कि उसकी हवाईअड्डा टीम ने प्रभावित यात्रियों को तुरंत सहायता प्रदान की तथा उनके लिए जलपान और आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की। रविवार की सुबह विमान में सवार एक यात्री ने 'एक्स' पर बताया कि तकनीकी समस्या के कारण विमान चार घंटे से अटका हुआ है और आव्रजन अधिकारी यात्रियों को विमान से उतरने की अनुमति भी नहीं दे रहे हैं।

# छूट हासिल करने के लिए वकीलों के झूठे बयानों से भड़का सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उच्चतम न्यायालय ने दोषियों की समय-पूर्व रिहाई सुनिश्चित करने के लिए वकीलों द्वारा अदालत के समक्ष और याचिकाओं में भी बार-बार झूठे बयान देने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि जब इस तरह के मामले सामने आते हैं, तो हमारा विश्वास डगमगा जाता है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने अपने हालिया आदेश में अपनी पीड़ा बयां की है और कहा है कि पिछले तीन हफ्तों में उनके सामने ऐसे कई मामले आए हैं, जिनमें झूठी दलीलें दी गयी हैं। पीठ ने हाल ही में अपलोड किए गए 10 सितंबर के अपने आदेश में कहा कि इस अदालत में बड़ी संख्या में याचिकाएं दायर की जा रही हैं, जिनमें स्थायी छूट न दिए जाने की शिकायत की गई है। पिछले तीन हफ्तों के दौरान, यह छठा या सातवां मामला है, जिसमें याचिका में स्पष्ट रूप से झूठे बयान दिए गए हैं।

# हिंदू विश्व का सबसे उदारतम मानव : मोहन भागवत



**जयपुर,** (पंजाब केसरी) : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने हिंदू धर्म को सबके कल्याण की कामना करने वाला विश्व धर्म बताते हुए रविवार को कहा कि हिंदू का मतलब विश्व का सबसे उदारतम मानव... जो सब कुछ स्वीकार करता है।इसके साथ ही उन्होंने स्वयंसेवकों से सामाजिक समरसता के माध्यम से बदलाव लाने का आह्वान करते हुए कहा कि हमें छुआछूत के भाव को पूरी तरह मिटा देना है। डॉ. भागवत अलवर के इन्दिरा गांधी खेल मैदान में स्वयंसेवकों के एकत्रीकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, ''हमारे राष्ट्र को समर्थ करना है। हमने प्रार्थना में ही कहा है कि यह हिंदू राष्ट्र है क्योंकि हिंदू समाज इसका उत्तरदायी है।इस राष्ट्र का अच्छा होता है तो हिंदू समाज की कीर्ति बढ़ती है।इस राष्ट्र में कुछ गड़बड़ होता है तो इसका दोष हिंदू समाज पर आता है क्योंकि वे ही इस देश के कर्ताधर्ता हैं।'' उन्होंने कहा कि राष्ट्र को परम वैभव संपन्न और सामर्थ्यवान बनाने का काम पुरुषार्थ के साथ करने की आवश्यकता है और हमें समर्थ बनना है, जिसके लिए पूरे समाज को योग्य बनाना पड़ेगा।उन्होंने कहा, ''जिसे हम हिंदू धर्म कहते हैं यह वास्तव में मानव धर्म है, विश्व धर्म है और सबके कल्याण की कामना लेकर चलता है।हिंदू का मतलब विश्व का सबसे उदारतम मानव, जो सब कुछ स्वीकार करता है, सबके प्रति सद्भावना रखता है।



केजरीवाल व सिसोदिया की भरोसेमंद आतिशी संभाल रही सबसे ज्यादा जिम्मेदारी

# सीएम पद की रेस में आतिशी सबसे आगे!

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा रविवार को इस्तीफा दे देने की घोषणा करने के बाद अब गलियारों में नए मुख्यमंत्री के नाम पर चर्चा शुरू हो गई है। अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, इस पर दो दिन बाद ही आप स्थिति स्पष्ट करेगी। मगर दिल्ली के अगले सीएम को लेकर अटकलों का बाजार गरम हो गया है। जो कयास लगाए जा रहे हैं उनमें इस पद के लिए आतिशी का नाम सबसे ऊपर लिया जा रहा है। उन्हें मुख्यमंत्री बनाने की बात कही जा रही है। हालांकि कहा यहां तक भी जा रहा है कि आप इस पद के लिए किसी चौंकाने वाले नाम को भी सामने ला सकती है। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत का नाम भी लिया जा रहा है, कुछ लोग इस पद पर दलित चेहरा भी लाए जाने की चर्चा कर रहे हैं।

दिल्ली में नए मुख्यमंत्री के साथ-साथ खाली पड़े एक कैबिनेट मंत्री का पद भी भरा जाना है। यह बात तय है कि मुख्यमंत्री कोई भी बने सत्ता तो केजरीवाल के हाथ ही रहेगी। क्योंकि वही इस दल के कर्ताधर्ता हैं। पार्टी या सरकार में उनके निर्देश पर ही पत्ता हिलेगा। मगर इस सब के बीच ये प्रक्रियाएं तो पूरी ही की जानी हैं। इस रेस में आप नेता आतिशी का नाम सबसे आगे इसलिए भी बताया जा रहा है क्योंकि उन्हें अन्य नेताओं से ज्यादा आप आलाकमान का करीबी माना जा रहा है, महिला होना भी उनके पक्ष में जाता है। वह सीएम केजरीवाल और मनीष सिसोदिया की भी भरोसेमंद सहयोगी हैं। ऐसे में संभावना है कि आतिशी दिल्ली सरकार की कमान संभाल सकती हैं। वह 2013 के विधानसभा चुनावों के लिए आप का घोषणापत्र तैयार करने वाली समिति की प्रमुख सदस्य थीं। वह आम आदमी पार्टी को विस्तार देने में अहम भूमिका निभाती रही हैं। दिल्ली सरकार के मुखिया केजरीवाल के बाद आतिशी इस वक्त सरकार में दूसरी सबसे पावरफुल मंत्री है। वर्तमान में दिल्ली कैबिनेट में उनके पास सबसे अधिक विभाग हैं। ऐसे में सीएम पद पर उनकी दावेदारी को खारिज नहीं किया जा सकता है।

आतिशी के अलावा कैलाश गहलोत व विधायक कुलदीप कुमार नाम भी इस पद के लिए लिया जा रहा है। गहलोत ऐसे मंत्री हैं जो सरकार के उलझे हुए काम भी करा पा रहे हैं। उनके विभागों से संबंधित सभी बड़ी परियोजनाओं पर काम आगे बढ़ रहा है। ऐसे में तमाम सियासी समीकरणों को साधने के लिए पार्टी सीएम की कुर्सी उन्हें सौंप सकती है। वहीं कुछ चौंकाने वाले नाम भी मुख्यमंत्री पद की रेस में शामिल हो सकते हैं।

**सीएम पद के लिए दिल्ली में अटकलें तेज, आतिशी पर दांव लगा सकती है आप**

**केजरीवाल कर सकते हैं चौंकाने वाला फैसला, गहलोत के नाम पर लग सकती है मुहर**

**सीएम पद को लेकर दलित चेहरे को भी सामने पेश कर सकती हैं आम आदमी पार्टी**



मंच पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, आतिशी, गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज, सांसद राघव चड्ढा व दुर्गेश पाठक।

# 'पद से इस्तीफे की घोषणा कर सीएम ने राजनीति में खींची नैतिकता की लकीर'

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा सीएम पद से इस्तीफे की घोषणा पर आम आदमी पार्टी (आप) का कहना है कि उन्होंने यह ऐलान कर भारतीय राजनीति में नैनिकता की एक बड़ी लकीर खींच दी है। आप के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज आतिशी ने कहा कि सबसे बड़ी अदालत ने जमानत देकर केजरीवाल को राहत दी है, लेकिन उनका कहना है कि वो जनता की अदालत में जाकर अपनी अग्नि परीक्षा देंगे। जब वह अग्नि परीक्षा पास कर लेंगे, तभी मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठेंगे। अरविंद केजरीवाल देश में अकेले मुख्यमंत्री हैं जो खुद जनता से कह रहे हैं कि अगर वो ईमानदार हैं, तभी उन्हें वोट देना। यह भारत की राजनीति में एक बड़ी बात है और ऐसी नैतिकता बहुत कम देखने को मिलती है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा पिछले दो साल से अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के तमाम बड़े नेताओं पर कीचड़ उछाल रही थी कि हमने बेईमानी व भ्रष्टाचार किया और करोड़ों रुपए की कमाई की। लेकिन दो साल की जांच के बाद भी ईडी-सीबीआई के पास ये हिम्मत नहीं है कि वे ट्रायल भी शुरू कर पाएं। ये लोग मुकदमा भी शुरू नहीं कर पा रहे हैं, देश का सुप्रीम कोर्ट खुद यह बात कह रहा है। केजरीवाल ने कहा है कि देश की सबसे बड़ी अदालत ने तो उन्हें जमानत देकर राहत दे दी है, लेकिन वह जनता की अदालत में जाकर अग्नि परीक्षा देंगे। जब वह अग्नि परीक्षा को पास कर लेंगे, तभी मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठेंगे। उन्होंने कहा कि अगर मैं ईमानदार हूं, तो मुझे वोट देना, वरना मुझे वोट मत देना।



**'अपना इलाज कराएं सुधांशु वरना हम इलाज करना जानते हैं'**

आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता सुधांशु त्रिवेदी द्वारा प्रयोग किये गये शब्दों पर आप ने ऐतराज जताया है। पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के खिलाफ जो 'सजा-याफ्ता'' शब्द का इस्तेमाल किया है, उस पर मैं घोर ऐतराज करता हूं। सुधांशु त्रिवेदी को कानून की इतनी समझ होनी चाहिए। वह एक सांसद हैं। सजा-याफ्ता का मतलब अपराध सिद्ध होना होता है। जबकि अभी अरविंद केजरीवाल का ट्रायल तक शुरू नहीं हुआ है लेकिन उन्होंने केजरीवाल को सजा-याफ्ता घोषित कर दिया। भारद्वाज ने यहां तक कह दिया कि शुधांशु त्रिवेदी अपना इलाज करवाएं, वरना इलाज हम करना जानते हैं।

# अगर चुनाव में जनता मेरी ईमानदारी पर मुहर लगाएगी तभी कुर्सी पर बैठूंगा: मनीष सिसोदिया

**केजरीवाल के बाद अब सिसोदिया का ऐलान, जनता की अदालत में होगा इंसाफ, सत्य हमेशा विजय हुई है...**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तरह अब पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भी सरकार में कोई पद लेने से साफ इंकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि अभी मैं उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा। हालांकि देश की शीर्ष अदालत तक ने भी कह दिया है कि जाओ अपना काम करो लेकिन मैं कुर्सी के लालच में राजनीति में नहीं आया हूं। मैंने पूरी ईमानदारी से काम किया लेकिन मुझ पर राजनीति के तहत झूठे आरोप लगाकर बेईमान साबित करने की कोशिश की गई और 17 महीने झूठे आरोप में जेल में रखा गया। इसलिए मैंने फैसला किया है कि अरविंद केजरीवाल के साथ मैं भी जनता की अदालत में जाऊंगा और पूछूंगा कि वह मुझे ईमानदार मानती है या नहीं। अगले तीन-चार महीने में दिल्ली में चुनाव होना है। अगर दिल्ली की जनता मेरी ईमानदारी पर मोहर लगाएगी, तभी मैं उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री की कुर्सी पर बैठूंगा और शिक्षा के लिए काम करूंगा।

सिसोदिया ने कहा कि मैं ईमानदारी से शिक्षा का काम करने के लिए राजनीति में आया था। पिछले 10 साल से दिल्ली के शिक्षामंत्री के रूप में दिल लगाकर बड़ी ईमानदारी से काम किया। नए-नए स्कूल और यूनिवर्सिटी बनवाईं। दिल्ली के शिक्षा मंत्री के रूप में इस मंत्र के साथ काम किया कि सरकारी स्कूलों में बेहतरीन शिक्षा उपलब्ध कराए बिना भारत विकसित राष्ट्र नहीं बन सकता।

लुटियंस जोन में पंडित रवि शंकर शुक्ला लेन मार्ग स्थित आप के नए मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं और जनता को संबोधित करते मनीष सिसोदिया ने कहा कि हम सभी इस बात को लेकर बहुत खुश और उत्साहित हैं क्योंकि अरविंद केजरीवाल सिर्फ आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं की ही नहीं बल्कि पूरे देश की उम्मीद हैं।

केजरीवाल हर उस व्यक्ति की उम्मीद हैं जिसे लगता है कि उसके घर के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल जाए, बीमार होने पर ऐसा इलाज मिल जाए जिसके लिए उसे घर-बार न बेचना पड़े। अरविंद केजरीवाल उस आदमी की उम्मीद हैं जो नौकरी करता है और चाहता है कि वह ईमानदारी से अपनी नौकरी या व्यापार करता रहे, उसे किसी सरकारी काम में रिश्वत न देनी पड़े, और कोई राजनीति उसे महंगाई से छुटकारा दिला सके। आज हर वह आदमी खुश है जो अपने परिवार और बच्चों को अच्छे से पालना चाहता है, ईमानदार देश में रहना चाहता है और जिसका सपना है कि भारत ऐसे ईमानदार राजनीतिज्ञों का देश हो, जो देश को लेकर एक मजबूत विजन रखते हों और देश को एक मुट्ठी की तरह बांधकर रखते हों। इतने बड़े संकट में अरविंद केजरीवाल ने आप को एकजुट रखा, इसलिए आज लोग यह उम्मीद रखते हैं कि केवल केजरीवाल ही वह व्यक्ति हैं जो पूरे देश को एकजुट करके रख सकते हैं।



पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया

## दिल्ली की जनता अपने हाथ पर लिखेगी मेरा केजरीवाल ईमानदार है: राघव चड्ढा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): शराब घोटाले में जमानत मिलने के दो दिन बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा घोषणा को लेकर आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने अग्निपरीक्षा देने का फैसला किया है। 2025 के विधानसभा चुनाव में दिल्ली की जनता उस चुनाव के माध्यम से अपने मुख्यमंत्री को ईमानदार घोषित करेगी। मुख्यमंत्री अग्निपरीक्षा से गुजरने के लिए तैयार हैं। अब यह दिल्ली की जनता के हाथ में है कि वह ईमानदार हैं या नहीं। अरविंद केजरीवाल ने 2020 में काम के नाम पर वोट मांगे थे और कहा था कि अगर मैंने काम किया है तो मुझे वोट दें, अगर मैंने काम नहीं किया है तो मुझे वोट न दें। आज उन पर आरोप लगाए गए इसीलिए मुख्यमंत्री ने अग्निपरीक्षा देने का फैसला किया है। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली की जनता आप को वोट देकर मुख्यमंत्री को ईमानदार घोषित करेगी। उन्होंने कहा कि जैसे फिल्म दीवार में अमिताभ बच्चन के हाथ में लिखा था ठीक उसके उलट दिल्ली की जनता अपने हाथ पर लिखेगी। मेरा केजरीवाल ईमानदार है। वहीं दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि सीएम ने ईमानदारी और सम्मान हासिल किया है।



राघव चड्ढा

# 'सीएम पद से इस्तीफा केजरीवाल का फैसला नहीं बल्कि उनकी मजबूरी'

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे का ऐलान करना उनकी मजबूरी है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को जिन शर्तों पर जमानत दी है उसके बाद वे नाम के मुख्यमंत्री रह गए हैं, इसलिए मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना उनका फैसला नहीं मजबूरी है। अगर वह दिल्लीवालों का भला चाहते तो 6 महीने पहले ही इस्तीफा दे देते, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया और दिल्लीवालों को मरने के लिए छोड़ दिया था। पिछले दो महीने में जल भराव के कारण 35 से अधिक लोगों की मौतें हुई हैं, इसका जिम्मेदार कौन है, लेकिन उस दौरान केजरीवाल को अपना मुख्यमंत्री पद इतना प्यारा था कि लोगों को मरने दिया, लेकिन उनके लिए कोई फैसला नहीं लिया। अब जब सुप्रीम कोर्ट ने उनसे ऑफिस जाने, फाइलें देखने तक का अधिकार छीन लिया तो उन्हें अब मजबूरी में इस्तीफा देना पड़ रहा है।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि केजरीवाल द्वारा इस्तीफा देने के लिए '48 घंटों' का इंतजार क्यों? जब निर्णय ले लिया तो इस्तीफे की घोषणा आज ही कर देते। केजरीवाल द्वारा दिल्ली का चुनाव महाराष्ट्र और झारखंड के साथ कराने की मांग करना पूरी तरह नौटंकी है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल का कहना कि हम जनता के बीच जाएंगे। अगर जनता चाहेगी तभी मुख्यमंत्री पद पर बैठूंगा। वो दिल्लीवालों से झूठी सहानूभूति बटोरना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेताओं के बयान एकमत क्यों नहीं, केजरीवाल कहते हैं कि चुनाव आयोग नवंबर में चुनाव कराएं और आतिशी कहती है कि केन्द्र सरकार नवंबर में चुनाव करा ही नहीं सकती? देवेन्द्र यादव ने आगे कहा कि दिल्ली की जनता जागरूक है, पार्टी में व्याप्त भ्रष्टाचार और दिल्ली सरकार तथा एमसीडी में सत्तासीन होने के बाद जनता को नजरअंदाज करने की प्रवृति को दिल्ली की जनता पहचान चुकी है।

**सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को जिन शर्तों पर जमानत दी है उसके बाद वे नाम के मुख्यमंत्री रह गए हैं...**

**केजरीवाल को दिल्लीवालों की भलाई की फिक्र होती तो 6 महीने पहले ही इस्तीफा दे देते, जलभराव में लोगों की जानें बच जातीः यादव**



# केजरीवाल के इस्तीफे की पेशकश भ्रष्टाचार छुपाने का षड्यंत्र: भाजपा

**अरविंद केजरीवाल का आचरण, छवि और उनका किरदार सभी संदेह के घेरे में हैः वीरेंद्र सचदेवा**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की अरविंद केजरीवाल हों, मनीष सिसोदिया या पूरी आम आदमी पार्टी यह भ्रष्टाचार छिपाने के मास्टर हैं। केजरीवाल की इस्तीफे की पेशकश भ्रष्टाचार के दाग छुपाने का षडयंत्र हैं पर अब दिल्ली की जनता अरविंद केजरीवाल को माफ नहीं करेगी और दिल्ली विधानसभा चुनाव में हरा कर जवाब देगी। वीरेन्द्र सचदेवा रविवार को प्रदेश कार्यालय में भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने दिल्ली के भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है की वह केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार की पोल घर घर जा कर खोलें और दिल्ली को भ्रष्टाचारी कुशासन से मुक्त कराएं। केजरीवाल के इस्तीफे की पेशकश आप में बिखराव के प्रारम्भ की स्वीकृति है।

इससे पहले राष्ट्रीय कार्यालय में राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी की उपस्थिति में रविवार को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का आचरण, छवि और उनका किरदार सभी संदेह के घेरे में है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वे अपना इस्तीफा जनता के ऊपर छोड़ते हैं जबकि जनता ने तो अपना फैसला बहुत दिन पहले ही सुना दिया था जब जेल का जवाब वोट से कैंपेन लेकर जनता के बीच गए थे और जनता ने उन्हें जेल भेज दिया। दिल्ली वालों को संदेह है की केजरीवाल इस्तीफा नहीं देंगे और उनके पूर्व कार्यकलाप, बातों से बदलना सब उनकी घोषणा पर शंका उत्पन्न करते हैं। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि ईमानदारी की बात करने वाले केजरीवाल के भ्रष्टाचार ने दिल्ली को दीमक की तरह खोखला कर दिया है दिल्ली में 40 से अधिक लोग जलभराव में अपनी जान गंवा देते हैं। मुफ्त बिजली का नाम है पर 45 फीसदी सरचार्जेज के साथ बिजली बिल आ रहा है। 8.50 रुपए से 17 रुपए यूनिट तक कमर्शियल चार्ज वसूल कर उपभोक्ताओं के कमर तोड़ी जा रही हैं। यहां तक की झुग्गी झोपड़ी के लोगों को भी हजारों रुपए के बिजली बिल आ रहे हैं। दिल्ली में एक-एक बूंद पानी के लिए हमने दिल्ली वालों को तरसते हुए देखा है और पानी के लिए लोगों का कत्ल होते हुए देखा है क्योंकि टैंकर माफिया को शह देने का काम अरविंद केजरीवाल सरकार ने किया है।



वीरेंद्र सचदेवा

## जवाबदेही से बचने के लिए मजबूरी में लिया इस्तीफा देने का फैसलाः विजेंद्र गुप्ता

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे के ऐलान को आम आदमी पार्टी की एक नई नौटंकी करार दिया है। 6 महीने से जेल में रहकर सरकार चलाने की बात करने वाले केजरीवाल, अब जब चुनाव में कुछ महीने बाकी हैं तो इस्तीफा दे रहे हैं। केजरीवाल अपने इस इस्तीफे की घोषणा के बाद अपना विक्टिम कार्ड खेलने की नाकाम कोशिश करेंगे। भ्रष्टाचारी केजरीवाल 10 साल दिल्ली को लूटने के बाद गद्दी किसी और को सौंप रहे हैं। ताकि जनता इनसे सवाल न पूछे और इनकी करतूतें बाहर न आ सकें। गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल ने अपना यह इस्तीफा देने का फैसला बड़ी मजबूरी में लिया है। केजरीवाल ने विक्टिम कार्ड खेलकर जनता को यह संदेश देने की नाकाम कोशिश की है, जनता झूठ पहचान चुकी है।



विजेंद्र गुप्ता

## केजरीवाल के सामने इस्तीफे के अलावा कोई रास्ता नहीं थाः बिधूड़ी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल के पास सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाई गई शर्तों के बाद अब कोई रास्ता नहीं बचा था। भाजपा ने इसीलिए उनसे सवाल पूछा था कि इन शर्तों के बाद वह कैसे सरकार चला पाएंगे। उनके पास कोई जवाब नहीं था, इसीलिए उन्होंने इस्तीफा दिया है। बिधूड़ी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत देते हुए साफ कर दिया था कि वह मुख्यमंत्री के रूप में काम नहीं कर सकते। उनपर सचिवालय में जाने पर रोक लगा दी गई और किसी फाइल पर हस्ताक्षर करने से भी रोक दिया गया और गिरफ्तारी को भी वैध बताया गया। इसलिए दिल्ली में संवैधानिक संकट की स्थिति पैदा हो गई थी और केजरीवाल के पास अब इस्तीफा देने के अलावा कोई चारा नहीं बचा।



रामवीर सिंह बिधूड़ी

## केजरीवाल के इस्तीफे की घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं की जैतपुर वार्ड में बैठक





**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : केजरीवाल के दो दिनों के बाद इस्तीफा की घोषणा के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है इसी मुद्दे को लेकर बदरपुर विधानसभा क्षेत्र के जैतपुर वार्ड में पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक चौधरी राम सिंह नेताजी के अगुवाई में महिला कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। नेताजी ने कहा की एक ईमानदार व्यक्ति को सीबीआई ईडी और अन्य एजेंसीयो द्वारा उन पर भरष्टाचार के आरोप लगाया। अब इन सबसे तंग आकर कुपित मन से केजरीवाल को अपने पद से त्यागपत्र देने का निर्णय लेना पड़ा। उन्होंने घोषणा किया है कितब तक मुख्यमंत्री के कुर्सी पर नहीं बैठेंगे जब तक जनता अपना फैसला नहीं सुना देती। उन्होंने कहा कि एक चुनी हुई सरकार पर इस तरह से आरोप लगाकर उन्हें बेवजह परेशान किया जा रहा है।अरविंद केजरीवाल दिल्ली के जनता के हित में काम करना चाहते हैं जो केंद्र की सरकार नहीं चाहती है। नेताजी ने कहा कि जैतपुर ,सौरभ विहार, हरी नगर, मीठापुर, मोलरबंद एक प्रकार से विकास की मुख्य धारा से कट गया है।

**इतिहास के झरोखे से...**

## 16 सितंबर 1861 को ब्रिटेन में पोस्ट ऑफिस बचत खाता खुलने की हुई थी शुरुआत

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : अतीत के झरोखे में झांकने पर पता चलता है कि 16 सितंबर को अनेक ऐसी घटनाएं हुई जो इतिहास में दर्ज है। आज ही के दिन 1795 में ब्रटेन ने दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन पर कब्जा किया। 1848 में फ्रांसीसी उपनिवेश से दास प्रथा खत्म की गई। ब्रिटेन में 1861 को पोस्ट ऑफिस में बचत खाता खुलने की शुरुआत। 1963 में मलया सिंगापुर ब्रिटिश नार्दन वोनियो से मलेशिया का गठन हुआ। फेडरेशन ऑफ मलय में उत्तरी बोर्नेयो, सारावाक और सिंगापुर मिला कर नया देश बनाया गया। मलय में सिंगापुर का सि मिला कर मलेशिया किया गया हांलाकि 1965 में मलेशिया अलग हो गया। 1975 में पापुआ न्यू गिनी ने आस्ट्रेलिया से स्वतंत्रता हासिल की। 1978 में जनरल जिया उल हक़ पाकिस्तान के राष्ट्रपति निर्वाचित। 1986 में सोने की खदान में फंस जाने के कारण सैकड़ों लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। भूटान ने 2003 में भारतीय हितों के खिलाफ अपनी जमीन के इस्तेमाल नहीं होने देने का आश्वासन दिया। पाकिस्तान के मुख्य चुनाव आयुक्त ने 2007 में परवेज मुशर्रफ़ के राष्ट्रपति पद पर दुबारा चुनाव लड़ने के लिए चुनाव से जुड़े क़ानूनों में संशोधन किया।



# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर मुख्यमंत्री केजरीवाल के इस्तीफे के पीछे की राजनीति

**अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा : एक तीर से कई निशाने साधने की कोशिश**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) :यह मजह इत्तेफाक है या फिर कोई सोची-समझी राजनीतिक रणनीति कि जिस दिन प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन है, उसी दिन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा देने की घोषणा की है। 17 सितम्बर को इस्तीफे की रणनीति के पीछे क्या राजनीति है, यह तो मंगलवार को ही पता चलेगा लेकिन यहां बता दें कि पीएम मोदी के जन्मदिन पर केन्द्र सरकार कई योजनाएं लांच करने की तैयारी में है। ऐसे में केजरीवाल का इस्तीफा कहीं ज्यादी बड़ी खबर न बन जाए? केजरीवाल के दो दिन में इस्तीफा देने के सवाल पर दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा- 'आज रविवार है, सोमवार को ईद की छुट्टी है। वर्किंग डे 17 सितंबर को है। इस वजह से अरविंद ने 2 दिन का समय लिया है।' 17 सितंबर को ही प्रधानमंत्री मोदी का 74वां जन्मदिन है। वे इस दिन कुछ घंटे गुजरात में रहेंगे फिर ओडिशा जाएंगे।

फिलहाल तो इस्तीफे ने नई राजनीति तो पैदा कर ही दी है, एक तो यही कि पिछले 6 महीने से जेल में रहने के बावजूद केजरीवाल ने इस्तीफा नहीं दिया, अब अचानक ऐसा क्या हुआ कि बाहर आते ही इस्तीफा देने की घोषणा कर दी? दूसरी चर्चा यह शुरू हो गई कि केजरीवाल अपनी गद्दी किसे सौंपेगें, अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल को या अपनी सबसे भरोसेमंद सेनानायक आतिशी को। वैसे राजनीतिक हलको में इस बात की भी चर्चा है कि केजरीवाल दलित कार्ड खेल सकते हैं। इसी बीच यह भी चर्चा है कि पीएम मोदी के जन्मदिन पर होने वाले आयोजन ज्यादा बड़ी खबर होगी या फिर केजरीवाल का इस्तीफा ज्यादा बड़ा होगा?

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री केजरीवाल ने रविवार को इस्तीफे का ऐलान कर दिया। उन्होंने कहा कि दो दिन के भीतर ही मैं पद छोड़ देंगे साथ ही उन्होंने नवंबर में दिल्ली के अंदर चुनाव कराने की मांग भी की है, लेकिन केजरीवाल के इस फैसले ने सभी को चौंका दिया है। कहा ये भी जा रहा है कि यह केजरीवाल का एक बड़ा सियासी दांव है। इस दांव के जरिए केजरीवाल ने एक तीर से कई निशाने साधे हैं। वह इस्तीफा देकर दिल्ली ही नहीं बल्कि देश की सियासत में भी हलचल मचाएंगे? गौरतलब है कि 2013 से दिल्ली में केजरीवाल की सरकार है। ऐसे में दिल्ली में बदलाव को लेकर भी सवाल उठ सकते हैं। कहा ये भी जा रहा है कि इस एंटी इनकमबेंसी को चोट पहुंचाने के लिए केजरीवाल ने पहले ही इस्तीफे का ऐलान कर दिया। अब केजरीवाल अपनी गिरफ्तारी को मुद्दा बनाकर जनता के बीच जा सकते हैं।



पीएम मोदी



सीएम केजरीवाल

# दिल्ली सरकार को समय से पहले चुनाव की मांग की वजह बतानी पड़ सकती हैः विशेषज्ञ

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की दिल्ली में समय पूर्व विधानसभा चुनाव कराने की मांग के बीच विशेषज्ञों ने कहा कि शहर की सरकार को निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर इस मांग के पीछे की वजहें बतानी पड़ सकती हैं। हालांकि विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया कि दिल्ली में चुनाव कब कराने हैं, इसको लेकर अंतिम फैसला निर्वाचन आयोग ही लेगा। दिल्ली की मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल अगले साल फरवरी में समाप्त हो रहा है।

राजधानी में फरवरी 2025 की शुरुआत में विधानसभा चुनाव कराए जाने की संभावना है। इससे पहले केजरीवाल ने रविवार को मांग कि दिल्ली में नवंबर में महाराष्ट्र के साथ विधानसभा चुनाव कराए जाएं। महाराष्ट्र की मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। भारतीय संविधान के साथ-साथ जनप्रतिनिधि अधिनियम के प्रावधानों से वाकिफ विशेषज्ञों ने कहा कि दिल्ली सरकार को निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर बताना पड़ सकता है कि राजधानी में समय से पहले चुनाव क्यों कराए जाएं, लेकिन इस संबंध में अंतिम निर्णय आयोग ही लेगा। एक विशेषज्ञ ने कहा कि कानूनी रूप से निर्वाचन आयोग के पास दिल्ली में महाराष्ट्र के साथ विधानसभा चुनाव कराने की शक्ति है लेकिन पिछले मौकों पर दिल्ली में अलग से चुनाव हुए थे। निर्वाचन आयोग के पास महाराष्ट्र और दिल्ली में चुनाव एक साथ कराने का कोई कारण होना चाहिए। विशेषज्ञ ने रेखांकित किया कि दिल्ली में मतदाता सूची को जनवरी में अपडेट किया जाएगा और इसकी अर्हता तिथि एक जनवरी है। जब मतदाता सूची अपडेट हो जाती है तो नये पंजीकृत मतदाता वोट डालने में सक्षम हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए निर्वाचन आयोग दिल्ली में तय योजना के मुताबिक चुनाव कराने का फैसला ले सकता है।

- **समय से पहले विधानसभा चुनाव कराने को लेकर अंतिम फैसला निर्वाचन आयोग ही ले सकता है,**
- **मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल फरवरी में समाप्त हो जाएगा**

**संक्षिप्त समाचार...**

## बदरपुर में एक वर्ष में मिलेगा पीएनजी कनेक्शन





**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने पूरे बदरपुर विधानसभा क्षेत्र में अगले एक वर्ष के दौरान पीएनजी के गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने की घोषणा की। सभी पांचों वार्डों में एक वर्ष में पीएनजी गैस उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने आज बदरपुर के मोलडबंद विस्तार क्षेत्र में पीएनजी गैस के रजिस्ट्रेशन के कार्य की शुरुआत की। इस अवसर पर आयोजित जनसभा में उन्होंने कहा कि दो वार्डों में पाइप लाइन बिछाने के बाद गैस कनेक्शन देने का कार्य भी शुरू हो चुका है। आज मोलडबंद वार्ड में भी रजिस्ट्रेशन के कार्य की शुरुआत की गई। बाकी तीन वार्डों मीठापुर, जैतपुर और हरीनगर वार्ड में भी पीएनजी गैस उपलब्ध कराने की दिशा में काम चल रहा है। भाजपा के पूर्व जिला मंत्री श्री गगन कसाना, मंडल अध्यक्ष श्री ब्रिजेश सेंगर और क्षेत्रवासी भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## स्वच्छता क्रिकेट प्रीमियर लीग का होगा आयोजन

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) 16 से 30 सितंबर तक नजफगढ़ जोन में स्वच्छता क्रिकेट प्रीमियर लीग का आयोजन कर रहा है। स्वच्छता क्रिकेट प्रीमियर लीग के सभी मैच वार्ड 126, खैरा गांव में स्थित हरिकिशन क्रिकेट ग्राउंड में खेले जाएंगे। खास बात यह है कि केवल स्वच्छता कर्मी ही इस लीग में भाग ले सकेंगे।

# पांच साल से दिल्ली में चल रही थी फर्जी वीजा फैक्ट्री आईजीआई पुलिस ने 6 को दबोचा

## प्रत्येक माह 30 से 50 फर्जी वीजा होते थे तैयार, कई नेपाली व भारतीय पासपोर्ट भी किए गए जब्त

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (आईजीआई) पुलिस ने फर्जी वीजा उपलब्ध कराने व फर्जी वीजा बनाने की फैक्ट्री संचालित करने वाले एक बड़े सिंडिकेट का भंडाफोड़ कर 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान तिलक नगर के मनोज मोंगा, निलोठी गांव के बलबीर सिंह, करनाल (हरियाणा) के असंध के नवीन राणा, नीलोखेड़ी गांव के जसविंद्र सिंह उर्फ मिंटी, जींद के सफीदों गांव के आसिफ अली, कुरुक्षेत्र के दीवाना गांवे के संदीप व नेपाल के काठमांडू के शिवा गौतम उर्फ नेपाली के रूप में हुई है। आरोपियों के पास से 30 फर्जी वीजा स्टीकर, विभिन्न देशों के 23 रबड़ स्टैंप, तीन फर्जी पीआर कार्ड, 14 नेपाल के पासपोर्ट, दो भारत के पासपोर्ट, डाई मशीन समेत वीजा व पासपोर्ट बनाने में इस्तेमाल किया जाने वाला सामान बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि दिल्ली के तिलक नगर में विगत पांच वर्षों से फर्जी वीजा बनाने की फैक्ट्री चलाई जा रही थी, जिसका संचालन मनोज मोंगा करता था। जबकि गिरफ्तार आरोपी बलबीर इस गैंग का सरगना है, जोकि पहले भी फर्जी वीजा व पासपोर्ट में हेराफेरी करने के आरोप में दो बार जेल जा चुका है। आईजीआई एयरपोर्ट की डीसीपी उषा रंगनानी ने बताया कि विगत 2 सितंबर को संदीप फर्जी वीजा लेकर इटली जाने के लिए एयरपोर्ट पहुंचा था। इमीग्रेशन पर उसके कागजात की जांच की गई तो उसके पासपोर्ट पर फर्जी वीजा मिला। आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि आसिफ अली ने दस लाख रुपये में उसे इटली भेजने का आश्वासन दिया था। इनकी गिरफ्तारी के बाद जब मामले की गहनता से जांच की गई तो ज्ञात हुआ कि राजधानी दिल्ली के तिलक नगर में एक ऐसी फैक्ट्री संचालित हो रही जो फर्जी वीजा बनाने का कार्य कर रही है। मामले की जानकारी मिलने के बाद तत्काल प्रभाव से आईजीआई एयरपोर्ट की साइबर सेल के इंस्पेक्टर अजय यादव और एसएचओ आईजीआई सुशील गोयल के नेतृत्व में एक ज्वाइंट टीम गठित की गई। इस टीम में एसआई मदन लाल, हेड कॉन्स्टेबल विनोद कुमार, विनोद पांडेय और कॉन्स्टेबल नितिन शामिल रहे। टीम ने सबसे पहले फर्जी वीजा से विदेश जा रहे संदीप से पूछताछ की तो पता चला कि उसने यह वीजा एजेंट अशफाक अली से लिया है। आसिफ अली की गिरफ्तारी से ज्ञात हुआ कि उसने ये वीजा नवीन राणा और शिव गौतम के साथ मिलकर अरेंज किया था। शिव गौतम ने पुलिस को बताया कि फर्जी वीजा बलबीर सिंह ने अरेंज किए थे, जो 65 साल का था और आंशिक रूप से लकवाग्रस्त था। बलबीर सिंह ने बताया कि फर्जी वीजा जसविंदर सिंह ने तैयार करवाए थे। जिसे मनोज मोंगा ने बनाया था।



डीसीपी उषा रंगनानी



### पांच साल से संचालित हो रही थी फैक्ट्री...

आईजीआई एयरपोर्ट की डीसीपी उषा रंगनानी ने बताया कि मनोज मोंगा विगत पांच वर्षों से दिल्ली के तिलक नगर इलाके में फर्जी वीजा बनाने की फैक्ट्री संचालित कर रहा था। प्रत्येक माह में करीब 30 से 50 वीजा बनाया जाता था। इसके लिए उसे प्रत्येक वीजा पर करीब 1 लाख रुपए मिलते थे। उन्होंने बताया कि मनोज मोंगा डिजाइनर का डिप्लोमा किया हुआ है और वह पहले विज्ञापन के लिए बैनर बनाने का काम करता था।

### नेपाली और हरियाणा के युवक थे निशाने पर

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी नेपाली और हरियाणा के युवको को ज्यादा निशाना बनाते थे। क्योंकि जहां हरियाणा में इन दिनों विदेश जाने की चाह में लोग अपना जमीन तक बेच दे रहे हैं तो वहीं अधिक पैसे कमाने की चाह में नेपाली युवक कुछ किसी भी तरह विदेश जाने की जुगत में लगे हैं। इसी का फायदा उठाकर ये गिरोह लोगों से ठगी करता था। गिरफ्तार आरोपी शिव गौतम नेपाली युवको का पासपोर्ट उपलब्ध कराता था, जबकि बलबीर सिंह और जसविंदर सिंह हरियाणा को लोगों को निशाना बनाते थे।

### सभी के मोबाइल, लैपटॉप जब्त, जांच शुरू

डीसीपी उषा रंगनानी ने बताया कि अंदेशा है कि विगत पांच वर्षों में आरोपियों ने करीब 3 हजार फर्जी वीजा उपलब्ध कराया है। ऐसे में उनका डाटा एकत्रित करने के लिए आरोपियों के पास से बरामद मोबाइल, लैपटॉप और उपकरण को जब्त कर लिया गया है। अब तकनीकी टीम की मदद से डाटा रिकवर करने के कोशिश की जा रही है, जिससे यह पता चल सके आरोपियों ने किन लोगों को फर्जी वीजा उपलब्ध कराया है।

## सियोल जा रही थी बेटी, फर्जी टिकट लेकर एयरपोर्ट के अंदर पहुंचा पिता, गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर बेटी को छोड़ने के लिए आया पिता फर्जी टिकट दिखाकर एयरपोर्ट के अंदर ही घुस गया। उसने सोचा कि जिस तरह बस टर्मिनल में अंदर जाकर वापस आ सकते हैं, ऐसे ही एयरपोर्ट से भी वापस आ जाएगा। सुरक्षा कर्मियों को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने उसे पकड़ा व आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने सुरक्षा में सेंध लगाने वाले आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान हरियाणा के गुरुग्राम के रवि प्रकाश के रूप में हुई है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। दरअसल रवि प्रकाश की बेटी प्रियांशी की सोमवार रात को दिल्ली से सियोल के लिए उड़ान थी। वह उसे एयरपोर्ट छोड़ने के लिए टर्मिनल-3 के प्रस्थान पर पहुंचा। यहां पर वह सियोल जाने वाली उड़ान का फर्जी ई-टिकट दिखाकर टर्मिनल-तीन के भवन में प्रवेश कर गया। बाद में सीआईएसएफ कर्मियों ने उसे पकड़कर उसकी तलाशी ली तो उससे पासपोर्ट बरामद नहीं हुआ।



## आखिरी मिनट पर फ्लाइट हुई रद्द यात्रियों ने आईजीआई एयरपोर्ट पर जमकर किया हंगामा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली एयरपोर्ट पर शनिवार को स्पाइसजेट के पैसेंजरों ने हंगामा किया। दिल्ली से दरभंगा जा रहे स्पाइसजेट के विमान के यात्रियों ने एयरलाइंस की एक घोषणा पर बवाल मचाया। दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर स्पाइसेट की फ्लाइट नंबर एसजी-495 दिल्ली से दरभंगा रवाना होने वाली थी। बोर्डिंग से ठीक 5 मिनट पहले अचानक स्पाइसजेट ने विमान रद्द करने की घोषणा कर दी। एयरलाइंस की घोषणा के बाद दिल्ली एयरपोर्ट टर्मिनल 3 पर गेट नंबर 62 के सामने बोर्डिंग के लिए इंतजार कर रहे दरभंगा जाने वाले स्पाइसजेट के पैसेंजरों ने हंगामा शुरू कर दिया। पिछले कई महीनों से देखा जा रहा है कि प्रत्येक हफ्ते स्पाइसजेट के तरफ से दिल्ली से दरभंगा रूट पर फ्लाइट को अचानक कैंसिल कर दिया जाता है। इससे दिल्ली से दरभंगा जाने वाले यात्रियों में नाराजगी है। आए दिन ऐसी खबरें आती हैं कि एयरपोर्ट पर बोर्डिंग से ठीक पहले स्पाइसजेट की तरफ से विमान सेवा कैंसिल कर दी गई। एयरलाइंस के इस रवैये को लेकर बड़ी संख्या में यात्री परेशान होते हैं। बता दें कि, स्पाइसजेट आर्थिक संकट से जूझ रहा है, जिसके कारण कई रूटों पर अचानक फ्लाइट कैंसिल कर दी जाती हैं। इससे यात्री परेशान हो रहे हैं।




## दिल्ली के किसानों ने की जंतर-मंतर पर महापंचायत, सरकार को चेतावनी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : देश की राजधानी दिल्ली के जंतर मंतर पर जुटे हजारों की संख्या में दिल्ली देहात के लोगों ने पालम 360 के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी के नेतृत्व में वर्षों से लंबित समस्याओं और मुद्दों के समाधान को लेकर महापंचायत किया। इस मौके पर दिल्ली के 360 गांव से भारी संख्या में जुटे लोगों के बीच, कई सालों से लंबित गांव देहात के मुद्दों और समस्याओं को लेकर खासी नाराजगी दिखाई दी। खासतौर से दिल्ली के ग्रामीण इलाकों में बुनियादी सुविधाओं के अभाव और चौतरफा बदहाली से लोगों में आक्रोश दिखा। इस मौके पर चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने कहा कि दिल्ली की बनावट और तरक्की में दिल्ली देहात के लोगों का सबसे बड़ा योगदान है, मगर आज दिल्ली के गांव ना शहर रह गए हैं ना गांव..बल्कि इनकी हालत स्लम इलाकों जैसी हो गई है। दिल्ली देहात के वर्षों से लंबित मामलों और समस्याओं को लेकर सरकारों की बेरुखी अब बर्दाश्त के बाहर है। इसीलिए आज दिल्ली के ग्रामीणों का ये जनसैलाब अपने हक और न्याय की लड़ाई को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर पर आने को मजबूर हुआ है।

चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने साफ कहा कि दिल्ली देहात के लोगों ने फैसला कर लिया है कि- या तो दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली देहात के मुद्दों और मांगों का पूर्ण समाधान कर दिया जाए। अन्यथा इस बार दिल्ली देहात के लोग पूरी ताकत से चुनाव का बहिष्कार करने को मजबूर होंगे। हम नहीं चाहते कि लोकतंत्र में हमें चुनाव बहिष्कार का फैसला लेना पड़े लेकिन अगर हमें मजबूर किया गया तो सभी राजनीतिक पार्टियां कान खोलकर सुन लें, किसी पार्टी का कोई नेता वोट मांगने दिल्ली के 360 गांव में घुस नहीं पाएगा।



## 'मच्छर रोधी अभियान में तेजी के लिए नहीं हो रही कार्रवाई'

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की दिल्ली भाजपा के साथ ही दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह लगातार दिल्ली में मच्छर जनित बीमारीयों डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया के दिल्ली में बढ़ते प्रकोप की ओर महापौर डा. शैली ओबरॉय का ध्यान आकृष्ट कर मच्छर रोधी अभियान में तेजी लाने की मांग करते रहे हैं पर महापौर के कान पर जूं नहीं रेंगी। प्रवीण ने कहा कि है की खेदपूर्ण है कि बढ़ती बारिश, जलजमाव एवं गंदगी के बावजूद महापौर ने मच्छर रोधी अभियान पर बिल्कुल ध्यान नही दिया, सिर्फ ब्यानबाजी की और उसके कारण दिल्ली की स्थिती पूरी तरह बिगड़ गई है और आज डेंगू मलेरिया दिल्ली में पैर पसार रहे हैं।

डेंगू से शुक्रवार को इस वर्ष दिल्ली में पहली मौत लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में हुई और इसने दिल्ली वालों को बेचैन कर दिया है।

## भाजपा ने 256 झुग्गी क्लस्टरों में सहभोज कार्यक्रमों में सहभागिता की

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली भाजपा के झुग्गी विस्तार कार्यक्रम के अंतर्गत आज पार्टी सांसदों, विधायकों, नेताओं, पदाधिकारियों एवं निगम पार्षदों ने दिल्ली ने दिल्ली के 256 बड़े झुग्गी क्लस्टरों में सहभोज का आयोजन किया और स्थानीय लोगों से जुड़े। अनेक स्थानों पर भाजपा का सदस्य बने झुग्गी वासियों का अभिनंदन किया गया और बच्चों को किताब कापी बांटी गईं। सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी बदरपुर के प्रसाद नगर झुग्गी क्लस्टर में, सांसद बांसुरी स्वराज तुगलक लेन एवं ईस्ट पटेल नगर क्लस्टर में, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेन्द्र गुप्ता शालीमार गांव जे.जे. क्लस्टर में, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह अटल बस्ती किंग्सवे कैम्प में स्थानीय नागरिकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सहभोज में सम्मिलित हुए। विधायक अभय वर्मा ने सोनिया कैम्प लक्ष्मी नगर, अनिल बाजपेई ने शास्त्री पार्क क्लस्टर और प्रदेश मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने पीली कोठी झुग्गी क्लस्टर में सहभोज आयोजित किया एवं बच्चों को कापी पेंसिल वितरित किए।

इस अवसर पर रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बदरपुर में कहा की भाजपा झुग्गी विस्तार कार्यक्रम के माध्यम से झुग्गी वासियों की समस्याओं के समाधान का माध्यम बन रही है और हम विधान सभा चुनाव पश्चात दिल्ली सरकार में आयेंगे फिर झुग्गी क्लस्टरों को स्वच्छता एवं स्वस्थ सेवाओं आदि सुविधाओं से जोड़ेंगे।




भाजपा के सदस्यता अभियान में सांसद बांसुरी स्वराज नये सदस्य बनाते हुए।

## गणपति बप्पा की विदाई मंदिरों, पंडालों में मची धूम

दिनेश शर्मा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : गणपति बप्पा मोरया उत्सव में विदाई के अंतिम चरण में ढोल-नगाड़ों व शंखनाथ से रविवार को रौनक लगी रही। मंदिरों-पंडालों में मची धूम व अर्चना के चलते गणेश भगवान से अगले साल जल्दी आने की गुहार भी की गई। गत शनिवार 7 सितंबर से शुरू उत्सव में दो बार शनिवार के पूज्य दिवस तथा सूर्य देवता के भी दो बार आशीष मिलने को मंगलकारी बताया गया। रविवार से सोमवार तक सभी स्थापित मूर्तियों के विसर्जन से मेले का समापन होगा। रामलाल असड़ी मार्ग स्थित विराट सनातन धर्म मंदिर में प्रदीप जैन, हरीश असड़ी, सुरेश लिलोठिया, सुभाष असड़ी व संजय कटारिया ने यजमान की हैसियत से भगवान गणेश का अनुष्ठान करके सर्व कल्याण की कामना की। दिल्ली में पंडालों व घरों में विसर्जन की नई प्रथा का पालन करके साधकों ने यमुना को और ज्यादा विषैला होने से बचाया। गणेश भगवान की धार्मिक विदाई के 24 घंटे बाद 17 सितंबर से पितृपक्ष श्राद्ध शुरू होंगे। सनातन धर्मी साधक नवीन कुमार सिसोदिया ने बताया कि प्रतिपक्ष के काल में शुभ कार्य निषेध है इसलिए आज कई रामलीला आयोजकों ने भूमि पूजन के साथ गणपति बाप्पा का भी आशीष मांगा। रविवार व सोमवार को बड़ी संख्या में गणपति बप्पा व लीला पूजन किए जा रहे हैं। इस बीच 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पितृपक्ष के चलते पिंडदान, पितरों के मोक्ष व शांति हेतु स्नान-ध्यान व दान की प्रथा का पालन होगा।



## नशे के खिलाफ अलख जगा रहा युवा, एक पहिए की साइकिल पर कश्मीर से कन्याकुमारी की यात्रा

### युवाओं को नशे के खिलाफ जागरुक करने के लिए शुरु किया अभियान

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): आज के दौर में जब देश के युवा तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रहे है और नशा करना फैशन बनता जा रहा है, केरल का रहने वाला एक युवा नशे के खिलाफ अनोखे अंदाज में अलख जगा रहा है। नशे के खिलाफ सनिदडीबीजेड नाम के इस युवा ने जंग का ऐलान कर दिया है और कश्मीर से कन्याकुमारी तक साइकिल यात्रा पर निकल पड़ा है।

खास बात ये है कि सनिद हजारों किलोमीटर लंबी इस यात्रा को महज एक पहिए वाली साइकिल पर पूरा करने जा रहे हैं। सनिद केरल के कन्नूरू से एक पहिए वाली साइकिल पर सवार होकर नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर तक की छह हजार किलोमीटर की यात्रा कर रहे हैं। पेश से इंजीनियर सनिद के पास इस अभियान को पूरा करने के लिए एक खास सवारी है। वह साइकिल के पीछे ही सवारी कर रहे हैं। सनिद ने बताया कि उन्होंने और उनके दो दोस्तों ने पिछले साल 15 दिसंबर को कन्याकुमारी से यह अभियान शुरू किया था। वहीं, शनिवार को जब सनिद की यह एक पहिए वाली साइकिल यात्रा राजधानी दिल्ली पहुंची तो हर कोई उनके मिशन के बारे में जानकार हैरान रह गया। वही अपनी साइकिल यात्रा के बारे में सनिद ने बताया कि वे हर रोज औसतन एक पहिये पर 50 से 60 किलोमीटर साइकिल चलाते हैं। उन्होंने बताया कि आजकल के युवाओं में एडवेंचर एक्टिविटीज कम होती जा रही हैं, क्योंकि वे अक्सर अपने स्मार्टफोन और दूसरे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स से चिपके रहते हैं।



एक पहिए की साइकिल पर छह हजार किलोमीटर की यात्रा पूरा करने का लक्ष्य। -फोटो: नीरज

## दिल्ली स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी का जागरूकता कार्यक्रम

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): द्वारका में नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में दिल्ली स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी द्वारा एचआईवी एड्स के बारे में जागरूकता कार्यक्रम के साथ रेड रन और वॉकथॉन का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए पांच किलोमीटर की दौड़ और एचआईवी एड्स जागरूकता के लिए युवाओं और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी और जुड़ाव को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गहन आईईसी अभियान के तहत एनएसयूटी के आसपास के आवासीय क्षेत्रों में 2 किलोमीटर की पैदल यात्रा का आयोजन किया। स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी के अतिरिक्त परियोजना निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि दिल्ली राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अगले महीने एचआईवी/एड्स जागरूकता पर स्कूली छात्रों के लिए राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित करेगी।

## डूसू चुनाव की सरगर्मियां तेज, एबीवीपी ने शुरू किया गृह संपर्क अभियान



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव (डूसू) को लेकर डीयू कैंपस में सरगर्मियां तेज हो गईं हैं।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ रहे छात्रों से जुड़ने के प्रयास की कड़ी में गृह संपर्क अभियान की शुरुआत की है। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता डीयू के नार्थ, साउथ और ऑफ कैंपस में छात्रावास, फ्लैट्स, पीजी तथा घर-घर जाकर छात्रों से मिलने का कार्य कर रहे हैं। साथ ही साथ उन्हें एबीवीपी द्वारा पिछले 1 वर्ष में किए गए कामों व नीतियों के बारे में भी अवगत कराने का कार्य किया जा रहा है। छात्रों की समस्याओं पर विचार-विमर्श के साथ उनके समाधान के लिए विद्यार्थी परिषद् गृह सम्पर्क अभियान कर रहा है। 27 सितम्बर तक डूसू चुनाव के संबंध में छात्रों को उनके आवास पर जाकर सूचित एवं जागरूक किया जा रहा है ताकी अधिक से अधिक छात्र अपना मतदान का प्रयोग बढ़-चढ़ कर सकें।

## रामलीला की झलकियां...

### नव श्री धार्मिक लीला कमेटी का भूमि पूजन



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : पुरानी दिल्ली की प्राचीन रामलीलाओं में से एक नव श्री धार्मिक लीला कमेटी ने रविवार को लाल किला के मैदान में विधि विधान से रामलीला का भूमि पूजन कार्यक्रम किया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद जय प्रकाश अग्रवाल, महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव, दिल्ली कांग्रेस कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट चेयरमैन व पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, डॉ पी के मिश्रा, सिटी एसपी जोन चेयरमैन मो. सादिक, ज्वाइंट सीपी कलसी, डीसीपी नॉर्थ मनोज कुमार मीना आदि शामिल हुए। लीला के प्रधान हरिचंद अग्रवाल, महामंत्री जगमोहन गोटेवाला, कोषाध्यक्ष प्रेम सिंघानिया, मंत्री प्रकाश बराठी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया व विशेष स्मृति चिन्ह प्रस्तुत किए। मंच का संचालन मंत्री प्रकाश बराठी द्वारा किया गया। महामंत्री जगमोहन गोटेवाला ने कहा की हमारी रामलीला कमेटी 1958 से लगातार रामलीला का मंचन बहुत ही सात्विक एवं मार्मिक ढंग से करती आ रही है। इस समारोह में मंत्री रवि कप्तान, लीला मंत्री अशोक मित्तल, प्रचार मंत्री राहुल शर्मा, त्रिलोक गोयनका, अभिषेक गनेरीवाल, विकास गोटे वाला मौजूद थे।

### पश्चिम विहार रामलीला का हुआ भूमि पूजन



**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): पश्चिम विहार रामलीला कमेटी द्वारा भव्य भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। भूमिपूजन लॉयन रामगोपाल गोयल व उनकी धर्मपत्नी सरोज गोयल ने किया। कमेटी के प्रधान रामगोपाल गोयल ने बताया कि भूमिपूजन के अवसर पर बच्चों में सनातन धर्म के संस्कार भरने के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। वहीं रक्तदान शिविर व निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। रामलीला के क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा प्रमुख दृश्य भी दर्शाये गए। महामंत्री अश्वनी बागड़ी ने कहा कि इस साल रामलीला को भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। एलइडी के माध्यम से ए-2 पश्चिम विहार के रामलीला मंचन को रेडिसन ग्राउंड पर दिखाया जाएगा। वही पश्चिम विहार में भव्य राम बारात निकाली जाएगी। भूमिपूजन के मौके पर कमेटी के मुख्य संरक्षक भारत भूषण दुआ,चेयरमैन योगेश शर्मा, वाइस चेयरमैन के अलावा कार्यकारिणी के सदस्य राजकुमार गर्ग व प्रकाश चंद जैन, रामनिवास गुप्ता, हरि गोयल, ललित मुटरेजा, विपिन गुप्ता, राजेन्द्र कत्याल, श्याम अग्रवाल, अजय शर्मा, नरेश राघव, गौरव अग्रवाल, सुनील गंभीर, रिंकू कश्यप व सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### जय श्री हनुमंत रामलीला कमेटी ने किया पूजन



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): कोंडली पूर्वी दिल्ली स्थित जय श्री हनुमंत रामलीला कमेटी द्वारा भव्य रामलीला के भूमि पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने भगवान श्री राम का नाम लेकर भूमि की पूजा अर्चना करी। इस अवसर पर रामलीला कमेटी से समाज सेवक रविंद्र कुमार, अध्यक्ष वीर सिंह प्रधान, बिट्टू गर्ग, उप प्रधान राजेश अग्रवाल, डॉ सतवीर शर्मा, मनोज सिंघल, सज्जन मितल उपस्थित रहे। इस अवसर पर कमेटी के संरक्षक ,कुलदीप कुमार ने बताया कि भव्य रामलीला का आयोजन 2 अक्टूबर से 12 अक्टूबर 2024 तक डीडीए ग्राउंड मयूर विहार फेस 3 में किया जाएगा। इस भव्य रामलीला का मंचन अयोध्या से आए हुए कलाकारों द्वारा किया जाएगा।

### विवेक विहार में भव्य रामलीला होगी आयोजित



**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): विवेक विहार स्थित डीडीए ग्राउंड में आयोजित होने वाली 'भव्य रामलीला सोसायटी' के कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा रविवार को पारंपरिक रीति रिवाज के साथ भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर भव्य रामलीला सोसायटी के प्रधान सतीश लूथरा, महामंत्री दीपक लूथरा उर्फ बॉबी, उप-प्रधान संजय क्वात्रा उर्फ मोनू, कोषाध्यक्ष हरीश गर्ग, सह-कोषाध्यक्ष अभिषेक बिसारिया आदि सहित कार्यकारिणी कमेटी के समस्त सदस्य अपने-अपने परिवार के साथ भूमि पूजन में मौजूद रहे।

### मारवाह ने पीएम मोदी के लिए रखवाया पाठ



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): ऑल इंडिया केंद्रीय गुरु सिंह सभा के प्रेसिडेंट तरविंदर सिंह मारवाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर केंद्रीय गुरु सिंह सभा की ओर से ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री बाला साहेब में रविवार को एक बजे पाठ रखवाया। 48 घंटे वाणी का यह पाठ श्री गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ होगा और 17 सितंबर को 11:30 से लेकर एक बजे तक कीर्तन होगा। यहां हजारों की संख्या में संतों को लंगर चखाया जाएगा। तरविंदर सिंह मारवाह ने कहा कि रविवार को पीएम मोदी की अच्छी सेहत लंबी आयु के लिए गुरु महाराज के आगे अरदास करायी गई। उन्होंने कहा कि पीएम की लंबी उम्र व अच्छी सेहत हो और वे इसी तरह देश का नेतृत्व करते रहें। देश को विकसित भारत बनाने का उनका संकल्प पूरा हो। इस अरदास में तरविंदर सिंह मारवाह के साथ केंद्रीय गुरु सिंह सभा के सभी सदस्य भी शामिल हुए।

**कार्रवाई** शादी से किया था इनकार तो लड़की के पिता को उतारा मौत के घाट, अब जाएंगे जेल

# हत्या की वारदात के 31 साल बाद पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

● *महरौली स्थिति अस्पताल के बाहर 15 दिनों तक ट्रैप लगाने के बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को दबोचा*



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): बेटी की शादी करने से इनकार करने पर लड़की के पिता की हत्या में शामिल एक आरोपी को दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने 31 साल बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव भिदौरा यूपी निवासी दयाराम (60) के तौर पर हुई है। आरोपी ने अन्य साथियों के साथ मिलकर 18 सितंबर 1993 को शंभू दयाल नामक व्यक्ति की हत्या की थी। इस केस में पुलिस एक-एक कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, मगर दया राम पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। वह कानपुर में छिपकर राजमिस्त्री का काम कर रहा था।

डीसीपी क्राइम ब्रांच अमित गोयल ने बताया कि इंस्पेक्टर मनमीत मलिक के नेतृत्व में एसआई रितेश कुमार, विकास सोलंकी, एचसी बिजेंद्र आदि की टीम नरेला में करीब 31 साल पहले हुए मर्डर केस में वांटेड आरोपी दयाराम की तलाश में जुटी थी। टीम को पता चला कि आरोपी टीबी के इलाज के लिए महरौली स्थित अस्पताल आता है। पुलिस टीम ने उसे पकड़ने के लिए एक या दो दिन नहीं, बल्कि 15 दिनों तक ट्रैप लगाया और उसे गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। हत्या की इस वारदात में पुलिस ने बाबू लाल को वारदात के फौरन बाद ही गिरफ्तार कर लिया था। हत्या के बाद मुन्नी लाल, इसका भाई दयाराम और मुन्नी लाल का बेटा प्रेम नारायण फरार चल रहे थे। अदालत ने तीनों को भगोड़ा घोषित कर दिया था। पुलिस ने वर्ष 2013 में पहले मुन्नी लाल को पकड़ा। इसके बाद जुलाई 2024 में प्रेम और अब उसके चाचा दयाराम को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि 17 सितंबर 1993 को नरेला में शंभू दयाल की हत्या कर दी गई थी। जांच में पता चला कि मृतक के गांव का ही रहने वाला प्रेम नारायण शंभू की बेटी के साथ प्रेम संबंध में था। वह उससे शादी करना चाहता था। नारायण के कहने पर उसका पिता बाबू लाल और चाचा चुन्नी लाल लड़की के पिता शंभू दयाल से उसकी बेटी का रिश्ता मांगने गए थे। मगर उसने बेटी का हाथ देने से मना कर दिया था। इसी बात से नाराज होकर आरोपियों ने योजना बनाकर ईंट पत्थर से हमला कर शंभू दयाल की हत्या कर दी। पुलिस ने पहले बाबू लाल को गिरफ्तार किया। मगर मुन्नी लाल, दयाराम और प्रेम लगातार फरार चल रहे थे। भगोड़ा घोषित करने के बाद पहले वर्ष 2013 में मुन्नी लाल को दबोचा गया। इसके बाद इंस्पेक्टर मनमीत मलिक की टीम ने प्रेम नारायण को नाटकिय अंदाज में गिरफ्तार किया। अब काफी मशक्कत के बाद दयाराम को भी दबोच लिया है।

# जेल में झगड़े व मुखबिरी के शक में युवक को मारी थी गोली, दो गिरफ्तार

**पुलिस ने सुलझाई गोलीकांड की गुत्थी, आरोपियों पर दर्ज हैं 47 केस**



**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): शाहदरा डिस्ट्रिक्ट के स्पेशल स्टाफ व गीता कॉलोनी थाने की संयुक्त टीम ने पुलिस ने धीरज कुमार (25) नामक युवक को गोली मारने की गुत्थी को सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान पंकज रावत उर्फ चिकना (27) और रोशन (23) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से पिस्टल और चोरी की एक बाइक बरामद की है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित धीरज एक मामले में जेल में बंद था। वहां पीड़ित और दोनों आरोपियों के बीच झगड़ा हो गया था। इसी बीच इनके गिरोह एक चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया था। उन्हें लगा कि इसकी मुखबिरी धीरज ने की है। उन्होंने गिरोह के सरगना समीर शेख उर्फ सोनू ने इंस्टाग्राम पर संपर्क कर दोनों को धीरज की हत्या करने के लिए कहा था। इसलिए उन्होंने धीरज पर आठ से दस गोलियां चलाई थी। फायरिंग में उसे चार गोलियां लगी। वह एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि आरोपियों को एसएचओ सत्यवान और इंस्पेक्टर विजय बालियान (इंचार्ज, स्पेशल स्टाफ) के नेतृत्व में एसआई सुनिल, एएसआई प्रमोद एचसी अनुज, सिद्धार्थ और एचसी राजीव की टीम ने पकड़ा है। गत 11 सितंबर को गीता कॉलोनी इलाके में दिनदहाड़े धीरज पर हमला करने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने बदमाशों के फरार होने व आने वाले रूट पर लगे दिल्ली-यूपी में 25 किलोमीटर के अंदर 80 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों की पहचान की और बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# क्लब में लड़कियों पर नोट उड़ाने के लिए करता था चोरी की वारदात, अरेस्ट

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट की एएटीएस टीम ने एक एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सुमित के तौर पर हुई है। आरोपी क्लब में लड़कियों पर पैसे उड़ाने के लिए वाहन चोरी की वारदात को अंजाम देता था। डीसीपी मनोज कुमार मीना ने बताया कि आरोपी सुमित सीमापुरी का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के पास से ईको कार, बाइक, स्कूटी और एक मोबाइल फोन बरामद किए है। डीसीपी ने बताया कि गत 13 सितंबर को पुलिस को सूचना मिली थी सुमित वाहन चोरी करने के उद्देश्य से वजीराबाद के इलाके में आने वाला है। तुरंत एएटीएस की टीम गठित की गई। सूचना वाले स्थान पर जाल बिछाया और बाइक सवार आरोपी को पुराने वजीराबाद फ्लाईओवर के पास से दबोच लिया। इसके पास से बरामद बाइक नंद नगरी से चोरी की पाई गई। इसके अलावा उसकी तलाशी लेने पर एक मोबाइल फोन भी मिला। आरोपी की निशानदेही पर तिमारपुर स्टोर डंप यार्ड के पास से एक और चोरी की स्कूटी और ईको कार बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने खुलासा करते हुए बताया कि वह रोजाना क्लब जाता है और वहां लड़कियों पर खूब पैसे उड़ाता था। आसानी से रुपए जुटाने के लिए ही वह वाहन चोरी करता था। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर आगे की जांच कर रही है।



**सूचना वाले स्थान पर जाल बिछाया और बाइक सवार आरोपी को पुराने वजीराबाद फ्लाईओवर के पास से दबोच लिया**

# डकैती-रंगदारी में शामिल नंदू गैंग के तीन बदमाश गिरफ्तार



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने कुख्यात गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू गिरोह के लिए काम करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। सेल ने आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ एक कारोबारी से वसूली का प्लान भी फेल कर दिया है। दरअसल आरोपी एक कारोबारी से रंगदारी वसूलने का प्लान बना रहे थे।

आरोपी दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में हत्या, हत्या की कोशिश, रंगदारी, डकैती, गोलीबारी की आदि संगीन वारदातों में शामिल रहे हैं। डीसीपी स्पेशल सेल अमित कौशिक ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दीपक, शेखर और सचिन के तौर पर हुई है। आरोपियों को एसीपी वेद प्रकाश की देखरेख में इंस्पेक्टर मान सिंह और संजीव कुमार की टीम ने गिरफ्तार किया है।

आरोपी दीपक उर्फ दाऊद और शेखर उर्फ सोनू ने गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू के कहने पर उत्तम नगर, नजफगढ़ इलाके में जबरन वसूली के लिए प्रॉपर्टी डीलरों, दुकानों, शोरूम के मालिकों, ज्वैलर्स और व्यापारियों के कार्यालयों की रेकी की थी। इनके द्वारा मांगी गई रंगदारी अगर कोई देने से मना करता तो वे उनके परिसर पर फायरिंग कर उन्हें डराते और धमकाते थे। एसीपी वेद प्रकाश की टीम को इस गैंग के बारे में जानकारी मिली और आरोपी दीपक और शेखर को दबोच लिया। इनमें एक आरोपी सचिन छिकारा जेल में बंद था। पुलिस ने उसे कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर हिरासत में ले लिया है।

# वाहन चोरी की लगाई फिफ्टी कनॉट प्लेस पुलिस ने दबोचा



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): कनॉट प्लेस थाना पुलिस टीम ने बाइक व स्कूटी चोरी करने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अमित उर्फ बड़ी के रूप में हुई है। आरोपित 50 से अधिक वाहन चोरी के मामलों में शामिल रहा है। पुलिस ने इसके कब्जे से तीन बाइक बरामद की हैं और 45 से अधिक वाहन चोरी के मामलों को सुलझाने का दावा किया है। डीसीपी (न्यू दिल्ली) देवेश कुमार महाला ने बताया कि गत 23 अप्रैल और 30 अगस्त को कनॉट प्लेस पुलिस थाने में वाहनों के चोरी की शिकायत दर्ज हुई थी। आरोपी को पकड़ने के लिए एसएचओ कनॉट प्लेस संजीव कुमार के नेतृत्व में एक टीम को गठन किया गया। जांच में पता चला कि लुटियंस जोन के अलग-अलग इलाकों से भी कई वाहन चोरी हुए हैं। टीम ने 150 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले और आरोपी अमित की पहचान कर उसे दबोच लिया। आरोपी नशे का आदी है। वह नशे की लत और अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए करीब 50 से ज्यादा बाइक व स्कूटी चोरी कर चुका है।

# जाफरपुर कलां के नाले में मिला लापता युवक का शव

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): द्वारका डिस्ट्रिक्ट के जाफरपुर कलां इलाके में एक युवक का शव नाले में मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने मृतक की पहचान मुकेश राम (32) के तौर पर की है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में भेज दिया है। पुलिस को जांच में पता चला है कि मुकेश गोपाल नगर एक्सटेंशन में रहता था। पुलिस को मृतक के परिजनों से पूछताछ में पता चला कि मुकेश गत 13 सितंबर से ही लापता चल रहा था। उन्होंने बाबा हरिदास नगर थाने में उसकी गुमशुदगी भी दी थी। मुकेश की मौत कैसे हुई यह एक रहस्य बना हुआ है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मुकेश की मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस उसके आधार पर ही आगे की कार्रवाई करेगी। पुलिस के मुताबिक झटीकरा पीकेट के पास करीब ग्यारह बजे नाले में एक युवक की लाश पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही जाफरपुर कलां थाने से पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंचा गया। शव को नाले से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक की पहचान मुकेश राम के तौर पर की। वह 13 सितंबर से लापता था। पुलिस ने बाबा हरिदास नगर थाने में भी मुकेश की मौत होने की सूचना दे दी है। फिलहाल पुलिस मौत के सही कारणों को जानने के लिए पीएम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है।

# पुलिसकर्मी और सेना का जवान बताकर लिफ्ट के बाद करते थे ठगी, गिरफ्तार



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के कमला मार्केट थाना पुलिस ने खुद को पुलिसकर्मी और सेना का जवान बताकर लोगों को ठगने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मोहम्मद शाहरुख और सतीश जायसवाल उर्फ छोटू के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से एक सोने का मंगलसूत्र, 10,900 रुपये कैश और कार बरामद की है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि एसएचओ छुट्टन लाल मीना की टीम ने आरोपियों को पकड़ा है। गत छह सितंबर को थाना कमला मार्केट में एक महिला ठगी को लेकर शिकायत दी। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह मिंटो रोड के बस स्टॉप पर खड़ी थी। इसी दौरान कार में एक व्यक्ति आया और कापसहेड़ा जाने का रास्ता पूछने लगा। इसी दौरान दूसरा व्यक्ति भी आया और कहने लगा कि वह भी वहीं जा रहा है। खुद को पुलिसकर्मी बताकर वह महिला को रास्ते में छोड़ने की बात कहने लगा। महिला कार में बैठ गई। फिर झांसा देकर थैला बदल दिया।

# अलीपुर: घर में घुसे बदमाश के सिर में गुल्लक से हमला कर पकड़ा

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): आउटर-नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट के अलीपुर इलाके में चोरों ने चोरी करने के लिए एक घर में दस्तक दी। इसी बीच एक युवक की आंख खुल गई। युवक ने एक चोर को दबोच लिया। खुद को छुड़ाने के लिए बदमाश ने युवक के सिर पर गुल्लक से हमला कर भागने की कोशिश की, जिससे युवक लहूलुहान हो गया। लेकिन शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग जाग गए। उन्होंने चोर को पकड़ कर उसकी बुरी तरह पिटाई कर दी। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने पीड़ित आशीष कुमार की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, आशीष कुमार, मूलरूप से गांव नंगला मैनपुरी, यूपी का रहने वाला है और अलीपुर इलाके में परिवार के साथ रहता है। वह डिलीवरी ब्वॉय का काम करता है। शिकायत में उसने पुलिस को बताया कि गत 13 सितंबर की रात को खाना खाने के बाद परिवार के सभी सदस्य सो गए थे। उसने कूलर को गेट लगा रखा था। रात करीब दो बजे आहट होने पर उसकी नींद खुल गई। उसने देखा कि दो लड़के कूलर के पास खड़े है। पूछने पर एक लड़के ने बताया कि वह राजेश की तलाश कर रहे हैं। शक होने पर आशीष ने एक युवक को पकड़ लिया, लेकिन बदमाश छुड़ाकर साथी के साथ भाग गया। आशीष फिर सो गया। शोर होने पर उसका साला रोहित भी वहां आ गया। दोनों एक बदमाश को चारपाई के नीचे देखा। बदमाश ने खुद को छुड़ाकर वहां से भागने की कोशिश के दौरान आशीष के सिर पर गुल्लक से हमला कर दिया जिससे पीड़ित लहूलुहान हो गया। आशीष को लहूलुहान देखकर लोगों ने पकड़े गए बदमाश को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया।

**लोगों ने बदमाश की जमकर की पिटाई फिर पुलिस को सौंपा**

# सोनिया विहार मेन रोड से लिंक मार्गों के निर्माण कार्यों का उद्घाटन




**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): करावल नगर, सोनिया विहार में नीची पड़ चुकी गलियों का बड़े स्तर पर निर्माण कार्य चल रहा है। रविवार को भी स्थानीय भाजपा विधायक एवं उपनेता प्रतिपक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने सोनिया विहार मेन रोड मंगल बाजार से जीरो पुस्ता तक की संपर्क मार्गों की गलियों के नवनिर्माण कार्यों का एमएलए लैड से उद्घाटन किया। इस मौके पर मोहन सिंह बिष्ट ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ये सभी गलियां अगले तीन से चार महीने में बनकर तैयार हो जाएंगी। ये गलियां नीची पड़ जाने के कारण नालों का गंदा पानी रोड पर भर रहा था और क्षेत्रीय लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतें हो रही थीं। स्थानीय लोग लगातार इन गलियों को बनाए जाने की मांग कर रहे थे। मगर 'आप' की सरकार में उन्हें इन कामों के लिए समय पर बजट उपलब्ध नहीं कराया गया। जिसकी वजह से इन कामों में देरी हुई। लेकिन अब जल्दी क्षेत्रीय लोगों की दिक्कतें दूर हो जाएंगी। इस मौके पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष राजेश राज, लवलेश शर्मा, डॉ नितीश कौशिक, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा बोबी ठाकुर, काफी संख्या में स्थानीय व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर ने किया सुसाइड



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) दिल्ली के मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज में एक प्रशिक्षु डॉक्टर ने कथित तौर पर अपने छात्रावास के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक डॉक्टर ने बताया कि शाम करीब 7:10 बजे मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज के एमडी (डॉक्टर ऑफ मेडिसिन) पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष के छात्र की आत्महत्या की घटना की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि आत्महत्या करने वाले प्रशिक्षु डॉक्टर की पहचान नवदीप (25) के रूप में की गयी है। वह रेडियोलॉजी पीजी के प्रथम वर्ष में प्रशिक्षु डॉक्टर थे। नवदीप द्वारा फोन न उठाने पर उसके माता-पिता ने उसके मित्र से उसका पता लगाने को कहा था। उन्होंने बताया कि छात्रावास में नवदीप के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था, जिसके बाद जब दरवाजा तोड़ा गया, तो वह फंदे से लटका हुआ मिला।

# 100 से अधिक क्रेटा कार चोरी करने वाले जय-वीरू की जोड़ी गिरफ्तार



**दक्षिणी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): साउथ डिस्ट्रिक्ट के डिफेंस कॉलोनी थाना पुलिस ने जय-वीरू की जोड़ी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सुबूर अनवा और शेख सरदार के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी अभी तक 100 से अधिक क्रेटा कार चोरी कर चुके हैं। वह चोरी के बाद पहले जीपीएस का तार काटते थे और नंबर प्लेट बदल कर आवासीय इलाके में खड़ी कर देते थे। बाद में उन्हें दूसरे राज्यों में बेच देते थे। पुलिस ने इनके पास से चोरी की तीन कार, स्कूटी, टूल किट, छह नंबर प्लेट, नंबर प्लेट के 18 कवर और कार का विंडो पैन बरामद किया है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि आरोपियों को एसएचओ संजय शर्मा के नेतृत्व में बनाई गई इंस्पेक्टर हरपाल सिंह, एसआई सचिन, एसआई योगेश, एचसी गोविंद और एचसी ओम प्रकाश की टीम ने पकड़ा है। डिफेंस कॉलोनी पुलिस को गत छह सितंबर को एक स्कूटी चोरी की एक शिकायत मिली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। टीम ने 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इस दौरान पुलिस को आरोपियों के बारे में सुराग मिला। पुलिस ने गुप्त सूचना के बाद दोनों आरोपियों को दबोच लिया।

# हत्या के बाद भाई की तलाश कर रही पुलिस को कमरे में मिला शव

**हत्या के बाद बदमाशों ने लगाया बाहर से ताला**

**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): शाहदरा डिस्ट्रिक्ट के गीता कॉलोनी इलाके में शाहिद उर्फ आशू की हत्या के बाद पुलिस उसे भाई इरशाद की तलाश कर रही थी। पुलिस ने उसके भाई को कॉल किया तो उसने फोन नहीं उठाया। पुलिस ने उसके मोबाइल नंबर की लोकेशन निकाली तो वह उसके घर की मिली। पुलिस उसके घर पहुंची तो पुलिस को कमरे का दरवाजा बाहर से बंद मिला। पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई तो पुलिस ने शाहिद के भाई का शव खून से लथपथ पड़ा था। उसके सिर में गोली लगी हुई थी। पुलिस आशंका जता रही है कि इरशाद की हत्या करने के बाद बदमाशों ने घर के बाहर से ताला लगा दिया और फिर बाद में शाहिद की हत्या कर दी। सूत्रों का कहना है कि हत्याकांड में शामिल आरोपियों को क्राइम ब्रांच की टीम ने पकड़ लिया हैं।

डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि शनिवार शाम करीब 6.41 बजे एलएनजेपी अस्पताल से गीता कॉलोनी थाना पुलिस को एक युवक को गोली लगने के बाद अस्पताल में भर्ती कराने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम अस्पताल पहुंच गई। पुलिस को पता चला कि डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। बाद में मृतक की पहचान शाहिद उर्फ आशु (20) के रूप में हुई। जांच में पुलिस को पता चला कि अस्पताल लाने के बाद डॉक्टरों ने उसे 5:49 बजे मृत घोषित कर दिया गया था। पुलिस शाहिद की मौत की जांच करते हुए इरशाद के मोबाइल नंबर पर कॉल किया। भाई की मौत के बाद भी इरशाद का फोन न उठाना, पुलिस को गले नहीं उतर रहा था। कई बार कॉल करने पर जब इरशाद का कोई जवाब नहीं मिला तो पुलिस ने इरशाद की तलाश शुरू की। तलाश के दौरान पुलिस ने जब उसके दुकान से थोड़ी दूर स्थित उसके मकान के कमरे का दरवाजा तोड़ा तो इरशाद का शव एक कमरे में पड़ा मिला।

# जूता-चप्पल फैक्ट्री में लगी आग, 20 गाड़ियों ने पाया काबू

● *केशवपुरम इलाके के लॉरेंस रोड का है मामला, आग लगने का कारण शार्ट सर्किट माना जा रहा है*



**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): नॉर्थ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के केशवपुरम इलाके के लॉरेंस रोड स्थित जूता-चप्पल की एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर दमकल विभाग की डेढ़ दर्जन से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली लेकिन लाखों का माल जलकर खाक हो गया। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। पुलिस मामला दर्ज कर आग लगने के कारण पता लगाने की कोशिश कर रही है।

दमकल विभाग के मुताबिक, आग रविवार रात करीब 12.19 बजे आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 20 गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल विभाग ने पांच घंटे में आग पर काबू पाया। पांच घंटे से ज्यादा का वक्त होने की वजह से आसपास की फैक्ट्रियों को भी खतरा था, इसलिए आसपास के दोनों फैक्ट्रियों को खाली करा दिया गया।


## पंजाब केसरी क्लासीफाइड

### व्यापार

#### फूड कार्ट

अपना वड़ा पाव कार्ट बनवाएं
1 दिन में 3-4 हजार कमाए
12 महीने का बिजनेस
9311675423
9311751723

#### पोल्ट्री

एनईसीसी दिल्ली क्षेत्र में आज (16.09.2024) के लिए सुझाया गया फार्म-गेट अण्डे का रेट ₹ 540/- रुपये प्रति 100 अण्डे (व्यापार और उद्योग की जानकारी के लिए) है। 1250396

### नाम परिवर्तन

I, Durwesh W/o Pradeep Kumar R/o Samay Vihar, Apartment, Sector-13, Rohini Delhi-110085, have changed my name to Durwesh Kumari. 1258614

I, Bhavishya Sharma S/o Vijender Singh R/o VPO Kair, Pachosia Panna, Najafgarh, West Delhi-43, have changed my name to Bhavishya. 1258615

### नाम परिवर्तन

I, Rosy Bhatia W/o Jeetendar Singh R/o 293, Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-9, have changed my name to Rosy Walia for all purposes. 1258616

मैं, सुधा देवी, कि मेरे पति सुरेंद्र सिंह बिष्ट बीआरओ - 404 आरएमपीएल/1442 बीसीसी (जीआरईएफ) C/o 56 एपीओ, सर्विस नंबर 163875ए, रैंक डीवीआर/ आरआर2 में सेवारत हैं, गलती से मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम सुधा बिष्ट लिख दिया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम सुधा देवी है, जिसे तदनुसार संशोधित किया जाए। 1258641

I, Mahesh Sharma S/o Kishori Lal Sharma R/o 90 UG ,Kavita Colony, Nangloi, Delhi 110041,have changed my name from Mahesh Kumar Sharma to Mahesh Sharma for all future purposes. 1258567

I, Vijender kumar S/o Raldu Ram Jain R/o 50 Rajendra Park, Nangloi, Delhi-110041, have changed my name to Vijender kumar jain. 1258568

I, Sonu Kumar S/o Vidiyanand Sha R/o D2/17/2, Om Vihar Phase -5 Uttam Nagar, South West Delhi, Delhi -110059, have changed the name of my minor daughter Shanvi aged 06, years and she shall hereafter be known as Tarnya K Kumari. 1258644

### नाम परिवर्तन

I, Iqubal S/o Md. Ataourrahman R/o C-411, Gali no.4, Jahangirpuri, N.S. Mandi, Delhi-110033, in my Bank of Baroda Account No. 33280100020124 my name was written as Ikbal, whereas my correct name is Iqubal. 1258620

I hitherto known as Hariom Baghel alias Jeetesh Kumar S/o Rakesh Singh R/o 00, gomat, VTC: Gomat, PO: Gomat, Sub District: Khair, District: Aligarh, State : Uttar Pradesh-202135, have changed my name and shall hereafter be known as Jeetesh Kumar. 1258643

I, Mohammed Arif S/o Mohd Yusuf R/o 8890 F/F Gali Haji wali Naya Mohalla Pul Bangash Azad Market Delhi-110006, have changed my name to Mohd Arif. 1258619

### सार्वजनिक सूचना

सार्वजनिक सूचना

[illegible]

-हस्ता./-, सत्येन्द्र गोपाल अध्धाना, एडवोकेट, 9818116097, Enrl. No. D-313/B/1998(R), Chamber No. 62, Western Wing, Tis Hazari Courts, Delhi-110054

### कोर्ट नोटिस

(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
VINEET SAPRA
Addl. Principal Judge
Family Court, Faridabad
CNR NO: HRFB01-004471-2023
Next Date: 16-10-2024
SURESH DEVI
Vs.
RAJINDER

Notice to:
Rajinder Singh Nagar S/o Late Shri Tirkha Singh R/o Shiv Farm, Pardhan Shutering Wale, Babugarh Chowni, Near Mama Hotel, Petrol Pump, Hapur, U.P Mob. No. 9953637071

In above titled case, the respondent could not be served. It is ordered that respondent should appear in person or through counsel on 16-10-2024 at 10:00 a.m
For details logon to Https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Faridabad

VIJAY JAMES
D/Addl. Principal Judge
Family Court, Faridabad
Dated, this day of 12-09-2024

### पाठकों को परामर्श

पाठकों को परामर्श दिया जाता है कि वे विज्ञापनों के सम्बन्ध में कोई कार्रवाई करने से पहले तथ्यों की समुचित जांच स्वयं ही अवश्य कर लें, क्योंकि 'पंजाब केसरी' विज्ञापनदाताओं द्वारा किए गए किसी भी दावे की सच्चाई का न तो कोई आश्वासन देता है और न ही समर्थन करता है। इसलिए पाठकों को स्वयं ही अपने आधार पर सभी तथ्यों की जांच करनी चाहिए। किसी भी प्रकार के लेन-देन के लिए यह समाचार पत्र उत्तरदायी नहीं होगा।

### 2023 में दिल्ली में डेंगू के 9,266 मामले सामने आए थे और 19 मौतें दर्ज की गई थीं

# दिल्ली में डेंगू से पहली मौत अब तक 650 से अधिक मामले

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राष्ट्रीय राजधानी में मच्छर जनित बीमारी के मामलों में वृद्धि के बीच दिल्ली में इस साल डेंगू के कारण पहली मौत दर्ज की गई है। लोक नायक अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि पिछले सप्ताह अस्पताल में डेंगू के कारण 54 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। पूर्वी दिल्ली के गांधी नगर इलाके के रहने वाले इस व्यक्ति को 27 अगस्त को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार आठ सितंबर को उसे मृत घोषित कर दिया गया। अस्पताल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पिछले सप्ताह डेंगू के कारण मरीज की मौत हो गई थी। दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार इस वर्ष राष्ट्रीय राजधानी में डेंगू के 650 से अधिक मामले सामने आए हैं। 2023 में दिल्ली में डेंगू के 9,266 मामले सामने आए थे और 19 मौतें दर्ज की गई थीं। गौरतलब है कि पिछले वर्ष जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले नगर निगम ने डेंगू के मामलों और मौतों पर साप्ताहिक रिपोर्ट जारी करना बंद कर दिया था।

### एलएनजेपी में अब तक 110 डेंगू के मरीजों की पुष्टि

एलएनजेपी अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉक्टर सुरेश ने बताया कि अस्पताल में इस साल डेंगू के 110 मामलों की पुष्टि हो चुकी है। इसके अलावा 54 मरीजों में मलेरिया का संक्रमण पाया गया है। शुक्रवार को अस्पताल में 5 नए मरीजों को एडमिट किया गया। अभी अस्पताल में डेंगू के 9 मरीज एडमिट हैं, जिसमें 4 बच्चे हैं। उन्होंने बताया कि एक मरीज आईसीयी में है, जिसे प्लेटलेट्स चढ़ाई गई है। इस दौरान उन्होंने इस बात की भी पुष्टि की कि इस सीजन डेंगू से एक मरीज की मौत भी हुई है।



### सफदरजंग अस्पताल में डेंगू के 4 मरीज

सफदरजंग अस्पताल में भी डेंगू के मामले आ रहे हैं। पिछले 24 घंटे में दो संदिग्ध मरीज को एडमिट किया गया है। इस समय अस्पताल में डेंगू के 4 मरीज एडमिट हैं। 1 जुलाई से अब तक 40 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। राहत की बात यह है कि यहां पर किसी की मौत नहीं हुई है।

एमसीडी के हिंदुराव अस्पताल में भी डेंगू के मामले आ रहे हैं। इस साल अब तक 60 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है और अस्पताल में मलेरिया के एक भी मामले नहीं आए हैं।

सफदरजंग, एलएनजेपी और हिंदूराव को मिलाकर इस सीजन अब तक डेंगू के 210 मामले आ चुके हैं, जबकि एमसीडी के अनुसार इस सीजन अब तक दिल्ली में डेंगू के लगभग 500 मामले आए हैं।

## आईपी विवि परिसर की 7वीं मंजिल से कूदकर छात्र ने दी जान



**दक्षिणी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): द्वारका स्थित आईपी यूनिवर्सिटी में सातवीं मंजिल से कूदकर एक छात्र ने जान दे दी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्र को आनन-फानन में डीडीयू अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवाकर मृतक के परिजनों की इसकी सूचना दे दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान गौतम कुमार (25) के रूप में हुई है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। सूत्रों के अनुसार कुछ दिनों पूर्व गौतम अपने दोस्तों के साथ हॉस्टल में पार्टी कर रहा था। बताया जाता है कि इस दौरान कुछ छात्रों ने शराब का सेवन भी किया था। जिसकी सूचना वार्डन को मिली और उन्होंने एक नोटिस जारी कर सभी छात्रों को हॉस्टल छोड़ने को कहा था। आंशका है कि इसी के चलते उसने सुसाइड किया है। बता दें कि यह आईपी विवि की पहली घटना नहीं है, इससे पहले वर्ष 2014 व 2015 में भी सुसाइड का मामला प्रकाश में आ चुका है। पुलिस मामला दर्ज कर गौतम के दोस्तों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि रविवार शाम करीब 6:20 बजे थाना द्वारका नॉर्थ में सूचना मिली कि एक छात्र ने आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस को मौके पर एक युवक का शव मिला और उसके आसपास खून बिखरा हुआ था। पुलिस उसे लेकर अस्पताल गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में मृतक की पहचान गौतम कुमार के रूप में हुई। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि गौतम आईपी यूनिवर्सिटी मुख्य परिसर, सेक्टर-16 द्वारका में एमबीए प्रथम वर्ष का छात्र था। उसने परिसर की सातवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस की ओर से जांच और जांच कार्यवाही जारी है, ताकि बारीकियों का पता लगाया जा सके। अगर कोई मौत का जिम्मेदार होगा तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

### संक्षिप्त समाचार...

### तलवारबाजी में ऑस्ट्रिया की ब्रगर लिली जीती



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा भारत में आयोजित तलवारबाजी मुकाबले का आज समापन हो गया। इस एसोसिएशन द्वारा भारत में आयोजित इस पहली अंतरराष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता का आयोजन 14-15 सितंबर को नई दिल्ली के के.डी. जाधव एरीना, आई.जी. स्टेडियम में किया गया, जिसमें भारत, नेपाल और ऑस्ट्रिया के 58 तलवारबाजों ने अपना हुनर दिखाया। फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया भारत में फेंसिंग खेल के लिए आधिकारिक गवर्निंग बॉडी है और देश भर में इस खेल के प्रचार और विकास के लिए काम करता है। यह टूर्नामेंट अंतर्राष्ट्रीय फेंसिंग महासंघ (एफआईई) की ग्लोबल सैटेलाइट इवेंट सीरीज़ का हिस्सा है, जिसमें दर्शकों को कौशल और रोमांचक खेल देखने का मौका मिला। आज का फाइनल मुकाबला भारत की तलवारबाज वाइकहोम सोनिया देवी और ऑस्ट्रिया की खिलाड़ी ब्रगर लिली के बीच हुआ,जिसमें ऑस्ट्रिया की ब्रगर लिली विजेता बनी।

### कोविड में किया शिक्षा का प्रसार, मिला सम्मान



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): कोरोना काल के दौरान ई-कंटेंट के जरिए छात्रों की पढ़ाई अनवरत जारी रखने के लिए दिल्ली के शास्त्री नगर स्कूल में बतौर प्राथमिक शिक्षिका नेहा गुप्ता को दिल्ली सरकार की तरफ से राजकीय शिक्षक पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया है। यह वह दौर था जब संपूर्ण लॉकडाउन लागू किया गया था। तब छात्रों की पढ़ाई सबसे अधिक प्रभावित हो रही थी। ऐसे में उन्होंने इनोवेशन के माध्यम से नई पहल करते हुए बच्चों की पढ़ाई को प्रभावित नहीं होने दिया। नेहा गुप्ता ने शिक्षण अधिगम की प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने के लिए ई-कंटेंट का निर्माण किया। जिसके जरिए विभिन्न प्रकार की वीडियो, क्विज संग्रह और ब्लॉग इसमें शामिल किया।

### नारायणा आरडब्ल्यूए के इलेक्शन संपन्न, नई कार्यकारिणी कमेटी गठित

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): पश्चिमी दिल्ली स्थित नारायणा फेज-टू एच ब्लॉक आरडब्ल्यूए की आगामी कार्यकारिणी कमेटी के गठन के लिए रविवार को मतदान किया गया। दोपहर बाद ही वोटों की गिनती के बाद चुनाव परिणाम घोषित कर दिए गए। जिसमें करण पॉल ने अध्यक्ष और सुदीप अग्रवाल ने सचिव पद पर जीत हासिल की है। इसके अलावा हिमांशु भारती उपाध्यक्ष, हेमंत नड्डा कोषाध्यक्ष और परविंद्र कम्बो ने संयुक्त सचिव पद के लिए जीत हासिल की है। आरडब्ल्यूए के नवनियुक्त अध्यक्ष करण पॉल ने बताया कि सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे के बीच मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। सोसायटी के लोगों ने 93 प्रतिशत मतदान किया है। उन्होंने कहा कि वह सोसायटी की समस्याओं के समाधान और उद्धार के लिए अपने स्तर पर कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। सचिव सुदीप अग्रवाल ने कहा कि लोगों ने आरडब्ल्यूए की नई कार्यकारिणी कमेटी में काम करने वाले लोगों को चुना है। उन्होंने बताया कि सोसायटी की बगल में रेलवे लाइन के साथ की दीवार ढह गई है। हमारी कोशिश है कि इसे जल्द ठीक किया जाए, ताकि शरारती तत्व यहां से सोसायटी के अंदर न घुस सकें।

**करण पॉल अध्यक्ष और सुदीप अग्रवाल सचिव चुने गए**



करण पॉल



सुदीप अग्रवाल

### नाले में गिरकर युवक की मौत

**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): भजनपुरा इलाके में रविवार सुबह नाले में गिरकर एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की पहचान हरीश चौधरी (24) के रूप में की है। बताया जा रहा है वह बीती रात अपना जन्मदिन मनाने के लिए निकला था। सुबह घर लौटते वक्त नाले में गिरकर हादसे का शिकार हो गया। उसके पिता दिल्ली पुलिस में एएसआई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। हरीश शादी शुदा थे और उनकी एक ढाई माह की बेटी है। वह इलाके में ही परिवार समेत रहते थे।

### आईपी यूनिवर्सिटी के कुलपति को अंतर्राष्ट्रीय सम्मान

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, दिल्ली के कुलपति पद्मश्री प्रोफेसर (डॉ) महेश वर्मा को इस्तांबुल, तुर्की में आयोजित एफडीआई विश्व दंत संघ की महासभा द्वारा आज प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया है। दंत विज्ञान के क्षेत्र में एक वैश्विक नाम, डॉ वर्मा मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज, नई दिल्ली में प्रोफेसर इमरिटस भी हैं। वह इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ डेंटल रिसर्च (इंडिया) के अध्यक्ष और जिनेवा, स्विट्जरलैंड के विश्व दंत संघ के उपाध्यक्ष और भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले विज्ञान समिति के उपाध्यक्ष भी हैं।

## मेट्रो में यात्रा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नई सुरक्षा रणनीति लागू

### मेट्रो सुरक्षा के लिए दिल्ली पुलिस की एक अलग इकाई



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राष्ट्रीय राजधानी की पुलिस ने बढ़ती अपराध दर से निपटने और मेट्रो ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नई सुरक्षा रणनीति लागू की है। इसके तहत दिल्ली पुलिस व्यस्त समय के दौरान संवेदनशील मेट्रो स्टेशन पर सादे कपड़ों में पुलिस कर्मियों को तैनात करेगी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यह कदम शहर की पुलिस द्वारा अपनी सुरक्षा योजना की समीक्षा के लिए 'समय और स्थान का विश्लेषण" करने के बाद उठाया गया है, क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी में हाल के महीनों में यात्रियों की संख्या में वृद्धि देखी गई है, जिसके कारण दर्ज अपराधों की संख्या में वृद्धि हुई है। पुलिस ने समय और स्थान आधारित विश्लेषण यह जानने के लिए किया कि मेट्रो स्टेशन पर अपराध की घटनाएं किस समय अधिक हुईं। इसके लिए 190 मेट्रो स्टेशन से आंकड़े एकत्र किये गए। इन 190 स्टेशन से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण करके पुलिस ने चोरी, उत्पीड़न और अन्य अपराधों के लिहाज से अतिसंवेदनशील 32 मेट्रो स्टेशन की पहचान की जिनमें कश्मीरी गेट, राजीव चौक, सीलमपुर, आनंद विहार और कालकाजी मेट्रो स्टेशन शामिल हैं। संयुक्त पुलिस आयुक्त (परिवहन रेंज) विजय सिंह ने बताया कि उनका लक्ष्य यात्रियों के लिए सुरक्षित वातावरण बनाना है। उन्होंने कहा, भीड़ में घुल-मिलकर हमारे अधिकारी आपराधिक गतिविधियों को अधिक प्रभावी ढंग से रोक सकते हैं और घटनाओं पर तुरंत प्रतिक्रिया दे सकते हैं। आप उन्हें हमारे अंडरकवर अधिकारी कह सकते हैं।

#### सीआईएसएफ की है मेट्रो की सुरक्षा की जिम्मेदारी

दिल्ली मेट्रो की सुरक्षा सीआईएसएफ (केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) और दिल्ली पुलिस करती है। सीआईएसएफ स्टेशन में प्रवेश करने वाले लोगों की तलाशी और जांच करती है जबकि दिल्ली पुलिस घटना होने पर प्राथमिकी दर्ज करती है, जांच करती है और मेट्रो परिसर के अंदर गश्त भी करती है।लेकिन दिल्ली पुलिस ने मेट्रो सुरक्षा के लिए एक अलग इकाई बनाई है जिसके 16 मेट्रो पुलिस थाने शहर के विभिन्न हिस्सों में मेट्रो परिसरों में स्थित हैं। इस इकाई का नेतृत्व डीसीपी स्तर का अधिकारी करता है। संयुक्त पुलिस आयुक्त सिंह ने बताया कि सुरक्षा उपायों में प्लेटफार्म और ट्रेन में महिला अधिकारियों की उपस्थिति बढ़ाना शामिल होगा, ताकि महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित चिंताओं को दूर किया जा सके।

#### प्रवेश द्वार पर पुलिस अधिकारी की तैनाती

पुलिस अधिकारी ने बताया कि योजना के तहत प्रवेश द्वार पर एक पुलिस अधिकारी तैनात किया जाएगा, जबकि महिला पुलिस कर्मचारियों सहित दो-तीन पुलिसकर्मी व्यस्त समय के दौरान प्लेटफार्म और ट्रेन पर नजर रखेंगे।उन्होंने बताया कि ऐसे कर्मियों की तैनाती इसी सप्ताह से शुरू हो सकती है।

## रोहिणी में वरिष्ठ नागरिकों को मिला मनोरंजन केंद्र



**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): रोहिणी सेक्टर-13 में वरिष्ठ नागरिक लंबे समय से मनोरंजन केंद्र की मांग कर रहे थे, क्योंकि खाली बैठे-बैठे उन्हें बोरियत का सामना करना पड़ता था। मनोरंजन केंद्र ने होने से उन्हें धूप और बरसात में खुले में बैठना पड़ता है। पार्क में अपना समय व्यतीत करते हैं, लेकिन पिछले कई दिनों से तेज बरसात एवं कई बार धूप के कारण उन्हें बैठने की जगह प्राप्त नहीं हो मिल पा रही थी। वो लंबे समय से मनोरंजन केंद्र की मांग कर रहे थे, जिस पर ध्यान देते हुए निगम पार्षद प्रवेश वाही ने एडिशनल कमिश्नर और कमिश्नर से बात करके एवं पत्राचार करके अनेक प्रयासों के बाद बाला साहब देवरस सामुदायिक केंद्र में प्रथम तल पर एक कमरा मुहैया करा दिया गया है। इस दौरान वरिष्ठ नागरिक आनंद जैन, अशोक दीक्षित एवं अग्रवाल को निगम सामुदायिक सेवा समिति के अधिकारियों के साथ कुंजी भेंट की सभी वरिष्ठ नागरिकों ने वाही का अभिनंदन भी किया। फेडरेशन ऑफ रोहिणी सीजीएचएस सोसायटी के लोगों का कहना है कि पार्षद वाही जी के अथक प्रयासों से हमारे बुजुर्गों की संस्था नॉर्थ एक्स सीनियर सिटीजन फोरम को मनोरंजन और बैठने के लिए हरदयाल लाइब्रेरी के साथ एक कक्ष एमसीडी कमिश्नर से मिलकर उपलब्ध कराया। फेडरेशन वाही के प्रयासों की सराहना करता है।


## मध्य प्रदेश शासन, वन विभाग, नई दिल्ली
## सागौन काष्ठ की नीलामी सूचना

म.प्र. शासन वन विभाग के कीर्तिनगर, नई दिल्ली स्थित टिम्बर डिपो में माह अक्तूबर-2024 में नीचे दर्शाई दिनांक को प्रातः 11.00 बजे से सागौन काष्ठ का नीलाम किया जाएगा। इस नीलाम में मध्य प्रदेश के विभिन्न वन मंडलों से प्राप्त भारत की सर्वश्रेष्ठ "सी.पी. टीक" के गोल लट्ठों का विक्रय किया जाएगा। नीलाम में छोटी-छोटी मात्रा के भी लॉट लगाए जाते हैं, जो भवन निर्माण, आंतरिक सज्जा या फर्नीचर के लिए उपयुक्त हैं। बड़ी मात्रा में क्रय करने के इच्छुक व्यापारियों के लिए भी पर्याप्त अवसर हैं।

| डिपो का नाम | वनोपज की अनुमानित मात्रा | वनोपज का अनुमानित मूल्य | नीलाम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| मध्य प्रदेश टिम्बर डिपो सी-1, डब्ल्यूएचएस, न्यू टिम्बर मार्केट, नए थाने के पीछे, कीर्तिनगर, नई दिल्ली-110015 | सागौन काष्ठ के के गोल लट्ठे घ.मी. = 430 (लगभग) | अवरोध मूल्य रु. = 6,80,00,000. (छह करोड़, अस्सी लाख) | 07.10.2024 (सोमवार) 11.00 प्रातः |

अधिक जानकारी के लिए दूरभाष क्रमांक :- 011-25939685, 9111118382 (डिपो कार्यालय) से कार्यालयीन समय में सम्पर्क किया जा सकता है। क्रेता अपना पेन-कार्ड तथा पते के पुष्टिकरण अभिलेख नीलाम के दिन प्रातः 10.00 बजे आवश्यक रूप से रजिस्ट्रेशन एवं अन्य औपचारिकताओं की पूर्ति हेतु साथ लाएं।

हस्ता./- अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक
(जन सम्पर्क एवं विक्रय),
विक्रय डिपो, मध्य प्रदेश शासन वन विभाग, नई दिल्ली

G-16205/24

पेड़ लगाना कर्म हमारा, उन्हें बचाना धर्म हमारा



## दिल्ली विकास प्राधिकरण

वी.न. 09/2024/काशा-I

### रिक्ति सूचना

दिल्ली विकास प्राधिकरण प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण द्वारा निम्नलिखित पदों को भरने के लिए पात्र अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित करता है:–

**उप निदेशक (मिनिस्ट्रीयल)–7वें वेतन आयोग के अनुसार लेवल–11 में 04 पद**

केंद्र/राज्य सरकार से संबंधित अधिकारी, जो समान पद धारण करते हैं या 7वें वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में लेवल–10 में 5 वर्ष की नियमित सेवा वाले अधिकारी या 7वें वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में लेवल–8 में 8 वर्ष की नियमित सेवा वाले अधिकारी अथवा समकक्ष।

पदों की संख्या डीडीए की आवश्यकता के आधार पर भिन्न हो सकती है। पात्रता मानदंड, आवेदन प्रारूप, नियम और शर्तों आदि के बारे में पूरी जानकारी के लिए कृपया डीडीए की वेबसाइट अर्थात **https://dda.gov.in/latest-jobs** देखें।

**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30.09.2024 है।**

आयुक्त (कार्मिक)

हमें फॉलो करें @ddaofficial @official_dda @official_dda_ या डायल करें टोल फ्री 1800-110332


## हिंदी दिवस पर एनएमडीसी को राजभाषा कीर्ति अवॉर्ड

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : एनएमडीसी भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक और सार्वजनिक क्षेत्र की नवरत्न कंपनी को 'ग" क्षेत्र में स्थित उपक्रमों की श्रेणी में वर्ष 2023–2024 के लिए प्रतिष्ठित 'राजभाषा कीर्ति अवॉर्ड" से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में आयोजित हिंदी दिवस समारोह 2024 और चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में प्रदान किया गया। राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एनएमडीसी को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एनएमडीसी की ओर से मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) जी. प्रियदर्शिनी ने गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय से यह अवॉर्ड प्राप्त किया। इस अवसर पर राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह और राज्यसभा के सदस्य सुधांशु त्रिवेदी उपस्थिति थे। इस अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अमिताभ मुखर्जी ने कहा कि एनएमडीसीयह पुरस्कार एनएमडीसी की हिंदी के प्रयोग एवं प्रोत्साहन के लिए निरंतर प्रतिबद्धता और राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के प्रति इसकी उत्कृष्टता को रेखांकित करता है।


### कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, अलीगढ़ वृत्त, लो.नि.वि., अलीगढ़
### ई-निविदा आमंत्रण सूचना (प्रेस विज्ञप्ति)
### दीर्घकालीन ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना

पत्रांक- 4278 / कैशियर (CD-1E) - अ.वृ./24-25 — दिनांक : 07.09.2024

1 महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, अलीगढ़ वृत्त, लो.नि.वि., अलीगढ़, द्वारा निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु सुसंगत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से मद दर के आधार पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक अथवा समस्त कार्यों हेतु निविदा में भाग ले सकता है। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिए न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा निर्देशिका के क्लॉज़ 6 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें।

| क्र. सं. | जनपद का नाम | कार्य का नाम | निर्माण की अनुमानित लागत (A) | अनुरक्षण मद की अनुमानित लागत (B) | कुल अनुमानित लागत (लाख रु. में) | धरोहर धनराशि (लाख रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियंता का पता | अधीक्षण अभियंता के कार्यालय का पता | मुख्य अभियंता कार्यालय का पता | ठेकेदारों की श्रेणी/ अनिवार्य पंजीकरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1. | एटा | वित्तीय वर्ष 2024-25 में मरथरा मिरहची मारहरा मोहनपुरा मार्ग (अ.जि.मा.) का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (पांच वर्ष के अनुरक्षण सहित) | 3750.00 | 93.75 | 3843.75 | 50.00 | 2000+300 +54 Rs. 2354.00 | 15 माह | अधिशासी अभियंता नि., ख.-1, लो.नि.वि., एटा | अलीगढ़ वृत्त, लो.नि.वि. अलीगढ़ | अलीगढ़ क्षेत्र लो.नि.वि. अलीगढ़ | ए (मार्ग कार्य में पंजीकृत) |

2 वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्तें तथा बिडिंग डॉक्यूमेन्ट्स आनलाइन देखे जा सकते हैं तथा दिनांक 28.09.2024 से 05.10.2024 तक देखे जा सकेंगें। ऑनलाइन बिड दिनांक 05.10.2024 को दोपहर 12:00 बजे या इससे पूर्व ई-निविदा http://etender.up.nic.in पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा कर दी जाये एवं ऑनलाइन प्राप्त समस्त टेक्निकल बिड दिनांक 05.10.2024 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।
3 कार्य पूर्ण करने की अवधि 15 माह है।
4 निविदा केवल ई-टेण्डरिंग के माध्यम से http://etender.up.nic.in पर जमा की जाये।
5 इच्छुक निविदादाता जिनके पास डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (DSC) नहीं है, वह इसे निविदा जमा करने से पहले अप्रूव्ड एजेंसी से प्राप्त कर सकते हैं।
6 निविदादाता द्वारा दरें जी.एस.टी. रहित अंकित की जानी है। भुगतान के समय लागू दरों पर जी.एस.टी. देय होगी।
7 किये गये कार्य का डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरिएड 05 वर्ष होगा।
8 तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से ही किया जायेगा।

-हस्ताक्षर/- (आदर्श कुमार वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता, नि.ख.-1, लो.नि.वि., एटा

-हस्ताक्षर/-(एस.के. गौतम)
अधीक्षण अभियन्ता अलीगढ़ वृत्त, लो.नि.वि., अलीगढ़

आर.ओ. संख्या -219397 दिनांक : 11/09/2024



दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग
विनियामक भवन, सी-ब्लॉक, शिवालिक, मालवीय नगर, नई दिल्ली-110017
वेबसाइट: www. derc.gov.in
टेलीफैक्स: +91-11-41080417

## सार्वजनिक सूचना

**जनसुनवाई एवं टिप्पणियों/सुझावों को जमा करने की अंतिम तिथि का विस्तार**

1. आयोग ने 26.05.2023 को प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित अपनी सार्वजनिक सूचना के माध्यम से वित्तवर्ष 2021-22 के व्ययों के सत्यापन (ट्रू-अप) और वित्तवर्ष 2023-24 के लिए कुल राजस्व आवश्यकताओं एवं टैरिफ के लिए दिल्ली की जनरेशन कंपनियों (आईपीजीसीएल और पीपीसीएल), ट्रांसमिशन लाइसेंसधारी (डीटीएल), वितरण लाइसेंसधारियों (एनडीएमसी, बीआरपीएल, बीवाईपीएल और टीपीडीडीएल) और राज्य लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी) दिल्ली, द्वारा दायर याचिकाओं पर हितधारकों से टिप्पणियां/सुझाव आमंत्रित की थीं। टैरिफ याचिकाओं पर टिप्पणियों/सुझावों की प्राप्ति की अंतिम तिथि 10.07.2023 तक या जन सुनवाई की तिथि, जो भी बाद में हो, थी।
2. आयोग द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि वित्तवर्ष 2021-22 के सत्यापन आदेश (ट्रू-अप ऑर्डर) जारी करने के लिए अप्रत्यक्ष रूप से जन सुनवाई (वर्चुअल पब्लिक हियरिंग) आयोजित की जाएगी। अप्रत्यक्ष रूप से जन सुनवाई 08.10.2024 और 09.10.2024 को निम्नानुसार आयोजित की जाएगी:

| | |
|---|---|
| तिथि | 08.10.2024 और 09.10.2024 |
| समय | प्रात 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक |
| पंजीकरण की अंतिम तिथि | 04.10.2024 को सायं 5:00 बजे तक |
| मंच प्लेटफार्म) | गूगल मीट (Google Meet) |
| पंजीकरण की ईमेलआईडी | dercpublichearing@gmail.com |

3. अप्रत्यक्ष रूप से जन सुनवाई में शामिल होने के लिए पंजीकरण की प्रकिया आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है और तद्नुसार हितधारकों को समय स्लॉट के बारे में सूचित किया जाएगा।
4. इसके अलावा, उक्त टैरिफ याचिकाओं पर टिप्पणियों/सुझावों को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 09.10.2024 तक बढ़ा दी गई है। टिप्पणियां/सुझाव व्यक्तिगत रूप से अथवा डाक द्वारा या ई-मेल के माध्यम से आयोग को प्रस्तुत की जा सकती है। टिप्पणियां/सुझाव डीईआरसी के सचिव को secyderc@nic.in पर-मेल भी की जा सकती हैं।

हस्ताक्षरित/-, सचिव,
दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग

DIP/SHABDARTH/CLASSIFIED/0187/24-25


### 'सूत्ररत्नम : जेम्स ऑफ थ्रेड्स' पर हैंडलूम एक्सपो

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : विकास आयुक्त हथकरघा, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार और राष्ट्रीय डिज़ाइन केंद्र (नेशनल डिज़ाइन सेंटर) द्वारा "सूत्ररत्नम : जेम्स ऑफ थ्रेड्स" थीम पर विशेष हैंडलूम एक्सपो का आयोजन जनपथ, नई दिल्ली में 15 से 22 सितंबर 2024 तक किया जा रहा है। इस विशेष एक्सपो का उद्देश्य भारत की पारंपरिक हैंडलूम बुनाई की समृद्ध धरोहर और उसके विकास की यात्रा को प्रदर्शित करना है। देश भर के 75 बुनकर अपनी अनूठी हैंडलूम उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शनी में आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, जम्मू-कश्मीर, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल सहित भारत के विभिन्न राज्यों के रियल हैंडलूम सिल्क और कॉटन साड़ियां, सूट-दुपट्टा सेट, शॉल, स्टोल्स, बेडशीट्स, होम फर्निशिंग्स, धोती, कुर्ता, दरी आदि एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगे। यह एक्सपो भारत के पारंपरिक वस्त्रों की विविधता और उत्कृष्ट शिल्पकला को दर्शाएगा।

### डीयू दाखिला: दोहरी डिग्री के लिए आवेदन शुरू, 30 तक अंतिम तिथि

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) में स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिला प्रक्रिया जारी है। ऐसे में अब स्नातक में दोहरी डिग्री के लिए भी आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी आगामी 30 सितंबर तक इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। गौरतलब है कि डीयू ने नई शिक्षा नीति के तहत इस प्रक्रिया को अपनाया है। जिसमें एक डिग्री नियमित कक्षा से और दूसरी दूरस्त शिक्षा से विद्यार्थी दाखिला ले सकते हैं। बता दें कि इसके लिए प्रवेश प्रक्रिया विश्वविद्यालय के सामान्य दाखिला प्रणाली की तरफ ही होनी है। जो विद्यार्थी दोहरी डिग्री लेना चाहते हैं इसके लिए उन्हें दोनों डिग्री के लिए अलग-अलग विषयों का चयन करना होगा।


### कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग रायसेन (म.प्र.)
### ईमेल:- eepwdraisen@mp.nic.in दूरभाष /फेक्स क्रमांक. 07482.222051

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्र. 06/व.ले.लि./ रायसेन /2024-25 — रायसेन, दिनांक : 09.09.2024

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टैंडर आई.डी. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2024_PWDRB_368942_1 | रायसेन | बी.टी. नवीनीकरण कार्य। | 1-छाबरा से बागपिपारिया गार्ग लम्बाई 8.81 कि.मी. 2-कामतोन से मेहरागांव मार्ग लम्बाई 4.34 कि.मी 3-देवता से बराह मार्ग लम्बाई 3.40 कि.मी पर बी.टी. नवनीकरण कार्य। | प्रथम | 355.56 | |
| 2 | 2024_PWDRB_369086_1 | रायसेन | बी.टी. नवीनीकरण कार्य। | 1- मेहरागांव से उदयगिरी मार्ग लम्बाई 4.78 कि.मी. 2-एस.एच. 15 से पडारिया कलां मार्ग लम्बाई 2.65 कि.मी. 3-नयागांव से गुरारिया मार्ग पर बी.टी. नवीनीकरण कार्य लम्बाई 4.00 कि.मी. कुल लम्बाई 11.43 कि.मी. | द्वितीय | 163.04 | |
| 3 | 2024_PWDRB_369106_1 | रायसेन | बी.टी. नवीनीकरण कार्य। | 1-मनकापुर से धांधला मार्ग लम्बाई 4.80 कि.मी. 2-एस.एच. 15 से सिमारिया खुर्द मार्ग लम्बाई 1.20 कि.मी. 3-जामगढ़ से भागदेई मार्ग पर बी.टी. नवीनीकरण कार्य लम्बाई 1.26 कि.मी. कुल लम्बाई 7.26 कि.मी. | द्वितीय | 119.13 | |
| 4 | 2024_PWDRB_369113_1 | रायसेन | बी.टी. नवीनीकरण कार्य। | 1-खुरसुरू से छिरपुर मार्ग लम्बाई 4.00 कि.मी. 2-रमखिरिया से छिकरा मार्ग लम्बाई 2.35 कि.मी. 3-एन.एच. 12 से दोलश्री मार्ग पर बी.टी. नवीनीकरण कार्य। कुल लम्बाई 7. 35 कि.मी. | द्वितीय | 79.38 | |
| 5 | 2024_PWDRB_369124_1 | रायसेन | बी.टी. नवीनीकरण कार्य। | शान्तीनगर पहुंच मार्ग पर बी.टी. नवीनीकरण कार्य। | प्रथम | 11.04 | |
| | | | | योग | | 728.15 | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की 27/09/2024, (17.30) बजे अंतिम तिथि निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

-हस्ताक्षर/-कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग,
रायसेन, संभाग रायसेन

G-16207/24

# विज ने ठोकी हरियाणा सीएम पद पर दावेदारी

## नायब सैनी को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने के बाद खुल कर आए मैदान में



● पार्टी बनाती है या नहीं यह उनका फैसला

● मैं जहां-जहां गया, लोग कह रहे हैं कि आप वरिष्ठ हो, मुख्यमंत्री क्यों नहीं बने?

**चंडीगढ़,** (पंजाब केसरी) : हरियाणा के पूर्व गृहमंत्री और अंबाला कैंट विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अनिल विज ने रविवार को मुख्यमंत्री पद पर दावा ठोका है। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह दावा करते हुए विधायक-मंत्री रहते हुए अपने काम भी गिनवाए। वहीं हरियाणा के चुनाव प्रभारी केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के कहा कि प्रदेश में नायब सिंह सैनी ही मुख्यमंत्री का चेहरा हैं।

उधर विज ने कहा, 'मैं सबसे वरिष्ठ नेता हूं। अपनी वरिष्ठता के दम पर मुख्यमंत्री बनने का दावा पेश करूंगा। पार्टी बनाती है या नहीं, यह उनका फैसला है।' विज से पहले गुरुग्राम से सांसद और केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह भी मुख्यमंत्री पद के लिए अपना दावा पेश कर चुके हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पिछले 25जून को पंचकूला में नायब सैनी के चेहरे पर हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ने की बात कही थी। इसके बावजूद हरियाणा के कई वरिष्ठ नेता सैनी के नाम पर नाराजगी जता रहे हैं।

विज ने कहा कि मैंने आज तक कोई पद नहीं मांगा, लेकिन सारे हरियाणा से लोग आ रहे हैं। मैं जहां-जहां गया, लोग कह रहे हैं कि आप वरिष्ठ हो, मुख्यमंत्री क्यों नहीं बने? मैं उन लोगों की मांग पर अपनी वरिष्ठता के दम पर मुख्यमंत्री बनने का दावा पेश करूंगा। पार्टी बनाती है या नहीं, यह उनका फैसला है। साल 2014 की मोदी लहर में जब बीजेपी ने पहली बार अपने बूते हरियाणा की 90 में से 47 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत हासिल किया था, तब अनिल विज, रामबिलास शर्मा और ओमप्रकाश धनखड़ मुख्यमंत्री पद की दौड़ में थे। उस दौरान यह चर्चा भी रही कि भाजपा किसी जाट की बजाय पंजाबी चेहरे को मुख्यमंत्री बनाएगी। इससे विज की दावेदारी और प्रबल हो गई, लेकिन उसके बाद भाजपा ने अचानक पंजाबी बिरादरी से ही आने वाले पहली बार के विधायक मनोहर लाल खट्टर का नाम आगे कर दिया। खट्टर साढ़े 9 साल हरियाणा के सीएम रहे। अनिल विज उनके मंत्रिमंडल में प्रभावशाली मंत्री थे।

## साइबर ठगों ने भारत को लगाया 44 अरब का चूना

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): क्रिप्टोकरेंसी के फ्रॉड दुनियाभर में तेजी से बढ़ रहे हैं। बीते साल दुनिया के कई देशों को इस धोखाधड़ी का सामना करना पड़ा। इनमें अमेरिका में तो इससे जुड़े मामलों में 45 फीसदी का उछाल दर्ज किया गया। भारत भी क्रिप्टो स्कैम में 44 अरब डॉलर गंवाकर टॉप-5 देशों में रहा है।

हाल ही में जारी एफबी आई की रिपोर्ट में ये दावा किया गया है। इसके मुताबिक साल 2023 में सबसे ज्यादा नुकसान अमेरिका में हुआ है, जो करीब 5.6 अरब डॉलर रहा है। ये एक साल पहले के मुकाबले 45 फीसदी ज्यादा है। इस लिस्ट में भारत पांचवें स्थान पर है। यहां 840 शिकायतें दर्ज की गई हैं। भारत में क्रिप्टोकरेंसी से कुल नुकसान 4 करोड़ 40 लाख 54 हजार 244 डॉलर का हुआ है। इस तरह भारत उन टॉप-10 देशों में शामिल हो गया है, जहां क्रिप्टोकरेंसी की वजह से सबसे ज्यादा फाइनेंशियल नुकसान हुआ है।

**अर्थजगत**

# पाम ऑयल और वनस्पति तेल सस्ता; दालों में मिला-जुला रुख

**नई दिल्ली,** (एनएनएस): विदेशी बाजारों की गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर मांग फिसलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में पाम ऑयल और वनस्पति तेल सस्ता हो गया जबकि दालों में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन :** सप्ताहांत पर पाम ऑयल 66 रुपये और वनस्पति तेल में 100 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल और सोया रिफाइंड के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी सप्ताह के स्तर पर टिके रहे। सप्ताहांत पर सरसों तेल 13113 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19413 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12380 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11904 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8600 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10966 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

**दाल-दलहन :** बीते सप्ताह दाल-दलहन बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान मसूर दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई जबकि मूंग दाल 200 रुपये और अरहर दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। वहीं, चना, दाल चना और उड़द दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सप्ताहांत पर चना 7200-7300, दाल चना 8200-8300, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9800-9900, उड़द दाल 11000-11100, अरहर दाल 10600-10700 रुपये प्रति क्विंटल रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2700-2800 रुपये और चावल 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** बीते सप्ताह मीठे के बाजार में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले स्तर पर टिके रहे। साप्ताहांत पर चीनी एस 3590-3690, चीनी एम। 4200-4300, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 4600-4700 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

### कल क्या होगा?

**नई दिल्ली,** (एनएनएस) : मंगलवार भाद्रपद सुदी चतुर्दशी को पूर्णिमा का श्राद्ध किया जाएगा। ग्वार, ग्वारगम, देशी घी, देशी चना, मूंग, मोठ, राजमा चित्रा, काबुनी चना, सरसों व सभी खाद्य तेलों में, लोबिया, महुआ फूल, जीरा, हल्दी, लौंग, जावित्री, इमली, अमचूर, लालमिर्च, बादाम, पारा, गुड़, कॉपर, पीतल में लाभ तथा गेहूं, जौ, जई, ढैंचा, ज्वार, तुवर, मसूर, मटर, बिनौला, गोला, पिस्ता, धनिया, अजवाइन, किशमिश, चीनी, दूध पाउडर, वनस्पति घी, शक्कर, अंजीर, जायफल, काजू, द्राख गोला में हानि की संभावना है। भाग्यांक 3-5-7-9 है। यात्रा विचार- दक्षिण दिशा की ओर 7.53 बजे प्रातः से पहले यात्रा करना लाभप्रद होगा।








## जीएसटी परिषद ने स्वास्थ्य, जीवन बीमा पर मंत्री समूह का गठन किया

● बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मंत्री समूह के संयोजक हैं

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): जीएसटी परिषद ने रविवार को विभिन्न स्वास्थ्य और जीवन बीमा उत्पादों के प्रीमियम पर जीएसटी दर का सुझाव देने और 30 अक्टूबर तक अपनी रिपोर्ट देने के लिए 13 सदस्यीय मंत्रिसमूह (जीओएम) का गठन किया। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मंत्री समूह के संयोजक हैं। इस समूह के सदस्यों में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश, गोवा, गुजरात, मेघालय, पंजाब, तमिलनाडु और तेलंगाना के सदस्य शामिल हैं।

9 सितंबर को हुई जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक में जीवन और चिकित्सा बीमा पर जीएसटी के मौजूदा कर ढांचे की जांच और समीक्षा के लिए एक मंत्री समूह गठित करने का फैसला किया गया। बीमा प्रीमियम पर कराधान के बारे में परिषद द्वारा अंतिम फैसला नवंबर में होने वाली अगली बैठक में मंत्री समूह की रिपोर्ट के आधार पर लिए जाने की संभावना है।

वर्तमान में बीमा प्रीमियम पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया जाता है। पैनल के संदर्भ की शर्तों (टीओआर) में वरिष्ठ नागरिकों, मध्यम वर्ग, मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों जैसी विभिन्न श्रेणियों के लिए व्यक्तिगत, समूह, पारिवारिक फ्लोटर और अन्य चिकित्सा बीमा सहित स्वास्थ्य/चिकित्सा बीमा की कर दर का सुझाव देना भी शामिल है। साथ ही, टर्म इंश्योरेंस, निवेश योजनाओं के साथ जीवन बीमा और पुनर्बीमा सहित जीवन बीमा पर कर दरों का सुझाव देना भी शामिल है।

## रुद्रा इकोवेशन ने पीआरएस दुबई कॉन्फ्रेंस में भारत को गौरवान्वित किया

**मुंबई,** (पंजाब केसरी) :सबसे बड़े प्लास्टिक रिसाइक्लर्स में से एक और भारत के लुधियाना में स्थित एकमात्र इंटीग्रेटेड प्लास्टिक रीसाइक्लिंग सुविधा, रुद्रा इकोवेशन ने दुबई में प्लास्टिक रीसाइक्लिंग शो एमई एंड ए 2024 में अपने इनोवेटिव प्रोडक्ट्स और जीरो-वेस्ट मैन्युफैक्चरिंग एप्रोच को गर्व से प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रुद्रा इकोवेशन के विज़नरी अखिल मल्होत्रा द्वारा दी गयी इंस्पायरिंग स्पीच थी, उन्होंने इंडस्ट्री पर अपनी दूरदर्शी इनसाइट्स साझा की और सस्टेनेबल मैन्युफैक्चरिंग में रुद्रा इकोवेशन के नेतृत्व को रेखांकित किया।

उन्होंने इंडस्ट्री में नए बेंचमार्क स्थापित करने की कंपनी की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। सीएमडी श्री मल्होत्रा ने उनकी अत्याधुनिक जीरो-वेस्ट सस्टेनेबल मैन्युफैक्चरिंग प्रॉसेस पर प्रकाश डाला, जहां बोतल के हर हिस्से को अपसाइकल्ड किया जाता है।

## अडाणी समूह ने महाराष्ट्र को बिजली आपूर्ति की बोली जीती

● कांग्रेस ने आरोप लगाया कि यह एक 'धांधली वाला सौदा' है



**नई दिल्ली,** (भाषा): अडाणी समूह ने महाराष्ट्र को दीर्घावधि के लिए 6,600 मेगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा और ताप बिजली की आपूर्ति की बोली जीत ली है। कंपनी ने इसके लिए 4.08 रुपये प्रति यूनिट की बोली लगाई और जेएसडब्ल्यू एनर्जी और टॉरेंट पावर को पीछे छोड़ दिया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। अडाणी के बोली जीतने पर कांग्रेस ने आरोप लगाया कि यह महायुति सरकार द्वारा किया गया एक 'धांधली वाला सौदा' है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा-यह तय है कि आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति सरकार करारी हार के साथ सत्ता से बाहर होने जा रही है। फिर भी उन्होंने अपने आखिरी के कुछ दिनों में ये करना चुना है। निस्संदेह यह 'मोदाणी' का एक और कारनामा है।

मामले की जानकारी रखने वाले दो सूत्रों ने बताया कि 25 साल के लिए नवीकरणीय और ताप बिजली दोनों की आपूर्ति के लिए अडाणी समूह की बोली महाराष्ट्र द्वारा फिलहाल खरीदी जा रही बिजली की दर से एक रुपये यूनिट कम है। इससे राज्य को भविष्य की बिजली जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी।

## मेरठ में वर्ल्ड पीस हार्मनी के चेयरमैन हाजी शकील सैफी का भव्य स्वागत



**मेरठ,** (पंजाब केसरी): आज मेरठ की सड़कों पर वर्ल्ड पीस हार्मनी के चेयरमैन हाजी शकील सैफी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने सैफी साहब का फूल मालाओं से स्वागत किया। हाजी शकील सैफी का यह दौरा शांति और सद्भावना के प्रचार-प्रसार के लिए था, जिसमें स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

सड़कों पर उमड़े इस जनसमूह ने साबित कर दिया कि हाजी शकील सैफी की विश्व शांति और आपसी सौहार्द के लिए की गई पहल को जन-जन में समर्थन मिल रहा है। इस दौरान हाजी शकील सैफी ने लोगों से संवाद किया और आपसी भाईचारे एवं शांति बनाए रखने का संदेश दिया। मेरठवासियों की इस शानदार मेजबानी ने इस कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

## युवा शक्ति से ही बनेगा विश्व का सबसे विकसित राष्ट्र : राज्यपाल

**जयपुर,** (बनवारी कुमावत): राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा है कि लोकतंत्र में संवाद का सर्वाधिक महत्त्व है। इसी से निर्णय संभव होते हैं, सहमति बनती है और लोकतंत्र सुदृढ़ होता है। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र विश्वभर में सबसे बड़ा लोकतंत्र ही नहीं है बल्कि यह संवाद से लोक कल्याणकारी निर्णय लेने वाला भी सबसे बड़ा राष्ट्र है। उन्होंने भारत को विश्व का सबसे बड़ा युवा देश बताते हुए कहा कि युवा शक्ति से ही भारत भविष्य का सबसे विकसित राष्ट्र बनेगा।

उन्होंने युवाओं को "विकसित भारत 2047" के लिए जुटने का आह्वान करते हुए कहा कि भविष्य के विकास रथ के सारथी वही रहेंगे। श्री बागडे रविवार को इंदिरागांधी इंस्टीट्यूट के सभागार में "भारतीय युवा संसद" के कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संवाद से सुस्वाद होता है और सुस्वाद से मैत्री होती है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग शक्ति और साहस का पुंज होता है। आजादी से पहले पूरे नब्बे साल तक युवाओं ने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया। अनंत कांहेरी, खुदीराम बोस आदि युवा थे, तभी से अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष प्रारंभ कर दिया था।

# एक्ट्रेस कादंबरी जेठवानी को परेशान करने के मामले में तीन आईपीएस सस्पेंड



**हैदराबाद,** (पंजाब केसरी): आंध्र प्रदेश सरकार ने रविवार को 3 सीनियर आईपीएस अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया, जिनमें डीजी रैंक का भी एक अधिकारी शामिल है। आईपीएस के इन ऑफिसर्स यह ऐक्शन मुंबई की एक्ट्रेस व मॉडल कादंबरी जेठवानी के मामले में लिया गया। इन पर महिला को उसके खिलाफ दर्ज मामले में उचित जांच के बिना जल्दबाजी में गिरफ्तार करने और परेशान करने में संलिप्तता का आरोप है।

सरकारी आदेश के मुताबिक, पूर्व खुफिया प्रमुख पी. सीताराम अंजनेयुलु (महानिदेशक रैंक), विजयवाड़ा के पूर्व पुलिस आयुक्त कांथी राणा टाटा (महानिरीक्षक रैंक) और तत्कालीन पुलिस उपायुक्त (विजयवाड़ा) विशाल गुन्नी (पुलिस अधीक्षक रैंक) कार्रवाई हुई है। इन्हें अभिनेत्री के उत्पीड़न में उनकी भूमिका का खुलासा होने के बाद निलंबित कर दिया गया। कादंबरी जेठवानी ने आरोप लगाया कि पिछली सरकार के दौरान पुलिस अधिकारियों ने उन्हें धमकी दी थी।

## रेस इको चेन स्ट्रेटेजिक जॉइंट वेंचर बनाएगा

**गाज़ियाबाद,** (पंजाब केसरी) : प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट में लगी भारत की सबसे तेजी से बढ़ती कंपनियों में से एक, रेस इको चेन लिमिटेड ने घोषणा की है कि वह और गणेशा इकोस्फीयर लिमिटेड, भारत में सबसे बड़ा पीईटी रिसाइक्लर है और यह मिलकर गणेशा रीसाइक्लिंग चेन प्राइवेट लिमिटेड नामक एक जॉइंट वेंचर बनाएंगे। इस विकास के बारे में बात करते हुए, रेस इको चेन लिमिटेड के मैनेजमेंट ने आगे कहा कि यह जॉइंट वेंचर रेस बिज़नेस के एक महत्वपूर्ण फॉरवर्ड इंटीग्रेशन का प्रतीक है, जो रेस को हाइअर-मार्जिन वाले अवसरों के लिए स्थापित करता है। हमें विश्वास है कि गणेशा इकोस्फीयर के एक्सटेंसिव रिसोर्सेज़ और इंडस्ट्री एक्स्पर्टीज़ का लाभ उठाने से हम अपने आर्थिक और पर्यावरणीय दोनों उद्देश्यों को प्राप्त करने में सक्षम होंगे, जिससे भविष्य के लिए सतत विकास होगा।

## ग्रीनलैंड में भूस्खलन से उठी 650 फीट ऊंची सुनामी, 9 दिन तक पृथ्वी पर लगे झटके

● अन्य भूस्खलन और सुनामी से भी भूकंपीय संकेत मिलते हैं

**वॉशिंगटन,** (एजेंसी): पृथ्वी पर पिछले साल एक आश्चर्यजनक भूकंपीय घटना देखने को मिली थी। 9 दिनों तक इससे पृथ्वी हिली थी। अब एक शोधकर्ता ने बताया कि इसके पीछे ग्रीनलैंड फजॉर्ड में बर्फ पिघलने के कारण पैदा हुई सुनामी थी। साइंटिफिक जर्नल साइंस में हाल ही में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक सितंबर 2023 में दर्ज किए गए झटके ग्रीनलैंड के सुदूर पूर्व में डिक्सन फजॉर्ड में आगे और पीछे हिलती हुई विशाल लहरों से पैदा हुए थे। रिपोर्ट के लेखकों में से एक डेनमार्क और ग्रीनलैंड के भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के क्रिस्टियन स्वेनविग ने बताया, 'इस घटना के बारे में पूरी तरह से अनोखी बात यह है कि भूकंपीय संकेत कितनी देर रहे और उनकी फ्रीक्वेंसी कितनी स्थिर रही।' उन्होंने कहा, 'अन्य भूस्खलन और सुनामी से भी भूकंपीय संकेत मिलते हैं, लेकिन केवल कुछ घंटों के लिए और बहुत ही स्थानीय स्तर पर। लेकिन इसे वैश्विक स्तर पर पूरे अंटार्कटिक तक देखा गया।' इस घटना ने शुरू में वैज्ञानिकों को हैरान कर दिया। इसे अज्ञात भूकंपीय वस्तु कहा गया, जिसका स्रोत भूस्खलन माना जा रहा था।

## डीएम के एक्स अकाउंट से अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**नोएडा,** (पंजाब केसरी) : गौतमबुद्ध नगर के डीएम मनीष वर्मा के आधिकारिक एक्स अकाउंट से कांग्रेस नेता की पोस्ट पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में सेक्टर 20 थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी जिलाधिकारी के आधिकारिक अकाउंट को हैंडल करता था। उसने कांग्रेस नेता की पोस्ट पर टिप्पणी की थी।

पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान अलीगढ़ के अतरौली निवासी सोहन सिंह के रूप में हुई है। वह फिलहाल दिल्ली के बुराड़ी में रह रहा है। आरोपी सोहन सिंह ने पुलिस को बताया कि वह उच्च अधिकारियों के निर्देश पर जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर के 'एक्स' हैंडल को संचालित कर रहा था। वह पिछले तीन महीने से डीएम के 'एक्स' हैंडल को अपने निजी मोबाइल से संचालित कर रहा था। उसने 'एक्स' पर अपना अकाउंट भी बना लिया है और उसी मोबाइल से उसे संचालित कर रहा है। शुक्रवार शाम करीब सात बजे सोहन ने 'एक्स' हैंडल पर कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत की पोस्ट पढ़ी, जो प्रधानमंत्री के बारे में थी। इसे पढ़कर उसे बुरा लगा और उसने उस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए टिप्पणी की।

## महाराष्ट्र चुनाव नवंबर के दूसरे हफ्ते में होने की संभावना : मुख्यमंत्री शिंदे

**मुंबई,** (पंजाब केसरी): महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को कहा कि राज्य विधानसभा चुनाव नवंबर के दूसरे सप्ताह में होने की संभावना है और सत्तारूढ़ सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे को अगले 8 से 10 दिन में अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

शिंदे ने मुंबई में अपने आधिकारिक आवास 'वर्षा' में संवाददाताओं से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि 288 सदस्यीय राज्य विधानसभा के लिए दो चरणों में चुनाव कराना बेहतर रहेगा।उन्होंने कहा कि महायुति सरकार विकास और कल्याणकारी उपायों पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

## आवासीय विद्यालय में कक्षा 9 की छात्रा से छेड़छाड़, प्रबंधक गिरफ्तार

**नोएडा, (पंजाब केसरी) :** सेक्टर-113 थाना क्षेत्र के एक आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाली कक्षा 9 की छात्रा के साथ विद्यालय प्रबंधक द्वारा छेड़छाड़ व बदसलूकी का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी प्रबंधक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपी शिक्षक होने के साथ-साथ विद्यालय का प्रबंधक भी है। पुलिस आरोपी से पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।

पुलिस को दी गई शिकायत में एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी (15) सोरखा स्थित आवासीय विद्यालय में पढ़ती है। आरोप है कि विद्यालय प्रबंधक ने किशोरी के साथ तीन-चार बार ऐसी हरकत की। जो आपत्तिजनक व अश्लील थी। किशोरी ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी प्रबंधक नरेंद्र ने उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। कई बार विरोध करने के बाद भी जब आरोपी की हरकतों में सुधार नहीं आया तो किशोरी ने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी। छात्रा मूल रूप से दूसरे जिले की रहने वाली है। घटना की जानकारी मिलने के बाद शनिवार को किशोरी के परिजन अन्य लोगों के साथ थाने पहुंचे। परिजनों की मांग है कि एफआईआर दर्ज की जाए और आरोपी शिक्षक को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। मामला सामने आते ही एडिशनल डीसीपी मनीष कुमार मिश्रा और एसीपी ट्विंकल जैन थाने पहुंचे। आरोपी शिक्षक की गिरफ्तारी का आश्वासन मिलने के बाद थाने में मौजूद पीड़ित पक्ष के लोग वहां से चले गए।

## लोक अदालत के जरिए सात माह में 10 लाख से अधिक मामले निपटाए गए

**नोएडा,** (पंजाब केसरी) : इस वर्ष तीन बार आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के जरिए जिले में 10 लाख से अधिक मामले निपटाए गए। इनमें से अधिकांश मामले राजस्व, यातायात, बैंक वसूली और बिजली विभाग से संबंधित थे। वहीं, शनिवार को आयोजित लोक अदालत में 3,34,608 मामले निपटाए गए। अपर जिला जज ऋचा उपाध्याय ने बताया कि जिला जज अवनीश सक्सेना की अध्यक्षता में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला न्यायालय में कुल 1,34,468 मामले निपटाए गए।

## बीएमडब्ल्यू ने दो महिलाओं को रौंदा

**इंदौर,** (पंजाब केसरी) मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार ने एक स्कूटर को टक्कर मार दी, जिससे उस पर सवार दो महिलाओं की मौत हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि शनिवार देर रात हुए इस हादसे के बाद बीएमडब्ल्यू चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने कार मालिक और चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। खजराना थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव के मुताबिक, खजराना थाना क्षेत्र में यह हादसा उस समय हुआ, जब लक्ष्मी तोमर और दीक्षा जादौन प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर मेले में घूमने के बाद स्कूटर से घर लौट रही थीं। सेंधव ने कहा, "प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक बीएमडब्ल्यू कार ने स्कूटर को टक्कर मार दी। टक्कर के कारण स्कूटर पर सवार दोनों महिलाएं सड़क पर गिर गईं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों को पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।" लक्ष्मी तोमर के परिजनों ने बताया कि वह अपने परिवार की एकमात्र कमाऊ सदस्य थी, क्योंकि उसके पिता का पिछले साल निधन हो गया था। मूल रूप से शिवपुरी निवासी लक्ष्मी इंदौर में काम करके अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही थी।

## शिमला मस्जिद विवाद : विहिप नेताओं और पूर्व पार्षदों पर मामले हुए दर्ज

**शिमला,** (पंजाब केसरी): हिमाचल प्रदेश के शिमला के संजौली क्षेत्र में एक मस्जिद के अवैध हिस्से को गिराने की मांग को लेकर हुए विरोध-प्रदर्शन के दौरान हिंसा करने के आरोप में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के नेताओं, पूर्व पार्षदों और पंचायत प्रमुखों सहित 50 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। प्रदर्शनकारियों की 11 सितंबर को सुरक्षाकर्मियों के साथ झड़प हुई। प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड तोड़ दिए और पत्थरबाजी की, जबकि पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारें कीं और लाठियां बरसाईं।

## सीएम सिद्धारमैया की कुर्सी की तरफ लपका युवक, सुरक्षाकर्मियों ने दबोचा

**बंगलूरू,** (पंजाब केसरी): कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया की सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई है। दरअसल एक कार्यक्रम के दौरान एक संदिग्ध युवक सीएम की कुर्सी की तरफ लपका, लेकिन समय रहते ही सीएम के सुरक्षाकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। सुरक्षाकर्मियों ने संदिग्ध युवक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। इसके बाद पुलिस युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया एक कार्यक्रम के दौरान मंच पर मौजूद थे। उसी दौरान एक संदिग्ध युवक तेजी से दर्शकदीर्घा से उठकर मंच पर मौजूद सीएम सिद्धारमैया की कुर्सी की तरफ लपका। हालांकि सीएम की सुरक्षा में मौजूद सुरक्षाकर्मी तुरंत खतरे को भांप गए और उन्होंने समय रहते युवक को सीएम की कुर्सी तक पहुंचने से पहले ही दबोच लिया। अभी तक युवक की इस हरकत की वजह का पता नहीं चला है।

## 12 राशियां और आपका दिन



Forecast for 16 September, 2024
By: Dr. Prem Kumar Sharma
(Astrologer, Palmist, Numerologist & Vastu Consultant)
Email: psharma@premastrologer.com,
Url: http://www.premastrologer.com
Contact: Panchkula: +91-172-2562832, 2572874
Delhi: +91-11-47033152/40532026

premastrologer premastrologer premastrologer askpremastrologer




**मेष ARIES** (21 मार्च- 20 अप्रैल) बेहतर फिटनेस के लिए डेली रूटीन में बदलाव लाना होगा। प्रोफेशनल फ्रंट पर अपने काम में स्पष्टता लाने का प्रयास करें। कुछ लोग लॉन्ग ड्राइव पर जा सकते हैं।
**लकी नंबर- 6, लकी कलर- व्हाइट**

**वृषभ TAURUS** (21 अप्रैल- 20 मई) बिज़नेस मैन को अच्छा प्रॉफिट होने की उम्मीद है। फिजिकली फिट रहने के लिए मेहनत करनी होगी। फाइनेंशियल फ्रंट पर खर्चों पर काबू रखें। फैमिली मेंबर्स को आपके आइडिया पसंद आएंगे।
**लकी नंबर- 5, लकी कलर- ग्रीन**

**मिथुन GEMINI** (21 मई- 21 जून) फिटनेस के प्रति जागरुक होने से हेल्थ अच्छी रहेगी। प्रोपर्टी लेनदेन में भाग्य आपका भरपूर साथ देगा। फैमिली के सपोर्ट से आप बेहतर तरीके से परफॉर्म करेंगे।
**लकी नंबर- 9, लकी कलर- रेड**

**कर्क CANCER** (22 जून- 22 जुलाई) वर्कप्लेस पर उपलब्धि के कारण सीनियर्स प्रशंसा करेंगे। अच्छी शेप वापस पाने के लिए सही समय है। आमदनी के नए स्रोत मिलने से आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।
**लकी नंबर- 8, लकी कलर- सिल्वर**

**सिंह LEO** (23 जुलाई- 23 अगस्त) निवेश के अच्छे अवसर मिलने की संभावना है। ऑफिस में मिले टास्क बेहतर तरीके से पूरे करेंगे। सभी लोगों को अपनी प्रतिभा से इंप्रेस करेंगे। परिवार का पूरा सपोर्ट आपको मिलता रहेगा।
**लकी नंबर- 17, लकी कलर- क्रीम**

**कन्या VIRGO** (24 अगस्त- 23 सितंबर) आर्थिक मामलों में आज का दिन उत्तम रहेगा। कुछ बड़े फैसले आज लेने पड़ सकते हैं। कार्यस्थल पर जरूरी कार्यों में व्यस्त रहेंगे। युवा फैमिली मेंबर के कारण गर्व महसूस होगा। करीबी लोग आपको फिटनेस के लिए मोटिवेट करेंगे।
**लकी नंबर- 2, लकी कलर- येलो**

**तुला LIBRA** (24 सितंबर- 23 अक्टूबर) व्यापारियों के लिए समय अच्छा चल रहा है। बहुत जल्द नया घर लेने का मन बना सकते हैं। समाज में पुराने लोगों के साथ संपर्क बनाए रखें। प्रोपर्टी में निवेश करने के लिए समय अच्छा है।
**लकी नंबर- 4, लकी कलर- सैफ्रॉन**

**वृश्चिक SCORPIO** (24 अक्टूबर-22 नवंबर) ऑफिस में सीनियर्स आपके काम पर नज़र रख सकते हैं। जल्द नए घर या अपार्टमेंट के ओनर बन सकते हैं। नया वर्कआउट रूटीन आपकी सेहत के लिए अच्छा रहेगा।
**लकी नंबर- 1, लकी कलर- ऑरेंज**

**धनु SAGITTARIUS** (23 नवंबर- 21 दिसंबर) पूर्व निवेश से अच्छा रिटर्न मिलने की उम्मीद है। घर में किसी समारोह के कारण व्यस्त रह सकते हैं। करियर को आगे बढ़ाने के लिए अधिक प्रयास करने होंगे।
**लकी नंबर- 3, लकी कलर- मैजेंटा**

**मकर CAPRICORN** (22 दिसंबर-21 जनवरी) सामाजिक समारोह में आप आकर्षण का केंद्र बने रहेंगे। प्रोजेक्ट में कुछ मामूली बदलाव करने पड़ सकते हैं। निरंतर प्रयासों से छात्र अकेडमिक फ्रंट पर आगे बढ़ते रहेंगे।
**लकी नंबर- 2, लकी कलर- पिंक**

**कुंभ AQUARIUS** (22 जनवरी- 19 फरवरी) रेगुलर एक्सरसाइज़ रूटीन से ब्रेक ले सकते हैं। किसी डील में मोलभाव करना काफी चुनौती पूर्ण होगा। कुछ लोग अपनी प्रोपर्टी रेंट पर दे सकते हैं। शैक्षणिक मोर्चे पर कोई भी रिस्क न लें।
**लकी नंबर- 8, लकी कलर- ब्लू**

**मीन PISCES** (20 फरवरी- 20 मार्च) सही खानपान और एक्टिव लाइफ स्टाइल से आप फिट रहेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में अपना फोकस बनाए रखने की जरूरत है। वर्कप्लेस पर कोई आपके साथ गंदी पॉलिटिक्स खेल सकता है। कोई लग्ज़री आइटम आप खरीद सकते हैं।
**लकी नंबर- 22, लकी कलर- गोल्डन**

ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्
भगवान इस जग के कण-कण में विद्यमान हैं।




# सिस्टम से हारती जिंदगी

**देशभर** में हो रही बारिश से जनित हादसों में लोगों की मौतों की खबरें लगातार आ रही हैं। वर्षा के चलते शहर तालाब में तब्दील हो रहे हैं। राजधानी दिल्ली हो या उसके आसपास के शहर। औद्योगिक शहर फरीदाबाद हो, गुरुग्राम हो या फिर गाजियाबाद हो या नोएडा जलभराव की समस्या से लोगों को जूझना पड़ता है। शहरों में अंडरपास स्वीमिंग पूल बन जाते हैं। हल्की सी बारिश से ही दो-तीन फीट पानी तो आम है। बिना प्लानिंग के विकास लोगों के लिए अभिशाप बन चुका है। विडम्बना यह है कि लोगों को न तो चलने के लिए दुरुस्त सड़कें मिल रही हैं और न ही जल निकासी की बेहतर व्यवस्था है। ड्रेनेज सिस्टम विफल हो जाने से शहर जलमग्न हो रहे हैं। स्थानीय निकाय वर्षा पूर्व तैयारी को लेकर मैन पावर, मशीनरी पावर और मनी पावर का इस्तेमाल करता है। करोड़ों रुपए हर साल खर्च किए जाते हैं लेकिन कोई जवाबदेही नहीं है। हम स्मार्ट सिटी की बात करते हैं, तेज रफ्तार बुलेट ट्रेनों की परियोजनाएं तैयार करते हैं। बड़े-बड़े शॉपिंग मॉल महानगरों की संस्कृति का एहसास कराते नजर आते हैं।

साल दर साल जब बारिश से सड़कें जलमग्न होती हैं और लोगों के घरों में पानी और मलबा घुस जाता है या जब किसी की जिंदगी डूबती है तब प्लान पर चर्चा जरूर होती है। राजनीतिक दलों की जुबां पर समाधान कम और राजनीति के शब्दबाण अधिक होते हैं। हरियाणा में ओल्ड फरीदाबाद के अंडरपास में एसयूवी कार डूबने से दो बैंक कर्मियों की दुखद मौत बहुत सारे सवाल खड़े करती है। मौत के अंडरपास में 10 से 12 फीट पानी भरा हुआ था। गुरुग्राम के एक बैंक में मैनेजर पुण्य श्रेय शर्मा और कैशियर विराज द्विवेदी दोनों एक ही गाड़ी में आ रहे थे। अंडरपास में कार डूबने पर उन्होंने बाहर निकलने के लिए बहुत हाथ-पांव मारे लेकिन पानी ज्यादा होने की वजह से वह निकल ही नहीं पाए और कार के दरवाजे भी लॉक हो गए। इस अनहोनी के लिए आखिर किसे दोषी माना जाए। लोगों का कहना है कि अगर पुलिस ने अंडरपास पर बैरिकेट लगाई होती तो शायद वो लोग कार को रेलवे के अंडरब्रिज से ले जाने की कोशिश नहीं करते जबकि पुलिस का कहना है कि ब्रिज के पास पुलिस की बैरिकेटिंग और सावधानी से आगे जाने से मना किया था लेकिन उन्होंने कार नहीं रोकी। पिछले तीन दिनों में फरीदाबाद में भारी बारिश हुई जिससे कई इलाके आभासी नदियों में बदल चुके हैं। यह दुखद घटना अंधेरे और गंभीर जलभराव के कारण घटी जिन पर मृतकों का ध्यान नहीं गया। महानगरों में ऐसे हादसे पहले भी हो चुके हैं।

> **साल दर साल जब बारिश से सड़कें जलमग्न होती हैं और लोगों के घरों में पानी और मलबा घुस जाता है या जब किसी की जिंदगी डूबती है तब प्लान पर चर्चा जरूर होती है। राजनीतिक दलों की जुबां पर समाधान कम और राजनीति के शब्दबाण अधिक होते हैं। हरियाणा में ओल्ड फरीदाबाद के अंडरपास में एसयूवी कार डूबने से दो बैंक कर्मियों की दुखद मौत बहुत सारे सवाल खड़े करती है। मौत के अंडरपास में 10 से 12 फीट पानी भरा हुआ था। गुरुग्राम के एक बैंक में मैनेजर पुण्य श्रेय शर्मा और कैशियर विराज द्विवेदी दोनों एक ही गाड़ी में आ रहे थे। अंडरपास में कार डूबने पर उन्होंने बाहर निकलने के लिए बहुत हाथ-पांव मारे लेकिन पानी ज्यादा होने की वजह से वह निकल ही नहीं पाए और कार के दरवाजे भी लॉक हो गए।**

बारिश पूरे जिम्मेदार सिस्टम को आइना दिखा रही है। हैरानी की बात तो यह है कि दो लोगों की मौत के बाद भी अंडरब्रिज से अभी तक पूरी तरह से पानी नहीं निकाला जा सका। यह हादसा मृतकों की लापरवाही का परिणाम माना जा सकता है लेकिन दूसरा पहलू यह भी है कि लोगों की जिंदगियां सिस्टम से हार रही हैं। शहरों में जल निकासी के रास्तों पर अवैध कब्जे मुसीबत बन चुके हैं। शहरों के नाले-नाली से लेकर पुल-पुलिया के आसपास जल निकलने के रास्तों पर कब्जा हो चुका है। शहरों की आबादी लगातार बढ़ रही है और बुनियादी ढांचा दम तोड़ने लगा है। हाल ही में दिल्ली के ओल्ड राजेन्द्र नगर में एक कोचिंग सेंटर की बेसमेंट में बनी लाइब्रेरी में पानी भरने से तीन छात्रों की मौत के बाद काफी बवाल मचा था। जिन घरों के चिराग बुझ गए उनका गुनहगार कौन है। अभी तक जांच ही चल रही है।

देश के अधिकतर महानगर दिल्ली, कोलकाता, चैन्नई, मुंबई, पटना, लखनऊ, प्रयागराज, बनारस, बेंगलुरु, इंदौर, भोपाल, हैदराबाद, रायपुर, जयुपर, अमृतसर, लुधियाना आदि महानगरों व शहरों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं है। मुंबई में मीठी नदी के उथले होने और 50 साल पुरानी सीवर व्यवस्था के जर्जर होने के कारण बाढ़ के हालात अब आम बात बन चुकी है। बेंगलुरु में पुराने तालाबों के मूल स्वरूप में अवांछित छेड़छाड़ को बाढ़ का कारण माना जाता है। शहरों में बाढ़ रोकने के लिए सबसे पहला काम तो वहां के पारंपरिक जल स्त्रोतों में पानी की आवक और निकासी के पुराने रास्तों में बन गए स्थाई निर्माण को हटाने का करना होगा। महानगरों में भूमिगत सीवर जलभराव का सबसे बड़ा कारण हैं। यूपी के अधिकतर शहरों में तालाबों पर अवैध कब्जे हो चुके हैं। शासन-प्रशासन के प्रयास के बावजूद अवैध निर्माण और कब्जे रुक नहीं रहे हैं। इसी के चलते यूपी के अधिकतर शहरों में बरसात के दिनों में घुटनों तक पानी भर जाना आम बात है।

शहरों में अनियंत्रित और अनियोजित विकास ने जलभराव की समस्या को जन्म दिया है। वहीं हमने अतिक्रमण करके नदियों का प्रवाह संकरा कर दिया है। रही-सही कसर गाद के जमा होने से उसकी कम होती गहराई पूरा कर दे रही है। पहले नदियों के कैचमेंट में बारिश के पानी को रोकने के स्त्रोत हुआ करते थे- तालाब, पोखर, झील। अनियोजित विकास ने तालाब और पोखरों को गायब कर दिया है। लिहाजा बारिश का पानी अब रास्ता बनाता हुआ बरसात के तुरन्त बाद नदियों में जा मिलता है। जो उन्हें उफनने पर विवश करता है। पहले भी यह पानी नदियों तक पहुंचता था लेकिन वह नियंत्रित होता था। उसे सालभर हम सिंचाई से लेकर तमाम जरूरतों में इस्तेमाल करते थे, भू जल रिचार्ज होता रहता था जो बचता था वह नदियों में जाता था। लिहाजा सामान्य बारिश होने पर नदियां असामान्य रूप नहीं दिखा पाती थीं। सिस्टम तो लगातार विफल होता जा रहा है। शहरों को डूबने के लिए भले ही हम उसे दोष दें या प्रकृति को परन्तु इसके लिए हम सब गुनहगार हैं। विकास के लिए बेहतरीन डिजाइन भी होने चाहिए। अगर नियोजित विकास नहीं हुआ तो शहर रहने लायक नहीं रहेंगे।

**आदित्य नारायण चोपड़ा**
Adityachopra@punjabkesari.com

## कहीं सूखा तो कहीं बाढ़ का...



16 सितंबर का दिन हमें यह बात याद दिलाता है,
कि ''विश्व ओजोन दिवस'' बढ़ते जलवायु परिवर्तन-
पर अंतर्राष्ट्रीय प्रकाश चाहता है,
पर्यावरण से किया खिलवाड़ समस्त मानवता पर खतरा बन मंडराता है,
कहीं सूखा तो कहीं बाढ़ का भयावह मंजर ले आता है !

गीता पाढा

# चुनाव-प्रबंधन : कितना महंगा हो चला है लोकतंत्र



डा. चन्द्र त्रिखा
chandertrikha@gmail.com

**वैसे** यह भी अविश्वसनीय लगता है। पार्टी टिकट के लिए करोड़ों का खर्च प्रति उम्मीदवार। शक्ति प्रदर्शन की पहली रैली व जुलूस पर खर्च 50 से 60 लाख (इसमें वाहनों का खर्च, प्रचार सामग्री, बैनर, झंडे, माइक व एक सीमा तक मीडिया-प्रबंधन शामिल)। नामांकन-पत्र दाखिल करने के बाद पांच से सात तक बड़ी रैलियां-कुल खर्च प्रति रैली 50 लाख से एक करोड़ रुपए। उसके बाद घर-घर संपर्क और कुछ बस्तियों में दारू-सेवा एवं दक्षिणा, इसकी कोई सीमा नहीं। कुल मिलाकर हर गंभीर उम्मीदवार 8 से 10 करोड़ रुपए का बजट लेकर चलता है।

सिलसिला यहीं थम नहीं जाता। जो भी जीतेगा, उसे विजयोत्सव के लिए भी धन खर्च करना होगा। इस सारे तामझाम भी वेब-दुनिया एवं 'कम्प्यूटर वार-रूम' का खर्च अलग से करना होता है। 'वार-रूम' में सिर्फ प्रत्याशी की उपलब्धियों, योग्यताओं के विवरण नहीं होते। विरोधी पक्ष के खिलाफ अंधाधुंध आरोपों की बारिश के लिए 'कंटेंट-राइटर' भी रखे जाते हैं। हर प्रत्याशी के पास इतना नगद धन नहीं होता। इस 'यज्ञ' में कुछ सम्पन्न समर्थक, यार दोस्त और संबंधी भी आहुति डालते हैं। 'सोशल मीडिया' पर प्रदूषण फैलाने के लिए अलग प्रकोष्ठ बनता है।



अब ऐसा तो नहीं होता कि विजयी प्रत्याशी ऐसे चुनाव के बाद सारे माहौल से विरक्ति या वितृष्णा का शिकार हो जाता है। ज़ाहिर है घाटा पूर्ति पर पहली नजर होती है और फिर नौकरियों, टेंडरों पर नज़रें गढ़ाए समर्थकों व 'प्रियजनों', परिजनों की बारी आती है।

पुरानी बातों, आदर्श परम्पराओं और आदर्शवादी नेताओं के किस्से दोहराने से कोई लाभ नहीं। बेहतर यही है कि शास्त्री जी, कामराज, देसाई, कृपालानी, राजनारायण, लोहिया आदि के किस्सों के उदाहरण टेप-बद्ध या लिपिबद्ध या फिर 'सिने-वीडियो' के रूप में एक संग्रहालय में रख दिए जाएं और बाहर एक शिलालेख लग जाए 'अविश्वसनीय, अकल्पनीय मगर सत्य। कभी कभार स्कूली बच्चों व विदेशी पर्यटकों को इधर लाया जाए और उन्हें ये किस्से कहानियां नि:शुल्क उपहारों सहित बांटी जाएं।

देश का पहला चुनाव 1951-52 में हुआ था। यह प्रक्रिया 25 अक्तूबर, 1951 से 21 फरवरी, 1952 तक चली थी। उस समय लोकसभा की 489 सीटें होती थीं। उस पहले चुनाव में कांग्रेस को 364, सीपीआई (तब इसमें माकपा भी शामिल थी) को 16 व जेपी-लोहिया के समाजवादी दल को 12 स्थान मिले। तब भी कुछ विलक्षण घटनाएं घटीं थीं।

- भारतीय संविधान के निर्माता युगपुरुष एवं दलित नेता बाबा साहब अम्बेडकर भी चुनाव हार गए थे। तब उनके विरुद्ध कांग्रेस पार्टी ने अपना प्रत्याशी खड़ा किया था।

अम्बेडकर के विरुद्ध कांग्रेस ने फहराया था जीत का परचम। इससे पहले आम चुनाव के लिए मतदान का काम फरवरी 1952 के आखिरी सप्ताह में खत्म हो गया। जब मतगणना हुई तो कांग्रेस आसानी से जीत गई। कांग्रेस पार्टी को संसद में 489 में से 364 सीटों पर और पूरे देश में 3280 विधानसभा सीटों में से 2247 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। पूरे संसदीय चुनाव में कांग्रेस को कुल मतदाताओं का 45 फीसदी वोट हासिल हुआ था और इसने 74.4 फीसदी सीटों पर जीत दर्ज की थी। जबकि राज्य विधानसभाओं के लिए हुए चुनाव में इसे कुल मतों का 42.4 फीसदी हासिल हुआ था। इसने 68.6 फीसदी सीटों पर कब्जा जमाया था। लेकिन इस माहौल में भी कांग्रेस के 28 मंत्री चुनाव में हार गए थे।



लेकिन इस चुनाव में सबसे हैरानी वाला परिणाम डॉ. भीमराव अंबेडकर की हार रही थी। उनकी पहचान देश भर में अनुसूचित जातियों के कद्दावर नेता के तौर पर थी। लेकिन बंबई में उनके निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस ने तब अंबेडकर के सामने उनके पीए नारायण एस काजरोलकर को खड़ा किया था। वह भी बैकवर्ड क्लास से थे। इसके अलावा कम्युनिस्ट पार्टी और हिंदू महासभा से भी एक-एक प्रत्याशी था। नारायण काजरोलकर दूध का कारोबार करने वाले एक नौसिखिए नेता थे। लेकिन नेहरू की लहर इतनी तेज़ थी कि नारायण काजरोलकर 15 हजार वोटों से जीते थे। अंबेडकर चौथे स्थान पर रहे थे।

आखिर में कांग्रेस की पकड़ काजरोलकर के पक्ष में काम कर गई। इसके अलावा नेहरू ने बंबई में जो भाषण दिए थे वो भी काजरोलकर के पक्ष में रहे। अंबेडकर आज़ादी के आंदोलन में सबसे प्रमुख शख्सियतों में से थे। देश में उनके जैसा पढ़ा-लिखा उस समय शायद ही कोई था। अर्थशास्त्र से दो डॉक्टरेट की डिग्रियां। एक अमेरिका की कोलंबिया यूनिवर्सिटी से, दूसरी लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से। अंबेडकर की योग्यता को देखते हुए उन्हें संविधान की 'ड्राफ्टिंग कमेटी का अध्यक्ष भी बनाया गया था। हिंदू महासभा (अब बीजेपी) का दावा था कि नेहरू ने अंबेडकर को राजनीति की मुख्य धारा में नहीं आने दिया। उनकी हार सुनिश्चित करने के लिए खुद नेहरू ने चुनाव प्रचार भी किया। सन् 1954 में भी नेहरू ने ही दूसरी बार पक्का किया कि वह भंडारा से उपचुनाव में न जीतने पाएं। डॉ. अंबेडकर का 1956 में निधन हो गया था।



**सबसे बड़ी जीत रही कम्युनिस्ट नेता की**

लेकिन उस चुनाव में एक और चौंकाने वाली बात यह थी कि कम्युनिस्ट नेता रवि नारायण रेड्डी, जिन्होंने चुनावों में व्हिस्की का पहला जाम पिया था और फिर भी सबसे बड़ी जीत हासिल की थी। उनकी जीत का अंतर जवाहर लाल नेहरू की जीत के अंतर से भी ज्यादा था।

नेहरू का प्रथम चुनाव भी कम नहीं था। तब हर क्षेत्र से दो-दो प्रत्याशी चुने जाते थे। एक सामान्य वर्ग से और दूसरा अनुसूचित वर्ग से। नेहरू के साथ ही कांग्रेस के मसूरियादीन भी निर्वाचित हुए थे। तब संघ-परिवार के समर्थन से प्रभुदत्त ब्रह्मचारी उनके विरुद्ध लड़े थे। मगर वह तीसरे स्थान पर रहे थे। प्रभुदत्त ब्रह्मचारी ने गोरक्षा और हिन्दू कोड बिल के मुद्दे उठाए थे। आचार्य कृपालानी के प्रत्याशी के रूप में श्री बंसीलाल थे। (हरियाणा वाले नहीं) वह दूसरे स्थान पर रहे थे। इस तरह अनेक विसंगतियों के मध्य पहला चुनाव सम्पन्न हुआ था।

# जल संकट : एक बार फिर वही रोना



विनीत नारायण
www.vineetnarain.net

**देश** के ज़्यादातर हिस्से में भारी वर्षा ने हालात बेक़ाबू कर दिये हैं और समाधान दिखाई नहीं देता। कई बांधों में जल का स्तर खतरे के निशान से भी ऊपर चला गया है। ये पानी अगर छूट कर निकल पड़ा तो दूर-दूर तक तबाही मचा देगा। नदियों के बहाव में पुल बहे जा रहे हैं। जिनमें आए दिन जान-माल की हानि हो रही है। अनेक प्रदेशों के बड़े शहरों की पॉश बस्तियों में कमर तक पानी भर रहा है। गरीब बस्तियों की तो क्या कही जाए? वे तो हर आपदा की मार सहने को अभिशप्त हैं। देश की राजधानी दिल्ली का ही इतना बुरा हाल है कि यहां जल से भरे नालों और बिना ढक्कन के मैनहोलों में कितनी ही जानें जा चुकी हैं। अनियंत्रित जल का भराव, बिजली के खम्बों को अपनी लपेट में ले रहा है, जिनमें फैला करंट जानलेवा सिद्ध हो रहा है। नगरपालिका हो या महापालिकाएं हों इस अतिवृष्टि के सामने बेबस खड़ी हैं। इसके अपने अलग कई कारण हैं।

पहले तो इंजीनियरिंग डिजाइन में ही गड़बड़ी होती है। दूसरा, जल के प्रवाह को और धरती के ढलान को निर्माण करते समय गंभीरता से नहीं लिया जाता। तीसरा, जल बहने के मार्ग कचड़े से पटे होने के कारण वाटर-लॉगिंग को पैदा करते हैं। ये सब 'विकास' अगर सोच-विचार कर किया जाता तो ऐसे हालात पर क़ाबू पाया जा सकता था। पर जब उद्देश्य समस्या का हल न निकालना हो कर बल्कि अपना हित साधना हो तो विकास के नाम पर ऐसा ही विनाश होगा।

इस संदर्भ में, अपने इसी कॉलम में, शहरों में जल भराव की समस्या के एक महत्वपूर्ण कारण को पिछले दो दशकों में मैं कई बार रेखांकित कर चुका हूं। पर केंद्र और प्रांतों के शहरी विकास मंत्रालय, इस पर कोई ध्यान नहीं देते। समस्या यह है कि हर शहर में सड़कों की मरम्मत या पुनर्निर्माण का कार्य केवल विभाग और ठेकेदार के मुनाफ़ा बढ़ाने के उद्देश्य से किए जाते हैं, जनता की समस्या का हल निकालने के लिए नहीं। हर बार पुरानी सड़क पर नया रोड़ा-पत्थर डाल कर उसे उसके पिछले स्तर से 8-10 इंच ऊंचा कर दिया जाता है और यह क्रम पिछले कई दशकों से चल रहा है। जिसका परिणाम यह हुआ है कि आज अच्छी-अच्छी कॉलोनियों की सड़कें, उन सड़कों के दोनों ओर बने भवनों से क़रीब एक-एक मीटर ऊंची हो गई हैं। नतीजतन, हल्की सी बारिश में ही इन घरों की स्थित नारकीय हो जाती है। क्योंकि सड़क पर गिरने वाला वर्ष का जल, इन घरों में जमा हो जाता है। भगवान श्री कृष्ण की नगरी मथुरा हो या महाकाल की नगरी उज्जैन, आप इस समस्या का साक्षात प्रमाण देख सकते हैं। जबकि होना यह चाहिए कि हर बार सड़क की मरम्मत या पुनर्निर्माण से पहले उसे खोद कर उसके मूल स्तर पर ही बनाया जाए। मैंने दुनिया के कई दर्जन देशों की यात्रा की है। पर ऐसा भयावह दृश्य कहीं नहीं देखा जहां हर कुछ सालों में लोगों के घर के सामने की सड़क ऊंची होती जाती है।



आज़ादी मिलने से आज तक खरबों रुपया जल प्रबंधन के नाम पर ख़र्च हो गया पर वर्षा के जल का संचय हम आज तक नहीं कर पाए। हमारे देश में वर्ष भर में बरसने वाले जल का कुल 8 फीसद का ही संचयन हो पाता है। बाक़ी 92 फीसद वर्षा का शुद्ध जल बह कर समुद्र में मिल जाता है। जिसका परिणाम यह होता है कि गर्मी की शुरुआत होते ही देश में जल संकट शुरू हो जाता है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती है, वैसे-वैसे यह संकट और भी गहरा हो जाता है।

राजस्थान, गुजरात, आंध्र प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र जैसे अनेक प्रांतों में तमाम शहर हैं जो अपनी आबादी की जल की मांग की आपूर्ति नहीं कर पा रहे। आज देश में जल संकट इतना भयावह हो चुका है कि एक ओर तो देश के अनेक शहरों में सूखा पड़ता है तो दूसरी ओर कई शहर हर साल बाढ़ की चपेट में आ जाते हैं। इससे आम जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। चेन्नई देश का पहला ऐसा शहर हो गया है जहां भूजल पूरी तरह से समाप्त हो चुका है। जहां कभी चेन्नई में 200 फुट नीचे पानी मिल जाता था आज वहां भूजल 2000 फुट पर भी पानी नहीं है। यह एक गम्भीर व भयावह स्थिति है। ये चेतावनी है भारत के बाकी शहरों के लिए कि अगर समय से नहीं जागे तो आने वाले समय में ऐसी दुर्दशा और शहरों की भी हो सकती है। चेन्नई में प्रशासन देर से जागा और अब वहां बोरिंग को पूरी तरह प्रतिबंध कर दिया गया है।

एक समय वो भी था जब चेन्नई में खूब पानी हुआ करता था। मगर जिस तरह वहां शहरीकरण हुआ उसने जल प्रबंधन को अस्त व्यस्त कर दिया। अब चेन्नई में हर जगह सीमेंट की सड़क बन गई है। कही भी खाली जगह नहीं बची, जिसके माध्यम से पानी धरती में जा सके। बारिश का पानी भी सड़क और नाली से बह कर चला जाता है कही भी खाली जगह नहीं है जिससे धरती में पानी जा सके। इसलिए प्रशासन ने आम लोगों से आग्रह किया है कि वे अपने घरों के नीचे तलघर में बारिश का जल जमा करने का प्रयास करें। ताकि कुछ महीनों तक उस पानी का उपयोग हो सके। चेन्नई जैसे 22 महानगरों में भूजल पूरी तरह समाप्त हो गया है। जहां अब टैंकरों, रेल गाड़ियों और पाइपों से दूर-दूर से पानी लाना पड़ता है। अगर देश और प्रांतों के नीति निर्धारक और हम सब नागरिक केवल वर्षा के जल का सही प्रबंधन करना शुरू कर दें तो भारत सुजलाम-सुफलाम देश बन जाएगा, जो ये कभी था। 'पानी बीच मीन प्यासी, मोहे सुन-सुन आवे हांसी।'

# डिजिटल युग के अपराधों पर कैसे लगे लगाम ?

डा. सत्यवान सौरभ

**हाल** ही में भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण सुधार हुए हैं, औपनिवेशिक युग के कानूनों से भारतीय न्याय संहिता और भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता में बदलाव किया गया है। हालांकि, नई संहिता में साइबरस्टॉकिंग और ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी जैसे डिजिटल युग के अपराधों से निपटने के लिए व्यापक प्रावधानों का अभाव है, जिनकी आज के तकनीकी रूप से संचालित समाज में प्रासंगिकता तीव्रता से बढ़ रही है। नई संहिता वर्तमान के डिजिटल युग बढ़ रहे साइबर अपराधों जैसे कि साइबरस्टॉकिंग, फिशिंग और डेटा उल्लंघन के दायरे को पर्याप्त रूप से परिभाषित नहीं करती हैं। भारत में फिशिंग और ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं के बावजूद, नए कानून ऐसे अपराधों पर मुकदमा चलाने में शामिल जटिलताओं को कवर नहीं करते हैं।

डेटा उल्लंघनों पर बढ़ती चिंता के साथ, डेटा संरक्षण और गोपनीयता उल्लंघन के लिए विशिष्ट प्रावधान प्रदान करने में नई आपराधिक संहिता विफल रही है। वर्तमान आपराधिक संहिताओं में डिजिटल साक्ष्यों को एकत्रित करने, उन्हें संरक्षित करने तथा न्यायलय में प्रस्तुत करने के लिए स्पष्ट दिशानिर्देशों का अभाव है, जो डिजिटल अपराधों पर मुकदमा चलाने के लिए आवश्यक है। डिजिटल उत्पीड़न, विशेष रूप से महिलाओं और नाबालिगों को लक्षित करना, नए कानूनी ढांचे में इस संदर्भ में किए गए प्रावधान अपर्याप्त हैं।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, साइबर उत्पीड़न के मामलों में वृद्धि हुई है, विशेष तौर पर महिलाओं के खिलाफ, परंतु नई संहिता ऐसे अपराधों के लिए कड़े दंड निर्दिष्ट नहीं करती हैं। उभरती प्रौद्योगिकियों से निपटने में कमियां हैं, नए कानून उभरती हुई प्रौद्योगिकियों से संबंधित अपराधों, जैसे कि क्रिप्टोकरेंसी घोटाले और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दुरुपयोग को ध्यान में नहीं रखते हैं। क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी ने डिजिटल और आभासी वातावरण में अपराधों को संबोधित करने के लिए वर्तमान में एक कानूनी ढांचे की आवश्यकता को दर्शाया है।



हैकिंग, आइडेंटिटी थेफ्ट और साइबरस्टॉकिंग सहित साइबर अपराध के विभिन्न रूपों को लक्षित करते हुए विशिष्ट कानून बनाने की आवश्यकता है, ताकि पीड़ितों को प्रभावी विधिक सहायता मिल सके। सूचना और संचार नेटवर्क उपयोग को बढ़ावा देने के लिए दक्षिण कोरिया के अधिनियम में साइबर अपराधों के खिलाफ व्यापक प्रावधान शामिल हैं, जिसका भारत अनुकरण कर सकता है। डेटा सुरक्षा कानूनों को बेहतर बनाना डेटा संग्रह, भंडारण और साझाकरण पर स्पष्ट दिशा-निर्देशों के साथ डेटा गोपनीयता विनियमों को मजबूत करना। इन कमियों को प्रभावी ढंग से दूर करने के लिए व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक, 2019 में संशोधित किया जा सकता है और आवश्यक परिवर्तन कर लागू किया जा सकता है। न्यायालयों में डिजिटल साक्ष्य एकत्र करने, प्रमाणित करने और प्रस्तुत करने के लिए मानक स्थापित करना, ताकि इसे आपराधिक कार्यवाही में यह स्वीकार्य और विश्वसनीय बनाया जा सके।

साइबरबुलिंग और डिजिटल उत्पीड़न के पीड़ितों के लिए सख्त दंड और सहायता प्रणाली प्रारंभ करना, जिसमें महिलाओं और नाबालिगों की सुरक्षा पर विशेष जोर दिया जाएगा। महिलाओं और बच्चों के खिलाफ साइबर अपराध रोकथाम योजना एक अज्ञात रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से समर्थन द्वारा डिजिटल उत्पीड़न उपायों को बढ़ाती है। ऐसे कानून बनाना जो ब्लॉकचेन, उभरती प्रौद्योगिकियों द्वारा उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करना, ताकि तकनीकी प्रगति के साथ सामंजस्य बनाए रखा जा सके।

यूरोपीय संघ का सामान्य डेटा संरक्षण विनियमन एक लचीला ढांचा प्रदान करता है जो डिजिटल प्रौद्योगिकियों के विकसित परिदृश्य को संबोधित करता है। डिजिटल युग की चुनौतियों का समाधान करने के लिए भारत के कानूनी ढांचे को विकसित किया जाना चाहिए। व्यापक साइबर अपराध कानूनों को शामिल करके, डेटा सुरक्षा उपायों को बढ़ाकर और उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए प्रोटोकॉल को अपडेट करके, भारत एक मजबूत और उत्तरदायी कानूनी प्रणाली सुनिश्चित कर सकता है। यह विकास तेजी से डिजिटल हो रहे विश्व में नागरिकों की सुरक्षा और समाज में विश्वास, सुरक्षा और न्याय को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है।

## निपाह वायरस संक्रमण के कारण एक व्यक्ति की मौत : केरल की स्वास्थ्य मंत्री

**मलप्पुरम,** (पंजाब केसरी) केरल के मलप्पुरम जिले के एक निजी अस्पताल में हाल में 24 वर्षीय व्यक्ति की निपाह वायरस संक्रमण से मौत हो गई। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने रविवार को यह जानकारी दी। जॉर्ज ने कहा कि क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी द्वारा मौत के कारणों की जांच करने पर निपाह संक्रमण का संदेह हुआ। मंत्री ने एक वीडियो संदेश में कहा, ''उपलब्ध नमूनों को तुरंत परीक्षण के लिए भेजा गया और परिणाम में संक्रमण की पुष्टि हुई।'' बेंगलुरु से राज्य पहुंचे मलप्पुरम निवासी की नौ सितंबर को मृत्यु हो गई, जिसके बाद उसके उपलब्ध नमूनों को कोझिकोड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की प्रयोगशाला में परीक्षण के लिए भेजा गया था। मलप्पुरम के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि कोझिकोड मेडिकल कॉलेज के नतीजों में संक्रमण पाया गया, जिसके बाद शनिवार रात को ही स्वास्थ्य मंत्री ने एक उच्च स्तरीय बैठक की और प्रोटोकॉल के अनुसार आवश्यक कदम उठाए।

दिल्ली आर.एन.आई. नं. 40474/83
पंजाब केसरी
दिल्ली कार्यालय :
फोन आफिस: 011-30712200, 45212200,
प्रसार विभाग: 011-30712224
विज्ञापन विभाग: 011-30712229
सम्पादकीय विभाग: 011-30712292-93
मैगजीन विभाग: 011-30712330
फैक्स : 91-11-30712290, 30712384, 011-45212383, 84
Email: Editorial@punjabkesari.com
स्वत्वाधिकारी दैनिक समाचार लिमिटेड, 2-प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, नजदीक वजीरपुर डीटीसी डिपो, दिल्ली-110035 के लिए मुद्रक, प्रकाशक तथा सम्पादक अनिल शारदा द्वारा पंजाब केसरी प्रिंटिंग प्रेस, 2-प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से मुद्रित तथा 2, प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से प्रकाशित।

रामायण

# लक्ष्मण ने केवट से कहा- नाव कहां ले चले

लक्ष्मण जी बोले, ''महाराज, यह बापस कहां ले चला?'' पर केवट ने कुछ सुना ही नहीं। अपने में मग्न-राम को इधर-उधर घुमाने लगा। चार-पांच घंटे लगाये। लखन जी बोले, ''अब यह खेल शुरू करने लगा है। आप कुछ बोलें।''राम बोले, ''केवट क्यों इधर से उधर चक्कर लगा रहा है।'' वह बोला, ''महाराज आपको क्या तकलीफ है? आप लोगों को तो चौदह साल वन में काटने हैं। इसमें कोई तिथि या वार निश्चित है? इस तिथि को पहुंचना है?'' राम बोले, ''नहीं।'' केवट ने कहा, ''तो एक सप्ताह यहां रुक जाओ। नौका मेरी है, चलानी भी मुझे है7 आपको तो केवल बैठे रहना है। पैसे तो देने नहीं है।'' लक्ष्मण जी की आंखें क्रोध से लाल हो गयी। बोले, अब तू उतारने का नाटक बंद कर दे।'' राम बोले, ''और कुछ तो नहीं पर हमें इधर-से-उधर चक्कर लगाता है इससे हम परेशान हो गये।'' अचानक राम से ऐसा बोला गया। केवट ने व्यंग्य कसा, ''महाराज, गंगा जी के दो किनारों के बीच चार-छः चक्कर में परेशान हो गये और आप हमको भवसागर के चौरासी लाख चक्कर खिलाते हो तब तो हम परेशान नहीं होते।'' राम बोले, ''भाई तेरे आगे हमारी कोई भी बात नहीं चल सकती।'' उन्होंने बात बदल दी। परेशान होने का प्रश्न नहीं है पर हमें ऐसी नौका में बैठने की आदत नहीं है। तू ऐसे ले जाता है फिर जोर से वापस लाता है इससे नौका गिरने का डर है। बैठने की आदत नहीं है।'' केवट बोला, ''महाराज! यदि गिरने का डर है तो मेरे हाथ पकड़ लो'' केवट ने सोचा कि राम मेरा हाथ पकड़ लेंगे तो मैं भवसागर में नहीं गिरूंगा। राम उसका हाथ पकड़ लेते हैं। तुलसी जी कहते हैं कि नौका सामने किनारे पहुंचती है। जैसे ही भगवान को प्रणाम किया। वे शरम से नीचे देखने लगे। पहली बार इस पुरुष ने भगवान को शरमा दिया। इसलिए कि इसे मैंने कुछ नहीं दिया। (क्रमशः)


मोरारी बापू जी

# मन की धारा किधर लगाना चाहोगे

यह पूरी तरह हमारे ही ऊपर निर्भर करता है कि हम किस तरफ अपने मन की धारा को लगाना चाहेंगे। जिस गुण के बगैर कोई भी मनुष्य साधक नहीं हो सकता, वह गुण है मन का समभाव में रहना। अगर मन समभाव में नहीं है, बिखरा हुआ है, अगर मन अनेक विषयों का चिन्तन कर रहा है, अगर मन में अनेक प्रकार के विचार चल रहे हैं, अनेक प्रकार की आसक्तियां अगर मन में भरी पड़ी हैं, तो ऐसे अंधकारपूर्ण मन के साथ साधना संभव नहीं है।


गुरु मां

**द्वन्द्व से आनन्द तक**

सो मुनि जी मन की दुबिधा मारे॥
दुबिधा मारि ब्रहमु बीचारे॥
इसु मन कउ कोई खोजहु भाई॥
मनु खोजत नामु नउ निधि पाई॥
मूलु मोहु करि करतै जगतु उपाइआ॥
ममता लाइ भरमि भोलाइआ॥ इसु मन ते सभ पिंड पराणा॥
मन कै वीचारि हुकमु बुझि समाणा॥
करमु होवै गुरु किरपा करै॥
इहु मनु जागै इसु मन की दुबिधा मरै॥
मन का सुभाउ सदा बैरागी॥
सभ महि वसै अतीतु अनरागी॥
कहत नानकु जो जाणै भेउ॥
आदि पुरखु निरंजन देउ॥
बाहरि ढूढन ते छूटि परे गुरि घर ही माहि दिखाइआ था॥

बाहर ढूंढने जो निकला, उसको सिवाए खाक के और कुछ नहीं मिला। 'बाहरि ढूढन ते छूटि परे' हम छूट गए बाहर की यात्रा करने से, हम छूट गए बाहर भटकने से। 'गुरि घर ही माहि दिखाइआ था' गुरु ने तो मुझे मेरे घर ही में तीर्थ दिखा दिया था, और जब घर ही में तीर्थज्ञ हो, तो बाहर भटकने की आवश्यकता नहीं रह जाती। (क्रमशः)

# घर के किन स्थानों पर मोर पंख रखना चाहिए

वास्तु शास्त्र में ऐसे कई नियम बताए गए हैं, जिनका ध्यान रखने पर घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। इसी तरह वास्तु शास्त्र में मोर पंख से संबंधित भी नियम उपाय बताए गए हैं, जिनका ध्यान रखने से आपको जीवन में सकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकते हैं। साथ ही इससे परिवार में खुशहाली बनी रहती है। इसके लिए आपको मोर पंख को घर के कुछ स्थानों पर रखना होगा।



**यहां रखें मोर पंख**

वास्तु शास्त्र में माना गया है कि घर के पूजा स्थल पर मोर पंख जरूर रखना चाहिए। इससे व्यक्ति के जीवन में खुशियां बनी रहती हैं और कभी धन की कमी का सामना नहीं करना पड़ता। साथ ही इससे सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी बढ़ता है, जो परिवार के लोगों की तरक्की के लिए सहायक है।

**नहीं होगी धन की कमी**

मंदिर के साथ-साथ आप मोर पंख को अपने घर की तिजोरी में या फिर धन के स्थान पर भी रख सकते हैं। ऐसा करने से मां लक्ष्मी की कृपा से व्यक्ति को कभी भी धन की समस्या का सामना नहीं करना पड़ता।

**नकारात्मक ऊर्जा रहेगी दूर**

यदि आप चाहते हैं कि आपके घर में सुख और समृद्धि का प्रवेश हो, तो इसके लिए अपने घर के प्रवेश द्वार पर मोर पंख जरूर लगाएं। ऐसा करने से केवल सकारात्मक ऊर्जा का ही घर के अंदर प्रवेश होता है और नकारात्मक ऊर्जा आपसे कोसों दूर बनी रहती है।

**इन बातों का भी रखें ध्यान**

वास्तु शास्त्र के अनुसार, मोर पंख को रखने के लिए घर की दक्षिण-पश्चिम और पूर्व दिशा सबसे बेहतर मानी गई है। इस बात का ध्यान रखें कि कभी किसी को मोर पंख उपहार के रूप में नहीं देना चाहिए। ऐसा करना बिल्कुल भी शुभ नहीं माना जाता। वास्तु शास्त्र में माना गया है कि जब आपको मोर पंख कहीं गिरा हुआ मिलता है, तो यह आपके भाग्य में वृद्धि का सूचक हो सकता है।

# जिनको कभी आंख नहिं देखा

संतमत सिद्धांत



महान पवित्र पुस्तक 'गुरुमत सिद्धांत 84 विषयों वाला' के बाद 'सन्तमत सिद्धांत' श्री राधा स्वामी सत्संग ब्यास जी की ओर से इस पृथ्वी पर हर इंसान के लिए ऐसी अनूठी कृति है कि जीवन सुखी रह सकता है। महाराज सावन सिंह जी रचित 'सन्तमत सिद्धांत' के समर्पण में चरन सिंह जी महाराज ने लिखा है कि गुरुवाणी के गूढ़ विषयों को आसानी से समझना और पालन करने तक की विवेचना 'सन्तमत सिद्धांत' में की गई है। महाराज सावन सिंह जी ने 'सन्तमत सिद्धांत' में जो कुछ मानवता के लिए समर्पित किया, इस महान संकलन को हम अपने पाठक प्रेमियों की भारी मांग पर अक्षरशः प्रस्तुत कर रहे हैं ताकि वे व्यावहारिक जीवन में एक-दूसरे से प्यार कर सकें, परोपकार कर सकें, जोकि सन्तमत सिद्धांत का वास्तविक उद्देश्य है। - संपादक

हरि पुरखु न कब ही बिनसे जावै नित देवै चडै सवाइआ॥
नानक संत संत हरि एको जपि हरि हरि नामु सोहंदी॥
हरि राम राम मेरे बाबुला पिर मिलि धन वेल वधंदी॥
-गुरु रामदास जी (आदि ग्रंथ, पृ. 79)

30. पिछलों की जो धारें टेका। जिनको कभी आंख नहिं देखा॥
पोथिन में सुनी उनकी महिमा। टेक बांध मन सबका भरमा॥
सब मिल करते पिछली टेका। वक्त गुरु का खोज न नेका॥
बिन गुरु वक्त भक्ति नाहिं पावे। बिना भक्ति सतलोक न जावे॥
वक्त गुरु जब लग नहिं मिलई। अनुरागी का काज न सरई॥
(स्वामी जी, सार बचन, 8: 1:33, 34, 43, 44, 52)

31. जिंदा गुरु निहचै गहो, वा गुरु सनदी हजूर।
वा सनदी के देखते, जम भागे बड़ी दूर॥
(दरिया, मूर्ति उखाड़, साखी 39)

32. लाथी भूख त्रिसन सभ लाथी चिंता सगल बिसारी॥
करु मसतकि गुरि पूरै धरिओ मनु जीतो जगु सारी॥
त्रिपति अघाइ रहे रिद अंतरि डोलन ते अब चूके॥
अखुटु खजाना सतिगुरि दीआ तोटि नहीं रे मूके॥
-गुरु अर्जुनदेव जी (आदि ग्रंथ, पृ. 215)

33. काम क्रोध हंकार निवारउ, त्रिस्ना त्यागहु संत जना।
कहि रविदास भइ सीतल काया, ज्यों हौं लागौ गुरु चरना।(रविदास वाणी, पद-172)

34. जनम मरण दुहहू महि नाहीर जन परउपकारी आए॥
जीअ दानु दे भगती लाइनि हरि सिउ लैनि मिलाए॥
-गुरु अर्जुनदेव जी (आदि ग्रंथ, पृ. 749)

35. सतगुर मिलैं न संसा जाई, ये बंधन सब देइं छुड़ाई।
तब दादू परम गति पावै, सो निज मूरति माहिं लखावै॥
(दादू दयाल की बाणी, भाग 2, शब्द 347)

36. सोना सील भंडार भरे हैं रूपा रूप अपारा।
ऐसी दौलत सतगुरु दीन्हीं जा का सकल पसारा॥
बांटौं बहुत घटै नहिं कबहूं दिन दिन डेवढ़ी डेवढ़ी।
चोखा माल द्रब्य अति नीका बट्टा लगै न कौड़ी॥
(चरनदास की बाणी, भाग 1, पृ. 67)

37. गुरु ही के परताप सूं, मिटै जगत की ब्याध।
राग दोष दुख न रहै, उपजै प्रेम अगाध॥
(चरनदास की बाणी, भाग 1, पृ. 1)

38. गुरु हैं हितकारी तेरे। गुरु बिन कोइ मित्र न है रे॥
गुरु फंद छुड़ावें जम के। गुरु मर्म लखावें सम के॥
भौजल से पार उतारें। छिन छिन में तुझे संवारें॥
(स्वामी जी, सार बचन, 18: 4:10-12)

39. जिउ जननी सुतु जणि पालती राखै नदरि मझारि॥
अंतरि बाहरि मुखि दे गिरासु खिनु खिनु पोचारि॥
तिउ सतिगुरु गुरसिख राखता हरि प्रीति पिआरि॥
-गुरु रामदास जी (आदि ग्रंथ, पृ. 168)

40. श्री गुर पद नख मनि गन जोती। सुमिरत दिब्य दृष्टि हियं होती।
दलन मोह तम सो सप्रकासू। बड़े भाग उर आवइ जासू।
उघरहिं बिमल बिलोचन ही के। मिटहिं दोष दुख भव रजनी के।
(तुलसीदास, मानस 1.3-4)

41. मुरशद मैनूं हज्ज मक्के दा, रहमत दा दरवाजा हूं। करां तवाफ दुआले किबले, हज्ज होवे नित्त ताजा हूं।
(सुल्तान बाहू, बैत 165)

42. अपकारी जिव जाहिंगे पलटू अपने आप॥
पलटू अपने आप संत का सरल सुभाऊ।
सबको मानहिं भला नाहिं कछु करहिं दुराऊ॥
लाख दुष्ट जो होइ भला तेहू का मानैं।
आपन ऐसा जीव संत जन सबका जानैं॥
अपनी करनी जाए होय जो निंदक कोई।
आन को गड़हा खनै परैगा आपुहि सोई॥
जब देखै वह संत को तब चढ़ि आवै ताप।
अपकारी जिव जाहिंगे पलटू अपने आप॥
(पलटू साहिब की बाणी, भाग 1, कुंडली 196)

43. सतगुरु गति अब सुन मो से। कहि जात न रंचक मुंह से॥
दसवें में खैचें नौ से। फिर एक करें तोहि दो से॥
शब्दा रस तोहि पिलावें। जमपुर से फेर बचावें॥ (क्रमशः)




बाइबल की कहानियां



# सबकुछ ठीक-ठाक चल रहा था लेकिन...

सब कुछ बढ़िया चल रहा था लेकिन तभी जैसा कि अक्सर विवाह में कुछ न कुछ कमी हो जाती है इस विवाह में भी दाखरस जो कि यहूदियों के रीतिरिवाज में एक मुख्य पेय था। घट गया। यह एक बड़ी लज्जा की बात उस विवाह के परिवार के लिए हो सकती थी। तभी यीशु की माता मरियम यीशु के पास आकर बोली, इनके पास दाखरस नहीं रहा, लेकिन प्रभु यीशु ने कहा मेरा समय अभी नहीं आया। क्योंकि प्रभु अपने पिता परमेश्वर की आज्ञा पर ही सब कुछ करते थे। तब यीशु की माता ने वहां खड़े सेवकों से कहा, जैसा यीशु कहेंगे वैसा ही करना। तब थोड़ी देर बाद यीशु ने उन दासों से कहा, इन बड़े बड़े जारों में जो हाथ मुंह धोने को पानी भरा जाता है उन्हें पानी से भर दो और जब पानी भर दिया गया तो उसने उन्हें आज्ञा दी इसे भोजन के प्रधान के पास ले जाकर चखाओ और वो सारा का सारा पानी दाखरस बन चूका था।

**परमेश्वर समस्या का समाधान करता है**

एस्तेर नामक खुबसूरत लड़की को रानी बनाने के लिए क्षयर्ष राजा ने अपने महल में बुलवाया। एस्तेर महल के सुंदर सुंदर बेलबूटे और सुन्दरता को देख रही थी। एस्तेर का चचेरा भाई मोर्दकै था जो इसी देश में बंधुआ था। जिसे बाद में राजा के राजमहल में एक पहरेदार की नौकरी मिल गई थी। ये दोनों थे मतलब केवल परमेश्वर यहोवा को ही दंडवत करते थे और किसी को नहीं। लेकिन उसी नगर में एक मंत्री थी था जिसका नाम हामान था वह बड़ा ही दुष्ट था और किसी भी तरह राजा बनना चाहता था। वह सबसे कहता उसे दंडवत करो। लेकिन मोर्दकै उसे कभी दंडवत नहीं करता था जिसके कारण उसने मोर्दकै से इस बात का बदला लेने के लिए पचास हाथ का खंबा बनवाया था और उसके ऊपर फांसी का फंदा लगवाया था, ताकि मोर्दकै को उसमें दंड दे सके। (क्रमशः)

**अब दानियों के अनुरोध पर 'एक मिशन एक सेवा' का प्रकाशन प्रतिदिन किया जा रहा है ताकि दानदाता अपने प्रियजनों के जन्मदिन, पुण्यतिथि, वैवाहिक वर्षगांठ या किसी खास मौके की तिथि विशेष पर अपनी इच्छानुसार दान राशि प्रकाशित करा सकें।**

# एक मिशन एक सेवा



बुढ़ापा जीवन का अटल सत्य है। गरीबी, बीमारियां, तथा अपनों का मुंह फेर लेना, इसे अभिशाप बना देते हैं। आईये! ऐसे बुजुर्गों का सहारा बनें। सुखी-सम्पन्न लोगों के सहयोग से इनका अकेलापन, दुःख दूर किये जा सकते हैं। ताकि भावी पीढ़ी इनसे प्रेरणा ले सके।

## दानियों के लिए विशेष सूचना

वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब के लिए दान देने वाले सज्जन अब देशभर में **पंजाब नैशनल बैंक** की किसी भी शाखा में जाकर सहायता राशि जमा करवा सकते हैं, इसके लिए ध्यान रखें कि उक्त राशि **वृद्ध केसरी, रोमेश चंद्र ट्रस्ट के अकाऊंट नंबर** 3075002102006705 में देय होनी चाहिए।

हमारा अनुरोध है कि सहायता राशि जमा करवाने के बाद हमें सूचित जरूर करें, ताकि रसीद भेजी जा सके। यह राशि आयकर छूट प्राप्त है। **जो सज्जन पंजाब नैशनल बैंक की किसी शाखा में नकद राशि जमा कराएं, वे बैंक की रसीद हमें कोरियर करा दें, ताकि आपको हम रसीद भेज सकें। सभी दानकर्ताओं से अनुरोध है कि दान भेजते समय पूरा पता, टेलीफोन नंबर और पैन कार्ड नंबर भी साथ में लिखें।**

दिल्ली के बाहर के दानकर्ता 500/- रुपए से कम की दानराशि कृपया ड्राफ्ट या मनीआर्डर से ही भेजें

कृपया अपना ड्राफ्ट या चैक **वृद्ध केसरी रोमेश चंद्र ट्रस्ट**, के नाम बना कर हमें भेजें। सभी दानी सज्जनों के नाम प्रति दिन प्रकाशित किए जाएंगे। लेकिन फोटो 5100/- या इससे अधिक की दान राशि देने वाले सज्जनों के प्रकाशित किए जाएंगे। दान के लिए पंजाब केसरी कार्यालय में प्रात: 10 से 5.30 बजे तक सम्पर्क करें।

*** यह राशि आयकर कानून की धारा 80-जी के अन्तर्गत करमुक्त है!**

पता :- वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब
2, प्रिंटिंग प्रेस काम्प्लेक्स, नियर वजीरपुर डिपो, दिल्ली-35

**दान के लिए कृपया 01130712376, 09871598497, 9810107375 पर संपर्क करें। यदि कोई सज्जन या संस्था हमारे नाम से पैसा इकट्ठा करे तो इसका जिम्मेदार वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब नहीं होगा।**

## व्रत एवं त्यौहार सितंबर 2024

| पर्व | तिथि | वार |
|---|---|---|
| अश्विन संक्रांति | 16 सितंबर | सोमवार |
| अनंत चतुर्दशी, गणेश विसर्जन, श्राद्ध आरंभ | 17 सितंबर | मंगलवार |
| पूर्णिमा, प्रतिपदा श्राद्ध, तिथिक्षय | 18 सितंबर | बुधवार |
| द्वितिय श्राद्ध | 19 सितंबर | गुरुवार |
| तृतीय श्राद्ध | 20 सितंबर | शुक्रवार |
| चतुर्थी श्राद्ध, गणेश चतुर्थी | 21 सितंबर | शनिवार |
| पंचमी श्राद्ध | 22 सितंबर | रविवार |

### श्राद्ध

17 सितंबर को अनंत चतुर्दशी और गणेश विसर्जन के बाद पितृपक्ष श्राद्ध आरंभ हो जायेंगे। बुजुर्गों अर्थात परिवार में अपने पितरों की सद्गति और पूजापाठ में कमी के चलते श्राद्ध करना हमारा एक सनातन नियम है। इस दिन पूजा पाठ पितरों के नाम समर्पित रहता है और पूर्णिमा पर प्रतिपदा का श्राद्ध रहता है। कई लोग श्राद्धों में बालों का त्याग भी करते हैं। पूरे श्राद्धों में मदिरा एवं अन्य तामसिक चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए। योग्य ब्राह्मण पितरों के रूप में पूजे जाने चाहिए इससे वैकुण्ठ में बैठे पितृ प्रसन्न होते हैं।



**स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज**



*देश भर में अपनी अमृत धारा से सत्य की अनुभूति देशवासियों को कराने वाले राष्ट्र संत गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सौजन्य से लाखों लोग लाभ उठा रहे हैं उनके प्रवचनों पर आधारित यह ज्ञान गंगा पाठकों का कल्याण करेगी ऐसा विश्वास है।*

# परमात्मा की प्राप्ति और पहचान

कैसे सहन कर रहे हैं आप यह सब? जिस परमपिता ने आपको यह मोक्ष द्वार नर-तन दिया, जिनकी शक्ति से यह मन कार्यरत है तथा न जाने अन्य क्या-क्या कृपा की उस कृपा सिंधु ने आप पर और आप हैं कि उसकी कृपा की ओर तनिक भी ध्यान न देते हुए उससे उदासीन बैठे हैं। किसी भी दृष्टि से, किसी भी रूप में, किसी भी पहलू पर विचार करके देख लें-आप सहमत हुए बिना नहीं रहेंगे कि परमात्मा की प्राप्ति, उनकी पहचान ही जीवन का सर्वप्रथम और सवोच्च कर्तव्य है। इसी के क्रियान्वयन में निहित है-जीवन की सार्थकता, जीवन की सफलता एवं जीवन की पूर्ण उपयोगिता। उठ, ऐ कर्तव्यच्युत मानव! होश कर, संभल और यह सोच कि इस लघु जीवन में तुझको क्या करना है, जिससे तेरा जीवन वास्तविक जीवन बन जाए।

बहुत हो चुका अब अज्ञानता का दौर। जन्म नर जन्म व्यतीत हो गए इस अज्ञान निद्रा में शयन करते-करते। यदि आप अब भी नहीं संभले, इस समय भी अपने आपको कर्तव्य के प्रति सचेत नहीं किया तो समझ लें-यह जन्म भी गया। फिर किस-किस योनि में, किस-किस देह में प्रवेश मिले-कुछ कहा नहीं जा सकता। पिताजी ने आपको अपनी बचत निधि के लिए अधिकृत कर दिया किंतु आप पिताजी द्वारा किए गए इस अधिकार का पूरी तरह दुरुपयोग करने लगे। यूं ही खो दी सारी निधि जिससे तंग आकर उन्होंने वापस ले लिया यह अधिकार। ठीक इसी प्रकार परमपिता परमात्मा ने भी मानव देह रूपी यह अद्वितीय निधि आपको दी परंतु आपने इसका सदुपयोग न करके इसे विषय वस्तुओं में ही खो दिया-तो क्यों न समझें प्रभु आपको इस संबंध में अनाधिकारी? क्या चारा रहेगा उनके पास इसके अतिरिक्त कि आपको इस अधिकार से वंचित कर दिया जाए? कितना अनुत्तरदायी व्यवहार है आपका? कितनी गैर-जिम्मेदारी से काम ले रहे हैं आप? कितने विश्वासघाती बन रहे हैं आप? कुछ तो सोचें।

**अपने को जागरुक बनाएं**

निराशा की ओर न जाकर अब भी अपने को जागरुक बनाइए। यह समय निराशा में जाने का नहीं अपितु अपने आपको सावधान करने का है-सजग और सचेत बनाने का है। जो हुआ सो हुआ। उस पर अब अधिक गहरा न जाएं। उसे अपने लिए एक दुखद स्वप्न समझें और अभी इसी क्षण जागरुकता की स्थिति में अपने को दृढ़ कर लें। उठिए, जागिए और खुली आंखों से पूर्वापर को देखिए। फिर उसी समय भूल जाएं भूतकाल को, चिंता मत करें भविष्य की। वर्तमान बस वर्तमान ही रह जाए आपके सामने। अपने वर्तमान को संभालें भूत और भविष्य अपने आप संभल जाएंगे। दृष्टि को वर्तमान तक ही सीमित रखें। यह ध्यान रहे कि वर्तमान ही कभी भविष्य था और यही वर्तमान आगे भूतकाल बन जाएगा। फिर भला भूत-भविष्य की चिंता कैसी? इनकी ओर इतना ध्यान क्यों? यदि दृष्टि भूत-भविष्य पर रही तब न तो वर्तमान ठीक रह पाएगा और न ही अपने को शांत-प्रशांत बनाने का प्रयास करना-जीवनयापन की सर्वश्रेष्ठ कला है। इस कला को आगे कुछ भी करने से पूर्व आपको भली प्रकार ग्रहण कर लेना होगा।

**भविष्य वर्तमान की ही प्रतिच्छाया है**

इसी अपूर्व सुखदायी कला पर निर्भर है आपके जीवन का विशाल भवन। ऐसा क्यों हो गया, यदि यह न होता तो कितना अच्छा रहता। यदि परिस्थितियां ऐसी न बनतीं तो किस आनंद की स्थिति में होता मैं-यह है भूतकाल को लेकर सोचने और चिंतातुर होने की स्थिति। देखिए मन को। तत्काल इसे रोकें और कहें-क्या खाक सुखी होता, उसी की चिंता में तो अब भी मरा जा रहा है और यह समय खराब कर रहा है।

बीती हुईं यादें और अतीत की घटनाएं मन में रह-रहकर उथल-पुथल मचाने का प्रयाय करते हैं। न जाने क्यों मन ने ऐसा स्वभाव बना लिया है, वर्तमान के प्रति उपेक्षित रहने का। यह भूतकाल के चिंतन में ही व्यस्त रहेगा अथवा भविष्य के विषय में ही सोचता रहेगा। मन का यह स्वभाव कभी भी आपको लक्ष्योन्मुखी नहीं होने देगा। लक्ष्य वही प्राप्त कर सकते हैं जो वर्तमान में जीते हैं, वर्तमान में रहते हैं।

(क्रमशः)

# जो श्रेष्ठ भाव वाले हैं वह मेरा ही स्वरूप है

अर्थार्थी, आर्त, जिज्ञासु और ज्ञानी- ये सभी चारों भक्त बड़े उदार अर्थात् श्रेष्ठभाव वाले हैं परन्तु मेरे मत में मेरा ज्ञानी भक्त तो मेरा स्वरूप ही है क्योंकि उसकी गति युक्तात्मा की गति होती है और युक्तात्मा की गति सर्वश्रेष्ठ होती है। वस्तुतः वह मुझमें ही स्थित रहता है।।



प्यारे लाल त्रिवेदी

**दोहा - ये जो चारों भक्त हैं, सभी उदार अनूप। मेरे मत ज्ञानी भगत, मेरी आत्मा रूप।। जिससे उत्तम हो नहीं, सकती गति कोइ अन्य। ऐसे मुझमें ही सदा, उसकी वृत्ति अनन्य।।**

चाहे हो अनुकूल परिस्थिति अथवा परम विषम हो स्थिति और आस्था- मुझमें दृढ़ विश्वास सर्वधा अपनापन- वर्धमान प्रतिक्षण प्रसन्न मन वह मुझको सर्वस्व मानता- मुझमें उसमें नहीं भिन्नता उसकी श्रद्धा मेरे में उसका।

**सम्बन्ध** - प्रेमी भक्त की वास्तविकता और उसके भजन का प्रकार। **बहूनां जन्मनामन्ते ज्ञानवान्मां**

**श्रीमद्भगवद् गीता - सुगम हिंदी व्याख्या**

**प्रपद्यते। वासुदेवः सर्वमिति स महात्मा सुदुर्लभः ॥**

की है बहुत जमयों कर जो मेरा भजन करता है अर्थात् मेरी शरण में आ जाता है, ऐसा बहुत जन्मों के अन्तके मनुष्य जन्म में तत्त्वज्ञान को प्राप्त करके सब कुछ वासुदेव महात्मा अत्यन्त दुर्लभ है।।

योनि अनेकों जीव भटककर अन्तिम मानव जीवन पाकर जिसने जग की सत्ता मानी-वह है घोर मूढ़ अज्ञानी ओतप्रोत संसार देखता - मुझसे ज्ञानी जब वह मेरा ही अनुभव करता-परमानन्द में दोहा - वासुदेव ही एक है, सकल चराचर सृष्टि । समझता मगन रहता उसकी ऐसी भावना, पावन निश्चल दृष्टि।। 11-क ज्ञानी वह मेरी शरण, मेरा रूप अभिन्न । अति दुर्लभ वह महात्मा, रहता सदा प्रसन्न।।

**सम्बन्ध** - अब देवताओं की शरण होने वाले मनुष्यों का वर्णन करते हैं। कामैस्तैस्तैर्हतज्ञानाः प्रपद्यन्तेऽन्यदेवताः ।तं तं नियममास्थाय प्रकृत्या नियताः स्वया ॥

मनुष्य जिन जिन कामनाओं के वश में हो जाते हैं। वे कामनायें उनके ज्ञान का हरण कर लेती हैं और जो देवता उन कामनाओं की पर्ति करने वाले कहे जाते हैं, अपने अपने स्वभाव से नियंत्रित होकर वे मनुष्य उन उन देवताओं की पूजा के लिये जो नियम होते हैं, उन नियमों को स्वीकार करके उन उन देवताओं की शरण हो जाते हैं अर्थात उनकी पूजा करते हैं।।

लौकिक अरु स्वर्गादि भोग की-रहती प्रबल कामना उनका ज्ञान काम आच्छादित करते मानव जिनकी जीवन दूषित काम पूर्ति हो किस उपाय से - तब अपने अपने स्वभाव से यथा काम लौकिक स्वर्गादिक- जप तप दान यज्ञ इत्यादिक उपाय के नियम ढूंढ़ते-और उस उपाय के देव पूजते- उसी प्रकार यत्न भी करते धन अरु पुण्य संग्रहित करते वे मानें मुझसे पृथक् प्रारब्ध विवश ही रहते देवता-अतएव फल नश्वर ही मिलता ।

यो यो यां यां तनुं भक्तः श्रद्धयार्चितुमिच्छति ।तस्य तस्याचलां श्रद्धां तामेव विदधाम्यहम् ॥

जो-जो सकाम भक्त जिस जिस देवता के जिस स्वरूप का पूजन करना चाहता है, उस उस भक्त की श्रद्धा को मैं उस देवता के उसी स्वरूप के प्रति दृढ़ कर देता हूं।।

(क्रमशः)



सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज



निरंकारी बाबा हरदेव सिंह

# आत्मा का मूल

जो रमा हुआ राम है, यही तेरी आत्मा का मूल है, यही सारी कायनात का रचयिता है, ऐसे मालिक को जानकर इससे नाता जोड़ ले। इसके साथ नाता तब जुड़ेगा जब तू ब्रह्मज्ञानी संतों का संग करेगा। संतजनों के इतिहास भी यही बताते हैं कि परम-अस्तित्व निराकार को जान लेने के बाद ही हम मंजिल-ए-मकसूद को प्राप्त कर सकते हैं वरना हमारा जन्म-मरण का सफर जारी रहता है, हम जंजीर में जकड़े रहते हैं, इससे हमें निजात हासिल नहीं होती है। जैसे अर्जुन कुरुक्षेत्र के मैदान में ज्ञान की दृष्टि से इसकी कण-कण में उपस्थिति देखकर नतमस्तक हो गया था, उसी प्रकार जब इंसान इसे रू-ब-रू जान लेगा तो फिर दसों दिशाओं में नतमस्तक हो जाएगा। फिर तू कह उठेगा कि हर कण में तू ही तो विराजमान है, तू ही तो है जो अजन्मा है, तू ही तो है जो नाश नहीं होता है, तू ही तो है जो असीम है, तू ही तो है जो अजर है, शाश्वत् है, तू ही तो है जिसे कोई बनाने वाला नहीं है। जब मीरा बाई को संत रविदास जी द्वारा अविनाशी की पहचान मिली, फिर उसने पैगाम दिया कि पायो री मैंने राम रतन धन पायो, वस्तु अमोलक दीनी मेरे सतगुरु, कर किरपा अपनायो, यानि वास्तविकता में मीरा बाई को राम रतन धन मिला, अविनाशी को प्राप्त कर वह धन्य हो गयी। दातार ऐसी कृपा करे कि सभी सत्य से नाता जोड़कर बंदों की कद्र करें, प्रेम से परिपूर्ण व्यवहार करें और निर्मल और शुद्ध भावना से युक्त होकर नेकी के साथ जीवन के सफर को तय करते चले जायें। आज इंसान जाति, भाषा, प्रांत, देश, रंग, नस्ल और कौम को आधार बनाकर एक-दूसरे से टकरा रहा है। लगता है कि उसने इंसानियत का रास्ता छोड़कर हैवानियत का रास्ता अपना लिया है।

(क्रमशः)

# जहां अंधेरा है वहां ज्ञान का दीप जलाएं

धर्मराज ने मुस्कुराकर उसकी ओर देखते हुए कहा, महात्मा, तुमने असंख्य दीप वहीं प्रज्ज्वलित किए, जहां पहले से ही अनेकों दीप जगमगा रहे थे और इसने भले ही एक दीप जलाया लेकिन वहां, जहां गहन अंधकार छाया हुआ था, इसलिए मुझे स्वयं खड़े होकर इसका स्वागत करना पड़ा। चलो हम भी वहां आशा का, ज्ञान का एक दीप जलाएं, जहां अभी भी अंधेरा है। उन नन्हें नवजातों को अनाथ न कहो जिन्हें वक्त ने जीवन के दोराहे पर अकेला छोड़ दिया। यह कहना मनुष्यता का अपमान है। उन्हें नाजायज भी न कहो, क्योंकि रिश्ते नाजायज हो सकते हैं लेकिन संतान नहीं। वो तो सनातन की संतान होते हैं। अनगढ़ पत्थर जैसी वह संतान यदि किसी कुशल कलाकार के हाथों में आ गई तो फिर वह सुंदर रूप पाकर किसी देवालय में पूजी जाएगी। आपका एक नन्हा सा सहयोग भी इन बच्चों के भीतर देश के लिए प्रतिभाशाली नागरिकों का निर्माण कर सकता है। बस आपको केवल उस बच्चे की मनःस्थिति को एक बार अपने भीतर जीना पड़ेगा। अर्थ ही सारे अनर्थों की जड़ है। इस अर्थ ने हमें इतना पगला दिया कि हम रिश्तों के अर्थ भूल गए। बस अर्थ का ही अर्थ जानते हैं। संबंधों का अर्थ हमसे कोसों दूर चला गया, इसीलिए वृद्ध माता-पिता को वृद्धाश्रम छोड़ आने में संतानों को तनिक भी संकोच नहीं लगता। हम अपने रिश्तों को लाभ-हानि के तराजू पर तौल रहे हैं, तभी तो गर्भ में आए कन्या भ्रूण की हत्या हो रही है। पदों पर बैठकर अपने को ईमानदार कहने वाले लोग कब बेईमानी की काली कोठरी में पहुंच जाते हैं उनको ही पता नहीं चलता। उनकी लालसाएं न जाने कब खींचकर उनको नर्क के गर्त में पहुंचा देती हैं। जिस पद पर हो, आप जिस प्रतिष्ठा पर हो यदि आपने समाज के साथ न्याय नहीं किया, अगर आप अपनी निरंकुश लालसाओं के हाथों बिक गए तो फिर नतीजा गंभीर ही होगा। अगर आपके मन में एक गरीब का हिस्सा पाने की लालसा भी जम गई तो मामला गड़बड़ है।



दीदी मां ऋतंभरा

(क्रमशः)

## केसरी सूडोकू- 2961

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | 3 | 7 | | |
| 9 | | 4 | | 5 | | | | |
| 2 | | | | | | | | 4 |
| | 2 | | 6 | | | | 3 | |
| | 5 | 8 | | | | 6 | 9 | |
| | 1 | | | | 4 | | 7 | |
| 5 | | | | | | | | 2 |
| | | | | 4 | | 9 | | 6 |
| | | 6 | 5 | | | | 8 | |

**हल करने का तरीका**

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।
- आड़ी व खड़ी पंक्ति में और 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

**सूडोकू 2960 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 7 | 6 | 1 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 |
| 4 | 9 | 3 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 6 |
| 6 | 7 | 5 | 1 | 8 | 4 | 3 | 2 | 9 |
| 2 | 8 | 1 | 6 | 3 | 9 | 4 | 5 | 7 |
| 7 | 4 | 6 | 2 | 1 | 8 | 5 | 9 | 3 |
| 8 | 5 | 2 | 9 | 6 | 3 | 7 | 4 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 8 | 2 |

# सारी रात तलाश करो

चुनांचे अबू हुरैरह रजियल्लाहु तआला अन्हु की एक रिवायत में है कि हुजूर सल्ल. की मज्लिस में एक मर्तबा शबे कद्र का जिक्र आया तो आपने फरमाया कि आज कौन सी तारीख है? अर्ज किया गया कि 22 है। हुजूर सल्ल. ने फरमाया कि आज ही की रात में तलाश करो। अबू जर रजियल्लाहु तआला अन्हु कहते हैं कि मैंने हुजूर सल्ल. से अर्ज किया कि शबे कद्र नबी के जमाने के साथ खास रहती है या बाद में भी होती है? हुजूर सल्ल. ने फरमाया कि कयामत तक रहेगी। अर्ज किया कि रमजान के किस हिस्से में होती है? आपने फरमाया कि अशरा-ए-अव्वल और अशरा-ए-आखिर में तलाश करो। फिर हुजूर सल्ल. और बातों में मश्गूल हो गए। मैंने मौका पाकर अर्ज किया, अजी यह तो बता ही दीजिए कि अश्रे के कौन से हिस्से में होती है? हुजूर सल्ल. इतने नाराज हुए कि न इससे कब्ल मुझ पर इतना खफा हुए थे, न बाद में और फरमाया कि अगर अल्लाह तआला शानुहू का यह मक्सूद होता तो बता न देते, आखिर की सारी रात में तलाश करो। बस इसके बाद और कुछ न पूछियो। एक सहाबी रजि. को हुजूर सल्ल. ने 23वीं शब मुतअय्यन तौर पर इर्शाद फरमाई। इब्ने अब्बास रजि. कहते हैं कि मैं सो रहा था। मुझे ख्वाब में किसी ने कहा कि उठ, आज शबे कद्र है। मैं जल्दी से उठकर पैगंबर साहब की खिदमत में गया, तो आपकी नमाज की नीयत बंध रही थी और यह रात 23 शब थी। बाज रिवायात में मुतअय्यन तौर से 24 शब का होना भी मालूम होता है। हजरत अब्दुल्लाह बिन मस्ऊद रजि. का इर्शाद है कि जो शख्स तमाम साल रात को जागे, वह शबे कद्र को पा सकता है (यानी शबे कद्र तमाम साल में दायर रहती है।) किसी ने इब्ने कअ्ब रजि. से इसको नकल किया, तो वह फरमाने लगे कि इब्ने मस्ऊद रजि. की गरज यह है कि लोग एक रात पर किनाअत करके न बैठ जाएं, फिर कसम खाकर यह बताया कि वह 27 रमजान को होती है और इसी तरह बहुत से सहाबा रजि. और तबाइन रहम. की राय है कि वह 27 शब में होती है। उबई बिन कअ्ब रजि. की तहकीक यही है, वरना इब्ने मस्ऊद रजि. की तहकीक वही है कि जो शख्स तमाम साल जागे, वह इसको मालूम कर सकता है और दुर्रे मंसूर की एक रिवायात में मालूम होता है कि वह पैगंबर साहब से यही नकल करते हैं।

**फजाइले अमाल**



(क्रमशः)

## सत्यार्थ प्रकाश



**आर्य समाज का महान ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश जिसके रचयिता स्वामी दयानंद सरस्वती जी हैं, में जीवन को सही दिशा में ले जाने के सूत्र हैं और अगर इंसान इसे पढ़े और इसकी शिक्षाओं पर चले तो मानव का कल्याण तो होगा ही बल्कि समाज में भी कुरीतियां दूर होंगी और नैतिक संस्कारों का उजाला होगा। पाठकों की भारी मांग पर इसे प्रस्तुत किया जा रहा है।**

# जब जल क्रम से सृष्टि होती है

इसमें सब सच्चे, कोई झूठा नहीं। झूठा वह है जो विपरीत समझता है, क्योंकि परमेश्वर निमित्त और प्रकृति जगत का उपादान कारण है। जब महाप्रलय होता है उसके पश्चात आकाश आदि क्रम अर्थात जब आकाश और वायु का प्रलय नहीं होता और अग्न्यादि का होता है, तब अग्न्यादि क्रम से और जब विद्युत अग्नि का भी नाश नहीं होता तब जल क्रम से सृष्टि होती है अर्थात जिस-जिस प्रलय में जहां-जहां तक प्रलय होता है, वहां-वहां से सृष्टि की उत्पत्ति होती है। पुरुष और हिरणयगर्भादि सब नाम परमेश्वर के हैं। परंतु विरोध उसको कहते हैं कि एक कार्य में एक ही विषय पर विरुद्ध वाद हो। छह शास्त्रों में अविरोध देखो इस प्रकार है। मीमांसा में-'ऐसा कोई भी कार्य जगत में नहीं होता कि जिसके बनाने में कर्म चेष्टा न की जाए।' वैशेषिक में-'समय न लगे बिना बने ही नहीं।' न्याय में 'उपादान कारण न होने से कुछ भी नहीं बन सकता,' योग में 'विद्या, ज्ञान, विचार न किया जाए तो नहीं बन सकता,' सांख्य में 'तत्वों का मेल न होने से नहीं बन सकता' और वेदांत में 'बनाने वाला न बनाए तो कोई भी पदार्थ उत्पन्न न हो सके,' इसलिए सृष्टि छह कारणों से बनती है। उन छहों कारणों की व्याख्या एक-एक की एक-एक शास्त्र में है। इसलिए उनमें विरोध कुछ भी नहीं। जैसे छह पुरुष मिलकर एक छप्पर उठाकर भित्तियों पर रखें वैसा ही सृष्टि रूप कार्य की व्याख्या छह शास्त्रकारों ने मिलकर पूरी की है। जैसे पांच अंधे और एक मंददृष्टि को किसी ने हाथी का एक-एक देश बताया। उनसे पूछा कि हाथी कैसा है? उनमें से एक ने कहा खंभे, दूसरे ने कहा सूप, तीसरे ने कहा मूसल, चौथे ने झाड़ू, पांचवें ने कहा चौतरा और छठे ने कहा काला-काला चार खंभों के ऊपर कुछ भैंसासा आकार वाला है। इस प्रकार आज कल के अनार्ष, नवीन ग्रंथों के पढ़ने और प्राकृत भाषा वालों ने ऋषिप्रणीत ग्रंथ न पढ़कर नवीन क्षुद्रबुद्धि कल्पित संस्कृत और भाषाओं के ग्रंथ पढ़कर दक-दूसरे की निंदा में तत्पर होकर झूठा झगड़ा मचाया है। इनका कथन बुद्धिमानों के व अन्य के मानने योग्य नहीं।

(क्रमशः)

# क्रूरता का प्रतीक है मांसाहार

मांसाहार- मांसाहार क्रूरता का प्रतीक है। मनुष्य जिन पशुओं को छूना भी पसंद नहीं करता है उन्हीं के मांस को वह अपने मुख में धारण करता है और उसे उदरस्थ बना लेता है। कितना घृणास्पद है यह। यह कैसी क्रूरता है यह। मांसाहारी व्यक्ति का पेट कब्र बन जाता है। उसके विचार पाशविक बन जाते हैं। क्योंकि मांस का आहार करता हुआ व्यक्ति केवल मरे हुए पशु को ही नहीं खाता है, अपितु उस पशु के संस्कारों को भी उदरस्थ बना लेता है। मांसाहार क्रूरता और कलुषता का जीवंत प्रमाण है। इसलिए वह महान पाप है और त्याज्य है।



मुनि मणिभद्र

**द्यूतक्रीड़ाः** अर्थात जुआ, सट्टा आदि खेलना। द्यूत मनुष्य के भीतर रहे हुए तीव्रतम लालच का प्रगटीकरण है। जुआ खेलने वाला मनुष्य शीघ्र ही बहुत धन अर्जित कर लेना चाहता है। परंतु आज तक कोई भी जुआरी धनपति नहीं देखा गया है। हां, धनी से धनी व्यक्ति जुए के कारण दरिद्र होते देखे गए हैं। इतिहास साक्षी है कि कितने ही ऐसे व्यक्ति जो जुए की बिसात पर बैठने से पूर्व महान सम्राट थे पर जब वे बिसात से उठे तो न उनके पैर में जूता था और न तन पर वस्त्र। बुधजन सतसई में कहा गया है-

**धन नासै नासे धरम, ज्वारी धरै कुध्यान।**
**धकाधूम धरबौ करे, धिग धिग कहे जहान।।**

जुआ एक ऐसा कुव्सयन है जो व्यक्ति के इहलोक और परलोक को बिगाड़ देता है इसलिए जुआ त्याज्य है।

**चौर्यकर्म**- किसी के धन, वस्तुओं और अधिकारों को चुरा लेना चोरी है। द्यूत की भांति चोरी भी व्यक्ति के तीव्रतम लोभ का प्रतीक है। रात्रि के अंधकार में सेंध लगाकर चोरी करना तो प्रत्यक्षतः चोरी है ही, ऐसे अनेक कार्य भी चोरी की श्रेणी में आते हैं जो साहूकारों द्वारा दिन के उजाले में किए जाते हैं। ग्राहक को असली वस्तु दिखाकर नकली वस्तु दे देना, मापतौल में धोखा करना, मिलावट करना, कालाबाजारी करना और जमाखोरी करना आदि भी चौर्यकर्म है।

**शिकार खेलना**- मूक और निरपराध पशु-पक्षियों को मनबहलाव और उदरपोषण के लिए मार देना शिकार है। समस्त प्राणियों को अपने प्राण वैसे ही प्यारे हैं जैसे मनुष्य को अपने प्राण प्यारे हैं। मृत्यु और पीड़ा जैसे मनुष्य को अप्रिय है ऐसे ही समस्त प्राणियों को मृत्यु और पीड़ा अप्रिय है। फिर मनोरंजन के लिए अथवा उदर-पूर्ति के लिए किसी को मार देना कैसी इंसानियत। यह तो हिंस्त्र-पशुओं की वृत्ति है।

(क्रमशः)

**कम सुनने वालों के लिए होम्योपैथिक दवा और प्रेशर पाइंट थेरेपी**

दिल्ली। कम सुनने वाले रोगियों के लिए प्रेशर पाइंट थैरेपी और होम्योपैथिक औषधि विशेषज्ञ डॉ. नाना होन भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ प्रतिभा पाटिल से सम्मानित दिनांक 18 सितम्बर 2024, दिन बुधवार को रोगियों का उपचार करने के लिए दिल्ली में उपलब्ध रहेंगे। ... बहरेपन की जांच की फीस 500 एवं ट्रीटमेंट की फीस 3500 निर्धारित की गई है। डॉ. नाना होन होटल सेवन सीज, मेन रोड, आदर्श नगर मेट्रो स्टेशन के पास, आदर्श नगर, दिल्ली में 18/09/2024 को सुबह 8.30 बजे से दोप. 03.00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। फोन पर अपॉइंटमेंट लेकर ही आयें।





Website : www.drhonnonappt.com

पंजीयन के लिए मोबाइल नम्बर 86683-02754 पर कॉल करें।

पता : होटल सेवन सीज, मेन रोड, आदर्श नगर मेट्रो स्टेशन के पास, आदर्श नगर, दिल्ली।

उपलब्ध : 18 सितम्बर 2024 , दिन : बुधवार, सुबह 8:30 बजे से दोप. 3.00 बजे तक।

**जीवन में अगर कुछ करना चाहो तो सब सहज वरना कठिन कहकर जीवन बिताते चलो।**

Price Rs. 4.50 (वार्षिक शुल्क 1980 रुपए डाक द्वारा) PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom
R.N.I. No. 404 74/83, Postal Regn.No. DL(N)/0169/2018-20, Posted at Delhi RMS Delhi-6
पंजाब केसरी DELHI

ग्लोबल Window

# हमारा धैर्य खत्म हो रहा

## पश्चिमी देशों की दखलंदाजी से बुरी तरह भड़के रूस ने दी चेतावनी, कहा-परमाणु संघर्ष किसी के हित में नहीं



**मास्को, (आईएएनएस) :** रूसी सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव ने कहा कि पश्चिमी देशों की दखल अंदाजी से रूस का धैर्य खत्म हो रहा है। मेदवेदेव ने टेलीग्राम चैनल के जरिए चेतावनी भरे अंदाज में ये बात कही। मेदवेदेव ने कहा कि परमाणु संघर्ष किसी के हित में नहीं है। रूस ने खासतौर पर रूसी क्षेत्र में बहुत अंदर तक सटीक हमले करने के मामले में अब तक पश्चिमी देशों की दखल अंदाजी के जवाब में अपनी परमाणु क्षमताओं का इस्तेमाल करने में संयम बरता है। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि 'सबसे बड़े धैर्य की भी अपनी सीमाएं' होती हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, यह चेतावनी यूक्रेनी सेना को सामरिक मिसाइल प्रणाली प्रदान करने के संबंध में अमेरिका द्वारा की गई चर्चा के बाद आई है। रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने दावा किया कि पश्चिमी नेताओं ने पहले ही निर्णय ले लिया है कि यूक्रेन को लंबी दूरी की मिसाइलों के इस्तेमाल की अनुमति दी जाए- उन्होंने कीव को भी इसकी जानकारी दे दी है, जिसके बाद मॉस्को को अपनी तरह से जवाब देने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए के अनुसार रयाबकोव ने कहा, निर्णय हो चुका है, पूर्ण स्वतंत्रता और सभी रियायतें (कीव को) दे दी गई है, इसलिए हम हर चीज के लिए तैयार हैं।

### हथियारों के इस्तेमाल पर लगे प्रतिबंध हटे

इस बीच प्राग में नाटो की सैन्य समिति के अध्यक्ष रॉब बाउर ने कहा कि यूक्रेन को जो हथियार सहयोगियों से मिले हैं, उनके इस्तेमाल पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाना चाहिए। प्राग में नाटो सैन्य समिति की बैठक के बाद बाउर ने कहा कि यूक्रेन को मिले हथियारों के इस्तेमाल पर से प्रतिबंध हटाना चाहिए। ऐसा करना सैन्य नजरिए से तर्कसंगत होगा। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर राजनीतिक चर्चा हो रही है। चेक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, यूक्रेन को मिले हथियारों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध को लेकर विभिन्न स्तरों पर बहस चल रही है।

# मां बनने के बाद दीपिका ने दिया लाइफ अपडेट



**मुंबई,** (आईएएनएस): बॉलीवुड स्टार दीपिका पादुकोण अपनी बेटी को जन्म देने के बाद से ही सुर्खियों में हैं और उन्हें ढेरों शुभकामनाएं मिल रही हैं। इसी बीच उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपना बायो बदल दिया है। उन्होंने अपने बायो में लिखा है कि अब जिंदगी 'फीडिंग, डकार और सोने' तक ही सीमित है। इंस्टाग्राम पर दीपिका ने अपना बायो "फॉलो योर ब्लिस" से बदलकर "फीड, बर्प, स्लीप, रिपीट" कर लिया। बता दें कि 8 सितंबर को स्टार जोड़ी दीपिका और रणवीर सिंह ने आधिकारिक तौर पर अपने घर पहली खुशी, एक बच्ची के आगमन की घोषणा की थी। उन्होंने पोस्ट में लिखा था, '8.9.2024 को बेबी गर्ल का स्वागत... दीपिका और रणवीर।'

### बंगलादेश को 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर देगा अमेरिका

**ढाका,** (भाषा): बंगलादेश को विकास संबंधी परियोजनाओं, युवाओं को सशक्त बनाने, लोकतंत्र को मजबूत करने, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने और देश में लोगों के लिए व्यापार एवं आर्थिक अवसरों को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका करीब 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सहायता मुहैया करेगा। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। बंगलादेश के वित्त मंत्रालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, आर्थिक संबंध प्रभाग के अतिरिक्त सचिव एकेएम शहाबुद्दीन और यूएसएआईडी (यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट) के मिशन निदेशक रीड जे. एस्क्लिमन ने अपने-अपने देश की सरकारों की ओर से ढाका में 'द डेवलपमेंट ऑब्जेक्टिव ग्रांट एग्रीमेंट (डीओएजी)' के छठे संशोधन पर हस्ताक्षर किए।

# एफबीआई ने मेरी निजता भंग की : मेलानिया ट्रंप



**वाशिंगटन, (वार्ता):** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर जारी सरगर्मियों के बीच डोनाल्ड ट्रंप की पत्नी मेलानिया ट्रंप ने खुफिया एजेंसी एफबीआई पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि एजेंसी ने उनके पति के खिलाफ अपनी जांच के तहत अगस्त 2022 में मार-ए-लागो में उनकी संपत्ति की तलाशी लेकर उनकी निजता का हनन किया था।मेलानिया ने 'एक्स' पर एक वीडियो में कहा, 'मैंने कभी नहीं सोचा था कि अमेरिकी सरकार मेरी निजता का हनन करेगी। एफबीआई ने फ्लोरिडा में मेरे घर पर छापा मारा और मेरे निजी सामान की तलाशी ली। यह सिर्फ मेरी कहानी नहीं है, यह सभी अमेरिकियों के लिए एक चेतावनी है, याद रखने की बात है कि हमारी स्वतंत्रता और अधिकारों का सम्मान किया जाना चाहिए।' उनके संक्षिप्त भाषण के बाद वीडियो में उनके संस्मरण 'मेलानिया' के कवर के साथ एक टाइटल कार्ड दिखाया गया है, जिसके इस वर्ष शरद ऋतु में प्रकाशित होने की उम्मीद है। इससे पहले, मेलानिया ने एक आत्मकथात्मक पुस्तक के दो संस्करणों में विमोचन की घोषणा की थी।गौरतलब है कि एफबीआई ने पूर्व राष्ट्रपति द्वारा बड़ी संख्या में वर्गीकृत दस्तावेज रखने और छिपाने के मामले में अगस्त 2022 में उनकी संपत्ति की तलाशी ली थी। कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने आधिकारिक सामग्रियों के अवैध उपयोग, चोरी और विनाश के मामले के तहत फ्लोरिडा में उनके मार-ए-लागो एस्टेट में तलाशी ली थी। उन्होंने तलाशी के दौरान हजारों गोपनीय दस्तावेज जब्त किए थे, जिनमें उच्चतम गोपनीयता वाले दस्तावेज भी शामिल थे।हालांकि डोनाल्ड ट्रंप जांच प्रक्रियाओं से सहमत नहीं थे और उन्होंने न्याय विभाग की कार्रवाइयों की आलोचना करते हुए दावा किया था कि वे राजनीति से प्रेरित थे।

- मार-ए-लागो में तलाशी के दौरान मेरे निजी सामान की तलाशी ली थी

# वेनेजुएला में राष्ट्रपति की हत्या की साजिश में 6 गिरफ्तार



**बोगोटा, (एपी) :** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की कथित तौर पर हत्या करने के लिए देश में दाखिल हुए छह विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। देश के आंतरिक मामलों के मंत्री डियोसडाडो कैबेलो ने सरकारी टेलीविजन पर यह जानकारी दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विदेशी नागरिक वेनेजुएला की सरकार को उखाड़ फेंकने और कई मंत्रियों की हत्या करने की सीआईए नीत साजिश का हिस्सा थे।

अपने संबोधन में कैबेलो ने कुछ राइफल की तस्वीरें दिखाईं और कहा कि ये हथियार साजिशकर्ताओं के पास से बरामद किए गए हैं। आरोप है कि अमेरिका के तीन, स्पेन के दो और चेक गणराज्य का एक नागरिक मादुरो की हत्या करने के लिए इस दक्षिण अमेरिकी देश में आए थे। गिरफ्तार किए गए अमेरिकी नागरिकों में नौसेना का एक सदस्य भी शामिल है, जिसकी पहचान कैबेलो ने विल्बर्ट जोसेफ कास्टानेडा गोमेज के रूप में की। कैबेलो ने कहा कि गोमेज नौसेना सील कमांडो का हिस्सा था और उसने अफगानिस्तान, इराक तथा कोलंबिया में सेवाएं दी थीं। वेनेजुएला में स्पेन के दूतावास ने अपने नागरिकों की गिरफ्तारियों पर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने शनिवार देर रात एक अमेरिकी सैनिक को हिरासत में लिए जाने की पुष्टि की।

- अमेरिकी नेवी कमांडो शामिल, सरकार का आरोप- सीआईए ने रची साजिश

# इंग्लिश चैनल पार करते समय फिर हादसा, 8 की मौत



**पेरिस,** (एपी): उत्तरी फ्रांस से 'इंग्लिश चैनल' पार करने की कोशिश करते समय कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई। फ्रांसीसी समुद्री अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। यह घटना उस समय हुई, जब अधिकारियों ने उत्तरी शहर एम्बलेट्यूस में एक समुद्र तट के पास एक नौका को संकट में देखा, जिसमें दर्जनों लोग सवार थे। 'चैनल' और उत्तरी सागर के प्रभारी फ्रांसीसी समुद्री अधिकारियों की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि एक फ्रांसीसी बचाव पोत को क्षेत्र में तैनात किया गया और बचाव सेवाओं ने समुद्र तट पर 53 प्रवासियों को चिकित्सा सहायता प्रदान की। बयान में कहा गया, 'तत्काल मदद मुहैया कराए जाने के बावजूद आठ लोगों की मौत हो गई।' इसमें कहा गया कि समुद्र में तलाश अभियान के दौरान कोई व्यक्ति नहीं मिला।

# मस्क का स्पेस मिशन कामयाब 4 एस्ट्रोनॉट धरती पर लौटे



**केप केनवरल, (एपी):** अरबपति प्रौद्योगिकी उद्यमी जेरेड आइजैकमैन अपने साथियों के साथ पांच दिन की अंतरिक्ष की सैर करके रविवार को धरती पर लौट आए। 'स्पेसएक्स' का 'ड्रैगन' नामक एक यान आइजैकमैन, स्पेसएक्स के दो इंजीनियरों और वायुसेना के पूर्व पायलट को लेकर रविवार तड़के फ्लोरिडा के ड्राई टॉर्टुगस द्वीप के निकट मैक्सिको की खाड़ी में उतरा। उन्होंने पृथ्वी से लगभग 460 मील (740 किलोमीटर) ऊपर, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन और हबल स्पेस टेलीस्कोप से भी अधिक ऊंचाई पर पहली निजी यात्रा की। मंगलवार को उड़ान भरने के बाद उनका अंतरिक्ष यान 875 मील (1,408 किलोमीटर) की ऊंचाई पर पहुंच गया था। आइजकमैन अंतरिक्ष की सैर करने वाले 264वें व्यक्ति बन गए हैं। 1965 में पूर्व सोवियत संघ ने अंतरिक्ष सैर की शुरुआत की थी। 'स्पेसएक्स' की साराह गिलिस अंतरिक्ष की सैर करने वाली 265वीं व्यक्ति बनी हैं। अब तक अंतरिक्ष की सैर करने वाले सभी व्यक्ति पेशेवर अंतरिक्ष यात्री थे।

# पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर फिर चली गोली



**वाशिंगटन,** (एपी) फ्लोरिडा में रविवार दोपहर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नजदीक गोलियां चलने की खबर है, हालांकि वह पूरी तरह सुरक्षित हैं। ट्रंप की प्रचार टीम ने यह जानकारी दी। प्रचार टीम ने इस मामले में तत्काल अतिरिक्त जानकारी नहीं दी है। सीक्रेट सर्विस ने कहा कि ट्रंप सुरक्षित हैं तथा जांच की जा रही है अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप पर करीब दो माह पहले पेंसिल्वेनिया में एक रैली के दौरान गोली चलाई गई थी। प्रचार के संचार निदेशक स्टीवन चेउंग ने कहा कि ट्रंप सुरक्षित हैं।

# भारत की शिक्षा प्रणाली को अपनाइए



**इस्लामाबाद, (भाषा) :** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने पाकिस्तान को खराब शिक्षा प्रणाली को सुधारने और अपने नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए भारत की योजना 'उल्लास' को अपनाने की सलाह दी है।

समाज में सभी के लिए आजीवन शिक्षा की समझ (उल्लास) को भारत सरकार द्वारा पिछले वर्ष जुलाई में निरक्षरों और औपचारिक स्कूली शिक्षा से वंचित वयस्कों की सहायता के लिए शुरू किया गया था। समाचार पत्र 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार, मनीला आधारित एडीबी ने यह टिप्पणी पाकिस्तान द्वारा अपनी शिक्षा प्रणाली में सुधार लाने तथा स्कूल न जाने वाले सभी बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए वित्तीय सहायता का अनुरोध किए जाने के जवाब में की है। एडीबी ने सिफारिश की है कि सरकार एक रणनीतिक और बहु-हितधारक दृष्टिकोण अपनाए तथा भारत सरकार की नई केन्द्र प्रायोजित 'उल्लास' जैसी योजनाओं को लागू करे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'सभी के लिए शिक्षा' के सभी पहलुओं को शामिल करते हुए पांच वर्ष की अवधि के लिए नई केन्द्र प्रायोजित योजना 'उल्लास' को मंजूरी दी थी। भारतीय 'उल्लास' योजना का लक्ष्य न केवल बुनियादी साक्षरता उपलब्ध कराना है, बल्कि इसमें 21वीं सदी के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण जीवन कौशल भी शामिल हैं। इन कौशलों में वित्तीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, वाणिज्यिक कौशल, स्वास्थ्य सेवा जागरूकता, बाल देखभाल और शिक्षा तथा परिवार कल्याण शामिल हैं। पाकिस्तान के योजना आयोग की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देश की शिक्षा प्रणाली ठीक नहीं है। इस्लामाबाद को छोड़कर, सभी 134 जिले शिक्षण परिणामों से लेकर सार्वजनिक वित्तपोषण तक के संकेतकों में पिछड़ रहे हैं।

- एडीबी ने शिक्षा में सुधार के लिए पाकिस्तान को दी नसीहत
- पीएम मोदी के नए एजुकेशन मॉडल की एशिया तक चर्चा

# चक्रवात 'बेबिन्का' : शंघाई ने सैकड़ों उड़ानें रद्द कीं

**बैंकॉक,** (एपी): चक्रवात 'बेबिन्का' के प्रभाव से निपटने की तैयारियों में जुटे शंघाई प्रशासन ने रविवार को विभिन्न हवाई अड्डों से प्रस्तावित सैकड़ों उड़ानें रद्द कर दीं। 'बेबिन्का' के सोमवार तड़के शंघाई तट से टकराने का अनुमान है। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने एक बयान में बताया कि स्थानीय समयानुसार रात आठ बजे के बाद शंघाई के होंगकिआओ और पुडोंग हवाई अड्डों से प्रस्तावित सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। इस फैसले से 600 से अधिक उड़ानें प्रभावित होंगी। शंघाई प्रशासन ने कुछ पुलों और राजमार्गों पर यातायात आवाजाही पर भी प्रतिबंध लगा दिया है।

चक्रवात 'बेबिन्का' शंघाई तट से कुछ सौ किलोमीटर दूर है। चीन मौसम विज्ञान प्रशासन के मुताबिक, चक्रवात के प्रभाव से क्षेत्र में चलने वाली हवाओं के रविवार रात तक 151 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ने की संभावना है।

## हैती में फ्यूल टैंकर में विस्फोट, 16 मरे

**मेक्सिको सिटी,** (आईएएनएस): हैती में ईंधन (फ्यूल) टैंकर में विस्फोट होने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और 40 अन्य घायल बताए जा रहे हैं। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, विस्फोट शनिवार को उस समय हुआ, जब लोग निप्पेस विभाग के कैल्बसियर क्षेत्र में एक दुर्घटना के बाद टैंकर से अवैध रूप से ईंधन इकट्ठा करने का प्रयास कर रहे थे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने बताया कि कई घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। हैती के प्रधानमंत्री गैरी कोनिले ने सोशल मीडिया पर कहा कि नागरिक सुरक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य टीमें पीड़ितों की सहायता कर रही हैं।

स्पोर्ट्स राउंडअप

"हरियाणा, कर्नाटक और पंजाब ने 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के छठे दिन जीत दर्ज की। आंध्र प्रदेश और दिल्ली ने 5-5 से ड्रॉ खेला। दिन के पहले मैच में हरियाणा ने राजस्थान को 6-1 से हराया जबकि कर्नाटक ने भी केरल को इसी स्कोर से शिकस्त दी।"

# बांग्लादेश की टीम चेन्नई पहुंची



**चेन्नई,** (पंजाब केसरी) : पाकिस्तान में टेस्ट श्रृंखला में 2-0 की सफलता के बाद आत्मविश्वास से भरी बांग्लादेश की टीम दो टेस्ट मैचों और तीन टी20 मैचों के लिए रविवार को भारत पहुंची, जहां कप्तान नजमुल हसन शंटो ने आने वाले सप्ताह में टीम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जतायी। बांग्लादेश की टीम 19 सितंबर से शुरू होने वाले शुरुआती टेस्ट के लिए रविवार दोपहर को चेन्नई पहुंची। ढाका से चेन्नई के लिए उड़ान भरने से पहले शंटो ने हवाई अड्डे पर पत्रकारों से कहा "यह निश्चित रूप से हमारे लिए एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण श्रृंखला होगी। उन्होंने कहा कि एक अच्छी श्रृंखला (बनाम पाकिस्तान) के बाद निश्चित रूप से टीम और देश के लोगों का आत्मविश्वास बढ़ा है। प्रत्येक श्रृंखला एक अवसर है। हम दोनों मैच जीतने के लिए खेलेंगे।" भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में शीर्ष पर है लेकिन बांग्लादेश के कप्तान का मानना है कि मैच का प्रदर्शन रैंकिंग पर निर्भर नहीं होता और यह सब इस बात पर निर्भर करेगा कि उनकी टीम उन पांच दिनों के दौरान कैसा प्रदर्शन करती है। शंटो ने कहा कि रैंकिंग में उनकी टीम हमसे काफी आगे है लेकिन हमने हाल ही में अच्छा प्रदर्शन किया है। हमारी श्रृंखला अच्छी रही है। हमारा लक्ष्य पांच दिनों तक अच्छा खेलना होगा। बांग्लादेश की टीम को इस दौरे के लिए पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराई जा रही है। बांग्लादेश टीम के लिए अंतरराष्ट्रीय टीमों के लिए होने वाला सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू था। टीम की बस के साथ होटल तक दो पुलिस वैन मौजूद थी। होटल पहुंचने पर खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

- भारत के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन का भरोसा : पाकिस्तान को हराने के बाद हौसले बुलंद : तेज गेंदबाज नाहिद राणा पर रहेगी सबकी निगाहें

# फिनलैंड को हराकर अर्जेन्टीना डेविस कप फाइनल में

**मैनचेस्टर,** (एपी) : अर्जेन्टीना ने शनिवार को यहां फिनलैंड को 3-0 से हराकर आठ टीम के डेविस कप फाइनल टेनिस टूर्नामेंट में जगह बनाई। अर्जेन्टीना ने पांच साल में पहली बार नवंबर में स्पेन के मलागा में होने वाली प्रतियोगिता में प्रवेश किया। मैनचेस्टर में ग्रुप डी में अर्जेन्टीना ने अपने अभियान की शुरुआत 2022 के चैंपियन कनाडा के खिलाफ शिकस्त के साथ की थी। टीम ने शुक्रवार को मेजबान ग्रेट ब्रिटेन को हराया और फिर फिनलैंड को शिकस्त दी। टॉमस मार्टिन एचेवेरी ने पुरुष एकल में दुनिया के 703वें नंबर के खिलाड़ी ईरो वासा को 7-6 6-3 से हराकर अर्जेन्टीना को विजयी शुरुआत दिलाई। फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने इसके बाद ओटो विरटेनन को 6-7 6-1 6-0 से हराया। पुरुष युगल में मैक्सिमो गोंजालेज और एंड्रेस मोल्टेनी ने पैट्रिक काउकोवल्टा और हैरी हेलियोवारा को 6-7 6-4 6-3 से हराकर अर्जेन्टीना की 3-0 से जीत सुनिश्चित की। ब्रिटेन को अब अगर डेविस कप फाइनल में जगह बनानी है तो रविवार को हर हाल में कनाडा को 3-0 से हराना होगा। बोलोगना में ग्रुप ए में ब्राजील ने इटली और नीदरलैंड से हारने के बाद बेल्जियम को 2-1 से हराया। ब्राजील के पास अब भी फाइनल में जगह बनाने का मौका है, बशर्ते अब तक अजेय गत चैंपियन इटली नीदरलैंड को 3-0 से हरा दे। झुहाई में अमेरिका ने जर्मनी को 2-1 से हराकर ग्रुप सी में शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई।

# चोटिल हाथ के बावजूद फाइनल में खेला : चोपड़ा



**ब्रसेल्स,** (भाषा) : दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने रविवार को खुलासा किया कि उन्होंने बाएं हाथ में फ्रैक्चर के बावजूद डायमंड लीग सत्र के फाइनल में हिस्सा लिया। वह दाएं हाथ से भाला फेंकते हैं और यह फ्रैक्चर ट्रेनिंग के दौरान हुआ था। चोपड़ा शनिवार को डायमंड लीग का खिताब जीतने के बेहद करीब पहुंच गए थे लेकिन एक सेंटीमीटर से चूक गए और लगातार दूसरे साल 87.86 मीटर के थ्रो से दूसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा (26 वर्ष) ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कहा कि सोमवार को अभ्यास के दौरान मैं चोटिल हो गया था और 'एक्स-रे' से पता चला कि मेरे बाएं हाथ की (चौथी मेटाकार्पल) हड्डी में फ्रैक्चर है।

# भारत ए की 186 रन से जीत

**अनंतपुर,** (भाषा): रिकी भुई के शतक ने भारत ए के जीत के इंतजार को बढ़ाया लेकिन शम्स मुलानी और तनुष कोटियान की फिरकी के जादू से टीम रविवार को यहां दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत डी को 186 रन से हराने में सफल रही। कल के 44 रन से आगे खेलते हुए भुई ने 195 गेंद में 14 चौकों और तीन छक्कों से 113 रन की पारी खेली लेकिन इसके बावजूद 488 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत डी की टीम 301 रन पर सिमट गई। इस जीत से भारत ए को छह अंक मिले जिससे टीम खिताब की दौड़ में बनी हुई है। टीम को हालांकि 19 सितंबर से यहां होने वाले अगले मैच में अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे भारत सी (नौ अंक) के खिलाफ अनुकूल नतीजे की जरूरत होगी। लगातार दो हार के साथ खिताब की दौड़ से बाहर हुए भारत डी को अगले मैच में दूसरे स्थान पर मौजूद भारत बी से भिड़ना है जिसके सात अंक हैं। भारत डी के बल्लेबाजों को कोटियान (73 रन पर चार विकेट) और मुलानी (117 रन पर तीन विकेट) ने काफी परेशान किया। भुई के अलावा कोई भी बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पाया। भुई ने यश दुबे (37) के साथ दूसरे विकेट के लिए 100 रन जोड़े। दुबे के रन आउट होने से यह साझेदारी टूटी। अगले ओवर में मुलानी ने देवदत्त पडिक्कल को पगबाधा करके भारत डी का स्कोर तीन विकेट पर 105 रन किया।

### भुई के शतक के बावजूद हारी भारत डी की टीम

दिलीप ट्रॉफी

### अंशुल कम्बोज के आठ विकेट, भारत सी टॉप पर

**अनंतपुर,** (पंजाब केसरी) : तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज के आठ विकेट की मदद से भारत सी रविवार को यहां दलीप ट्रॉफी मैच के चौथे और आखिरी दिन भारत बी के खिलाफ पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल कर तालिका में शीर्ष पायदान पर पहुंच गया। भारत बी ने चौथे दिन सात विकेट पर 309 रन से आगे खेलना शुरू किया लेकिन टीम 108 ओवर में 332 रन पर आउट हो गई। मैच के तीसरे तीन पांच विकेट चटकाने वाले कांबोज ने आखिरी तीनों विकेट लेकर प्रथम श्रेणी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भारत बी के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन 286 गेंदों पर 157 रन बनाकर नाबाद रहे। पहली पारी में 525 रन बनाने वाली भारत सी ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 128 रन बनाए। इसी समय दोनों टीमों ने मैच को ड्रॉ समाप्त करने पर सहमति जता दी।

### भारत बी 332 रन पर सिमटा, अभिमन्यु 157 रन पर नाबाद रहे

# गिल को टी20 में मिलेगा आराम



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : भारतीय उपकप्तान शुभमन गिल उन प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की कार्यभार प्रबंधन नीति के तहत बांग्लादेश के खिलाफ सात अक्टूबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए आराम दिया जाएगा। टेस्ट मैचों में भारत के लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले गिल, रोहित शर्मा, विराट कोहली और यशस्वी जायसवाल के साथ टीम के शीर्ष क्रम में अहम खिलाड़ी हैं और उनके इस सत्र में सभी 10 टेस्ट खेलने की उम्मीद है। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज को ध्यान में रखते हुए गिल के अलावा कुछ और महत्वपूर्ण खिलाड़ियों को भी आराम दिया जाएगा। भारत अपने आगामी सत्र की शुरुआत 19 सितंबर से चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के साथ करेगा जिसका दूसरा टेस्ट 27 सितंबर से कानपुर में खेला जाएगा। बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि शुभमन को बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए आराम दिया जाएगा। अगर आप मैचों की सूची देखें तो तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय सात अक्टूबर (ग्वालियर), 10 अक्तूबर (दिल्ली) और 13 अक्तूबर (हैदराबाद) को खेले जाएंगे। अब न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला टेस्ट 16 अक्टूबर से शुरू होगा। उन्होंने कहा कि इसलिए सिर्फ तीन दिन के अंतर के कारण गिल को आराम देना महत्वपूर्ण है। गिल ने अब तक 21 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

- कार्यभार प्रबंधन के तहत बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के मैच नहीं खेलेंगे : न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से पहले आराम देना चाहता है प्रबंधन

### टेस्ट टीम के ज्यादातर खिलाड़ी टी20 सीरीज से बाहर रहेंगे

टेस्ट टीम में शामिल अधिकतर खिलाड़ियों के बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज में खेलने की संभावना नहीं है। रोहित, विराट और रविंद्र जडेजा की तिकड़ी ने सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास ले लिया है जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को भी कार्यभार प्रबंधन की जरूरतों के अनुसार आराम दिया जाएगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि ऋषभ पंत टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलते हैं या नहीं क्योंकि उनका कार्यभार चयनकर्ताओं के लिए सर्वोपरि है और लंबे प्रारूपों में उनकी जरूरत है। अगर पंत को आराम दिया जाता है तो इस साल के नौ महीने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर रहने के बाद एक बार फिर इशान किशन के नाम पर विचार किया जा सकता है।